# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 128

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 19 फरवरी, 2024


## लखनऊ में आज 5 घंटे रहेंगे पीएम मोदी: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में 10 लाख करोड़ से अधिक का होगा निवेश

# यूपी रचेगा विकास और रोजगार का नया कीर्तिमान




- पीएम नरेंद्र मोदी खुद कल करेंगे उद्घाटन
- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ में होंगे अस्थायी हेलीपैड
- लामार्ट विद्यालय में होंगे तीन अस्थायी हैलीपैड
- देश विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए होगा वीआईपी मार्ग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आज (19 फरवरी) को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) खास होगी। इसमें यूपी के साथ ही देश-विदेश के लोग बदलते यूपी की भव्यता को देख सकेंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के मौके पर प्रदेश के बाशिंदे पहली बार जेवर में बनने जा रही यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी का फर्स्ट लुक देख सकेंगे। सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी को लोगों के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए सरकार की ओर से जीबीसी 4.0 आयोजन स्थल पर स्टॉल आवंटित किया गया है। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी और भूटानी ग्रुप स्टॉल पर रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। स्टॉल में प्रोटोटाइप और कर्व स्क्रीन के माध्यम से इंटरनेशनल फिल्म सिटी की खूबियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को फिल्म सिटी के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

### ऊर्जा में प्रस्ताव, बुन्देलखंड में बढ़ेगा दायरा

एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में 27 हजार करोड़ से 4 संयंत्र स्थापित करने वाला है। झांसी और सोनभद्र में 1-1 लगाया जाएगा। सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड बोर्ड से अनुमोदन भी मिल चुका है। ग्रीनको कंपनी 17 हजार करोड़ से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। टस्को लिमिटेड की ओर से 1 हजार मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी। बुंदेलखंड के ललितपुर में 6500 करोड़ से परियोजना को धरातल पर उतारने की तैयारी चल रही है। वहीं, बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड की ओर से भी 6 हजार करोड़ की परियोजना जालौन में तैयार होनी है। प्रयागराज और मीरजापुर में एसीएमई क्लीनटेक साल्यूशंस प्रा. लिमिटेट की ओर से 1250 मेगावाट के 2 ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की स्थापना की जाएगी।

### सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनेगा

- गौतमबुद्ध नगर में करीब 30 हजार करोड़ की लागत से डेटा सेंटर पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार आठ हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही है। कंपनी नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना करेगी।
- इसी कड़ी में एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा में करीब 7500 करोड़ से रियल एस्टेट सेक्टर की परियोजना तैयार होगी। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित भी की जा चुकी है। रेरा से अनुमोदन भी मिल चुका है।
- वहीं, नोएडा में हाइपर रिटेल मार्ट की स्थापना की जा रही है, इस प्रोजेक्ट पर 4300 करोड़ का निवेश अनुमानित है। इसके अलावा टाटा टेक्नोलाजी भी 4,174 करोड़ की लागत से प्रदेश के 150 आईटीआई को अपग्रेड करेगी।



### पश्चिमी यूपी में 52 प्रतिशत निवेश होगा

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रदेश में 10.15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों की आधारशिला रखी जाएगी। स्पष्ट है कि पश्चिमांचल में इसका बड़ा हिस्सा यानी पूरे निवेश का 52 प्रतिशत (करीब सवा पांच लाख करोड़ रुपए) हिस्सा जाएगा।
- वहीं, बुंदलेखंड 50 हजार करोड़ के दायरे तक ही सीमित रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जमीन पर उतरने वाले प्रमुख प्रोजेक्ट में नोएडा डेटा सेंटर पार्क भी शामिल है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में 28,440 करोड़ के निवेश टीएआरक्यू सेमी कंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड कर रहा है। यह कंपनी इंटीग्रेटेड कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स का निर्माण करेगी।
- गौतमबुद्ध नगर में ही सिफी इंफिनिटी स्पेस लिमिटेड द्वारा डाटा सेंटर और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए 19,000 करोड़ की लागत से 2 परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं।

**33.50**
**लाख रोजगार देने का दावा**
योगी सरकार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के बाद 1 साल में लगभग 10 लाख करोड़ के अनुमानित निवेश को धरातल पर उतारने की कोशिश कर रही है। तैयारी है कि 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के जरिए 33.50 लाख रोजगार दिए जाएंगे।

### 4300 जवानों की हुई तैनाती

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर राजधानी पुलिस अलर्ट मोड पर है। पीएम मोदी व अन्य गेस्ट की सुरक्षा को लेकर 4300 जवानों की तैनाती की गई है। अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। इसमें 4 पुलिस अधीक्षक, 12 अपर पुलिस अधीक्षक, 31 पुलिस उपाधीक्षक, 79 निरीक्षक, 416 उपनिरीक्षक, 37 महिला उपनिरीक्षक, 1739 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 318 महिला आरक्षी शामिल हैं। यातायात पुलिस में 16 निरीक्षक, 123 उपनिरीक्षक, 190 मुख्य आरक्षी व 600 आरक्षी की अलग से तैनाती की गई है। वहीं, पुलिस मुख्यालय द्वारा 5 पुलिस अधीक्षक, 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 24 पुलिस उपाधीक्षक, 25 निरीक्षक, 140 उपनिरीक्षक, 15 महिला उपनिरीक्षक, 520 मुख्य आरक्षी/आरक्षी और 50 महिला आरक्षी की तैनाती है। अर्द्धसैनिक बलों की 5 कंपनी को चिन्हित करके महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जा रहा है।

### 4 सेक्टर्स, जिसमें प्रदेश भर में बढ़ेगा दायरा

- **होटल इंडस्ट्री:** करीब 648 प्रस्ताव सामने आए हैं। क्राउन प्लाजा ग्रुप 170 करोड़ से लखनऊ में होटल खोलेगा। इटौंजा के पास बहरौरा गांव में रिजॉर्ट बनाया जा रहा है। देवा रोड पर फिल्म स्टूडियो भी तैयार होगा।
- **ईको टूरिज्म:** छह प्रस्ताव सामने आए हैं। एडवेंचर टूरिज्म के चार प्रस्ताव आए हैं। 18 प्रस्ताव कंवोकेशन सेंटर से जुड़े आए हैं।
- **लघु व मध्यम उद्योग:** करीब 100 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट सामने आए हैं। गजानन एग्रो फूड ने 5 करोड़ के निवेश का प्रोजेक्ट दिया है।
- **रियल एस्टेट सेक्टर:** करीब 20 हजार करोड़ के नई टाउनशिप और ग्रुप हाउसिंग निवेश सामने आए हैं। एलडीए 2500 करोड़ के प्रोजेक्ट हैं।

### धार्मिक स्थलों पर उद्यमियों का निवेश

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पर्यटन विभाग ने 37,500 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 34,200.47 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव तैयार कर लिए। इसमें सबसे ज्यादा निवेश वाराणसी में 6,740 करोड़ है। वाराणसी में कुल 35 प्रोजेक्ट हैं। अयोध्या में 4,812 करोड़ का निवेश है। इसमें कुल 146 प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसमें सर्वाधिक निवेश होटल इंडस्ट्री में आया है। वहीं मथुरा में 3,598 करोड़ के 81 प्रोजेक्ट हैं। जिसमें होटल से लेकर वेलनेस सेंटर, कन्वेंशन सेंटर आदि के प्रोजेक्ट शामिल हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भी पर्यटन क्षेत्र में निवेश की दृष्टि से अयोध्या, काशी और मथुरा शीर्ष पर है। हापुड़ और लखनऊ इस मामले में चौथे और पांचवें स्थान पर है। वर्ष 2023 में अयोध्या में लगभग 5.76 करोड़ और काशी में लगभग 8.55 करोड़ पर्यटक पहुंचे। नतीजतन व्यवसायियों की आमदनी में गुणात्मक रूप से वृद्धि हुई है।

### सेक्टर्स वाइज निवेश के बारे में जानिए...

तैयारियों में जुटे अधिकारी ने बताया कि अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग में, 7.5 प्रतिशत ऊर्जा में, 6.01 प्रतिशत फूड प्रॉसेसिंग में, 5.27 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में, 2.96 प्रतिशत शिक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य सेक्टर में कृषि (0.37 प्रतिशत), पशुपालन (0.25 प्रतिशत), ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक वाहन (0.33 प्रतिशत), जैव ईंधन/बायोमास (0.82 प्रतिशत), डेयरी (1.04 प्रतिशत), डिफेंस एवं एयरोस्पेस (0.55 प्रतिशत), डिस्टलरीज (0.84 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं (0.12 प्रतिशत), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति (1.08 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवाएं (2.73 प्रतिशत), आतिथ्य एवं मनोरंजन (2.78 प्रतिशत), अवस्थापना (0.02 प्रतिशत), टेक्सटाइल एवं हथकरघा (1.28 प्रतिशत), काष्ठ आधारित उद्योग (1.00 प्रतिशत) और अन्य क्षेत्र (0.11 प्रतिशत) शामिल हैं।

### प्रस्तावित फिल्म सिटी की एक शानदार तस्वीर प्रस्तुत की जाएगी

इस दौरान बेव्यू कंपनी के डायरेक्टर और बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर के साथ ही भूटानी ग्रुप के आशीष भूटानी और अली चैटली भी मौजूद रहेंगे। बॉलीवुड के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने इस संबंध में कहा कि हमारा फोकस इंटरनेशनल फिल्म सिटी के साथ ही जीबीसी में बनाए जा रहे स्टॉल को भी परफेक्ट बनाने का है, ताकि एक प्रस्तावित फिल्म सिटी की एक शानदार तस्वीर प्रस्तुत की जा सके।

### फिल्म सिटी की खूबियां दिखाई जाएंगी

जीबीसी के दौरान फिल्म सिटी के लिए जो स्टॉल लगाया जाएगा, उसमें हम एक ग्लोब और कर्व स्क्रीन के माध्यम से फिल्म सिटी की खूबियों को दिखाने का प्रयास रहेगा। इसमें यह दिखाने का प्रयास होगा कि यमुना एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित फिल्म सिटी का ओवरआल लुक कैसा हो सकता है। फिल्म सिटी में हम थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, स्टूडियोज, गोल्फ क्लब, प्रमुख मंदिर समेत कई तरह के परमानेंट सेट लगाने जा रहे हैं, जिसकी रेप्लिका स्टॉल पर भी नजर आएगी।

### स्टॉल भी वास्तविक फिल्म सिटी की तरह वर्ल्ड क्लास का नजर आएगा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की स्टाल के लिए अत्याधुनिक कैमरा सिंगापुर से मंगाया गया है। अगर यह समय पर आ जाता है तो यह स्टॉल और अधिक रियलिस्टिक दिखाई देगा। बोनी कपूर के अनुसार हमारे आर्ट डायरेक्टर ने लखनऊ जाकर स्टॉल के लिए फिल्म सिटी के डिजाइन की पूरी डिटेल साझा कर दी है। हमारे पास समय कम है, लेकिन उम्मीद है कि यह स्टॉल भी वास्तविक फिल्म सिटी की तरह वर्ल्ड क्लास का नजर आएगा।

### प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ स्टेटवाइज प्रमुख लोकेशंस के सेट भी हिस्सा होंगे

अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धामों में शामिल केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ स्टेटवाइज प्रमुख लोकेशंस के सेट भी इसका हिस्सा होंगे। यही नहीं, फिल्म सिटी में लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशंस के भी सेट्स होंगे, जबकि फाइव स्टार होटल, फाउंटेन और अन्य बहुत सारी चीजों का समावेश होगा।

# पार्टी अध्यक्ष पर फैसला ले सकेगा संसदीय बोर्ड, भाजपा ने अपने संविधान में किया बदलाव

- भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के आखिरी दिन संविधान में बदलाव का प्रस्ताव पारित किया गया।
- कम से कम 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भाजपा ने पार्टी संविधान में बदलाव किया गया है। इसके तहत पार्टी का संसदीय बोर्ड आपातकालीन परिस्थितियों में कार्यकाल और उसके विस्तार सहित भाजपा अध्यक्ष से जुड़े फैसले ले सकेगा।

भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के आखिरी दिन संविधान में बदलाव का प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव पार्टी महासचिव सुनील बंसल की ओर से पेश किया गया। पार्टी के मौजूदा संविधान के अनुसार, कम से कम 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। राज्य भाजपा संगठन का चुनाव जिला निकायों आदि के चुनावों पर भी निर्भर है।

सूत्रों ने कहा कि पार्टी जब विधानसभा या लोकसभा चुनावों की तैयारी में व्यस्त रहती है तो आंतरिक चुनावों के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना कठिन होता है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। हालांकि पार्टी ने संशोधन के पीछे विवरण और वजह के बारे में विस्तार से नहीं बताया है। लेकिन, सूत्रों ने कहा कि इसका ताल्लुक उसके अध्यक्षों की भविष्य की नियुक्तियों से हो सकता है।



### ऐसे होता है अध्यक्ष का चुनाव

भाजपा के संविधान की धारा 19 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की पूरी प्रक्रिया बताई गई है। पार्टी अध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय परिषद करती है। हालांकि भाजपा में अभी तक आम सहमति से ही अध्यक्ष बनते आए हैं और चुनाव की नौबत नहीं आई। भाजपा का अध्यक्ष बनने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहे। अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल में राष्ट्रीय परिषद और प्रदेश परिषद शामिल होती हैं। निर्वाचक मंडल के कुल 20 सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष की योग्यता रखने वाले व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। यह संयुक्त प्रस्ताव कम से कम 5 ऐसे प्रदेशों से भी आना जरूरी है, जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों। पार्टी के संविधान की धारा 21 के मुताबिक, कोई भी सदस्य 3-3 वर्ष के लगातार 2 कार्यकाल तक ही अध्यक्ष रह सकता है।

### कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेता अगले कुछ हफ्ते में हो सकते हैं शामिल

पार्टी के कुछ नेताओं ने संकेत दिए कि कांग्रेस समेत विभिन्न दलों के कई नेता अगले कुछ हफ्तों में पार्टी में शामिल हो सकते हैं। पार्टी इन नेताओं को लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने के मकसद से शामिल करेगी। पार्टी के एक नेता ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ अपने बेटे नकुल नाथ समेत पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

## उम्मीदवार का चयन सोच समझकर होगा: अजित पवार



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच अजित पवार ने कहा कि पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों का चयन सारे पहलुओं पर विचार विमर्श करने के बाद किया जाएगा।

आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी चचेरी बहन के खिलाफ अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाने के कयासों के बीच रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि पार्टी कैडर बारामती निर्वाचन क्षेत्र में एकजुट है। बारामती में एनसीपी में कोई दरार नहीं है। उम्मीदवार का चयन सोच समझकर किया जाएगा। नवी मुंबई के वाशी में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन कई पहलुओं पर विचार करने के बाद किया जाएगा। पारिवारिक दरार को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। बारामती में एनसीपी कैंप में सद्भावना है। गौरतलब है कि अजित पवार ने नेतृत्व वाली एनसीपी महाराष्ट्र सरकार के साथ गठबंधन में हैं।

### हमारे बीच कोई मतभेद नहीं: अजित पवार

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजित पवार ने कहा कि भाजपा नेता हर्षवर्द्धन पाटिल और मेरे बीच किसी भी तरह का मनमुटाव नहीं है। शिंदे सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आठ लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा पर राज्य सरकार काम कर रही है। समावेशी प्रगति के लिए महाराष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि दुनिया और भारत बेहतरी के लिए बदल रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इस बदलाव को अपनाने की अपील की है। राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि पार्टी एक प्रगतिशील और समावेशी महाराष्ट्र की कल्पना करती है।

## न्याय मांगने पर मिलती है गांव से निकालने की धमकी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

किसानों के मुताबिक शेख शाहजहां ने अकेले पूरे संदेशखाली विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 हजार बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। कहते हैं, अगर इन तीनों की बात करें तो लगभग 12 से 15 हजार बीघा जमीन पर कब्जा किया हुआ है। हमारे पूर्वजों सौ वर्षों से भी अधिक समय से यहां पर रह रहे हैं। लेकिन ऐसा अत्याचार और ऐसी घिनौनी राजनीति हमने कभी नहीं देखा। हम आदिवासी हैं। हम आज अपनी ही जमीन में मजदूर बन गए। खाने के लाले पड़ गए हैं। क्या हमको कभी न्याय मिलेगा। आसमान की ओर हाथ जोड़ते रो पड़ते हैं, संदेशखाली नतून पाड़ा के बुजुर्ग बहादुर। कहते हैं, राजनीतिक रसूख, पुलिस और प्रशासन की गठजोड़ ने हमको भीख मांगने पर मजबूर कर दिया।

## ममता का विपक्षी दलों पर हमला, बोलीं मेरे खिलाफ राम-वाम-श्याम ने हाथ मिला लिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली को लेकर उठे विवाद पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने हो गए हैं। तमाम राजनीतिक दलों ने पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला करते हुए राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाया है। इस बीच, सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर हमला किया है। 24 उत्तरी परगना जिले के संदेशखाली इलाके में अशांति फैलाने का आरोप ममता बनर्जी ने भाजपा पर लगाया है। उन्होंने कहा कि हमने टीएमसी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन भाजपा का नेतृत्व कभी भी अपने दोषी कार्यकर्ताओं और नेताओं पर कार्रवाई नहीं करता है। साथ ही राजनीतिक कटाक्ष करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा, वामपंथी और कांग्रेस (राम, वाम, श्याम) एक-दूसरे से मिले हुए हैं।

### हमने अपने आरोपी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की

संदेशखाली में विपक्षी नेताओं के दौरे के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि हम हमेशा से राज्य में कुछ भी अलग होने पर कड़ी कार्रवाई करते हैं, चाहे उनमें हमारे नेताओं भी क्यों न शामिल हो। भाजपा संदेशखाली की घटना के जरिए राज्य को अशांत करने की कोशिश कर रही है। अगर कोई आरोप है, तो हम कार्रवाई करेंगे। मैंने पुलिस से मामले पर संज्ञान लेने को कहा है। हमारे ब्लॉक अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेरा एक ही सवाल है कि घटना के बाद से ही टीएमसी नेताओं पर हमने ताबड़तोड़ कार्रवाई की, लेकिन क्या कभी भाजपा ने ऐसा किया है। भाजपा पूरी तरह से महिला, बंगाल, किसान,दलित विरोधी है।

# पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा शान्तिपूर्ण माहौल में पारदर्शितापूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गयी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती केन्द्र द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 15 केन्द्रों पर हुई। इस दौरान परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज, डॉ भीमराव अम्बेडकर इण्टर कॉलिज बरवारा, जयराम राही इण्टर कॉलिज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्यार इण्टर कॉलिज वविद्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक के साथ गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज व कृषक इण्टर कॉलिज भौंरी आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्रों पर संचालित सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम का जायजा लेने के बाद कक्षों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के बैंग व अन्य सामान भी सही तरीके से रखें जाएं।



साथ ही पार्किंग व्यवस्था भी दुरूस्त रखी जाए। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो दिन होनी थी। जिसमें पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में सम्पन्न होने के बाद रविवार को भी परीक्षा सम्पन्न कराई गई। इसके लिए 15 परीक्षा केन्द्रों में चार सेक्टर मजिस्ट्रेट और 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जनपद चित्रकूट में विभिन्न जनपदों से आए कुल 34752 अभ्यर्थियों को चार पालियों में परीक्षा देनी थी।

## वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मानसिक रूप से परेशान वृद्ध ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव निवासी नंगू उर्फ गोगा वर्मा (60) पुत्र कलुवा वर्मा ने रविवार की सुबह कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे पुत्र ने देखा तो चीख पड़ा। शोरगुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। ग्राम प्रधान राजकरन वर्मा ने बताया कि नंगू की पटटे की जमीन कृषि विश्वविद्यालय में चली गई थी। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बकरी पाले था उन्ही को चराता था। उसी से उसका घर खर्च चलता था। उसके पुत्र अर्जुन का भी मानसिक संतुलन ठीक नही रहता है।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छ वसंत अभियान के अंतर्गत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को 104 वां स्वच्छता अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि हम लोगों से स्वच्छता के बारे में कहते हैं या सुनते हैं। साफ सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्रथम प्राथमिकता भी है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि साफ सफाई का मतलब स्वच्छता है। अस्वच्छता या गंदगी हमारे आसपास बने वातावरण एवं जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई रखनी चाहिए। रोगियों की बढती जनसंख्या अस्पतालों पर है। यह इस बात को भी स्पष्ट करती है कि प्रदूषण से बचने के लिए कचरे का प्रबंध करना बहुत जरूरी है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि अगर हम हर हफ्ते 2 घंटे स्वच्छता के लिए निकले तो सुधार अवश्य होगा। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि हमारे देश में स्वच्छता पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जाता। स्वछता हमारे घर की जरूरत ही नहीं बल्कि राष्ट्र की भी जरूरत है। स्वच्छ भारत मिशन का प्रथम उद्देश्य है कि कोना-कोना स्वच्छ रखना हमारा महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस मौके पर जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में दो पुलिस कर्मी व तीन परीक्षार्थी दुर्घटनाग्रस्त

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

पुलिस भर्ती परीक्षा मे ड्यूटी करने जा रहे जहॉ खागा कोतवाली के दो पुलिस कर्मी सडक दुर्घटना मे बुरी तरह घायल हो गये। पुलिस कर्मी की बाईक को तेज रफ्तार कार ने थरियाव थाना क्षेत्र मे टक्कर मार कर घायल कर दिया। वही परीक्षा देने जा रहे बुरलेरो कार डिवाइडर से टकराकर परीक्षार्थी दुर्घटनाग्रस्त हो गये। सभी घायलो को ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया।



जानकारी के अनुसार उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा सीधी भर्ती पुरूष एवं महिलाओं के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस के रिक्त पदों पर भर्ती की लिखित परीक्षा हो रही है। परीक्षा केंद्र में ड्यूटी करने खागा कोतवाली में तैनात सुबोध और बंटी दोनो बाइक पर सवार होकर परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी करने के लिए निकले थे। जब उनकी बाइक थरियांव थाना क्षेत्र के बिलंदा नेशनल हाइवे 2 पर पहुंचीं। तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। दोनों सिपाहियों के सिर पर गंभीर चोट आ गई। वही खागा बाईपास साई ढाबा के पास हाइवे द्वारा बनाये गये डाइवर्जन में रखे बड़े-बड़े पत्थरो से हरियाणा से प्रयागराज बुलेरो से यूपी पुलिस की परीक्षा देने जा रहे तीन लोग आज सुबह लगभग 6 बजे पत्थरों से टकरा गयी। जिससे बुलेरो पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गयी। डाईबर्जन मे रखे भारी पत्थर से दर्जनो घटनाये हो चुकी है। जहॉ बुलेरो बुरी तरह छतिग्रस्त हो गयी। वही बेठी सवारियो को हल्की चोटे आई सूचना पर मौके पर पहॅुची पुलिस ने घायलो को ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में धांधली का आरोप

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** आवास योजना मे धाधागर्दी रुकने का नाम नही ले रही। धनउगाही की शिकायते आम होती जा रही है। वही ग्राम प्रधान से लेकर नगर पंचायत क्षेत्रो मे भी धनउगाही करके आपात्रो के झोली मे आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। जहॉ सरकार हर गरीब को पक्की छत देने का प्रयास मे लगी है और सरकारी तिजारो से धन अवमुक्त करके गरीबी हटाने का प्रयास कर रही है। वही भ्रष्टाचार के चलते अपात्रो को सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है और अपात्र सरकारी दफ्तरो के चक्कर काट रहे है। धाता नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में काफी अनियमितता बरती गई है। जिससे कई पात्र परिवार अभी भी आवास के लाभ से वंचित है। जबकि कई अपात्र लोगों को इसका लाभ दिया गया है। आवास योजना के लाभ देने में धांधली को देखते हुए नगर पंचायत के आधा दर्जन नगरवासी आला अधिकारियों आवेदन सौंपकर कार्यवाही की मांग करेंगे। नगर वासी ममता पत्नी राजू रैदास, भैया लाल, विनोद सोनकर, माया देवी शारदा, सफीना बेगम तारा बेगम सहित लोगों ने बताया वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जिनको दिया जा रहा है।

# बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक अपनाएं सरल पद्धति

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित सेवारत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का 4 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण जो की बीआरसी रामनगर पर 1 फरवरी से गतिमान है के छठें व सातवें बैच का 4 दिवसीय प्रशिक्षण 18 फरवरी को पूर्ण हुआ। ध्यातव्य है कि 1 फरवरी से प्रथम बैच के रूप में 50 प्रतिभागियों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ कराया गया था। इसके बाद 6 से 9 फरवरी के बीच 50-50 प्रतिभागियों के 2 बैच तथा 10 से 13 फरवरी के बीच 50-50 प्रतिभागियों के 2 बैच, इसके बाद 15 से 18 फरवरी के बीच 50-50 प्रतिभागियों के 2 बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रकार अब तक कुल 350 शिक्षकों, शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। अवशेष 108 शिक्षकों, शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण 54-54 के 2 बैच में 19 से 22 फरवरी के मध्य संपन्न होगा। इस प्रकार विकासखंड रामनगर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में



कार्यरत कुल 458 शिक्षकों व शिक्षामित्रों का एफएलएन प्रशिक्षण 22 फरवरी को संपन्न होगा। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने प्रत्येक बैच में प्रतिभागियों से दिए जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करने तथा विद्यालय में जाकर उसका उचित उपयोग करते हुए बच्चों के शैक्षिक स्तर के उन्नयन पर ध्यान देने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं गणितीय दक्षता विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षिक गतिविधियों तथा नवाचारों पर प्रतिभागी शिक्षकों व शिक्षामित्र को जानकारी दी गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित बिंदुओं पर व्यापक चर्चा परिचर्चा की गई। संदर्भ दाता के रूप में एआरपी छोटा प्रसाद, राम भरोसा यादव, सुशील कुमार राणा व संदीप सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर कार्यालय सहायक राकेश कुमार पांडेय, आनंद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार पांडेय, प्रशांत कुमार द्विवेदी, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर मोहम्मद शफी, कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार रैकवार, दयाशंकर वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खेत जोतते समय ट्रैक्टर रोटा वेटर में फंसकर किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के इजूरा बुजुर्ग गांव में खेत जोतते समय एक किशोर रोटावेटर हल फंस गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही ग्रामीणो का बडा पहॅुच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कड़ी मस्कक्त से निकलाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ट्रैक्टर को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया। तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर घोष थाना अंतर्गत देवारा गांव निवासी अरुण उर्फ गोरे पुत्र राकेश 16 वर्षीय की खेत जोतते समय रोटावेटर हल में फंस जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि गांव के ही सुघर सिंह यादव पुत्र धर्मसिंह यादव अपने साथ लडके को लेकर इजुरा बुजुर्ग गांव में खेत जोत रहे थे। तभी अचानक रोटावेटर हल में फंस जाने के कारण मौत हो गयी। थाना पुलिस ने बताया कि टैक्कटर रोटा बेटर से जुताई करते समय घटना हो गयी है।

# मातृपितृ पूजन दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

परम पूज्य संत आसाराम जी बापू द्वारा 14 फरवरी को मातृपितृ पूजन कार्यक्रम आयोजन की परंपरा डाल दी हैं जो आज पूरा विश्व मना रहा हैं आज भारतीय संस्कृति को पूर्णतः अपनाने की आवश्यकता हैं। कार्यक्रम में संत आसाराम बापू आश्रम प्रयागराज से आये राहुल भाई आश्रम वासी भाई ने सभी माता पिता एवं बच्चों को पूजन करवाया फिर गुरूजी द्वारा बताये गए नियमो को बताये माता पिता का जीवन में क्या महत्व हैं। पिता माता के प्रति क्या समर्पण होना चाहिए।



आज माता-पिता को लोग अनाथालय नहीं भेजें इसके लिए पूजन दिवस बहुत जरुरी हैं इसके बाद गुरूजी की प्रतिमा की आरती की और प्रसाद बितरण किया दोपहर 2 बजे से भंडारा प्रसाद प्रारम्भ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा जिसमे सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया रहा चलते सभी लोगो को प्रसाद खिलाया गया।

यह कार्यक्रम श्री योग बेदन्त सेवा समिति चित्रकूट के तत्वाधान में हुआ। जिसमे सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर राहुल भाई राकेश भाई प्रयागराज संतोषानंद महाराज भागवाताचार्य, सुभाष चन्द्र साहू, अध्यक्ष उमाशंकर सोनी कोषाध्यक्ष, आलोक द्विवेदी लखन लाल गुप्ता, बृंदावन कश्यप, मनोज केसरवानी, संतोष जायसवाल, शिवबारण, संतोष साहू, छेदी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता विदित युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव हुए मनोनीत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** समाजवादी पार्टी ने अपने कद्दावर नेताओं और पार्टी के कर्मठ सिपाहियों को आगामी आम चुनाव में कमर कसने के निर्देश दिए हैं। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने अपने पुराने कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताते हुए संगठन में पुनः उनके पदों पर मनोनीत किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब मोहम्मद फहद की संस्तुति पर युवा नेता ओम नारायण त्रिपाठी विदित को समाजवादी युवजन सभा में राष्ट्रीय सचिव के पद पर पुनः मनोनीत किया गया है। श्री त्रिपाठी के राष्ट्रीय स्तर पर सचिव पद पर मनोनीत होने से जनपद वासियों सहित खासकर युवा वर्ग व छात्रों में खुशी का माहौल है।



# धूम्रपान व मादक पदार्थो का बढ़ रहा प्रकोप, लोग हो रहे आदी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

सरकारो के तमाम सख्त कानूनो के बाद भी धूम्रपान और मादक पदार्थो का प्रचलन वयस्क, नाबालिक तथा महिलाओ के बीच बढता ही जा रहा है। जहॉ योगी सरकार ने सरकारी कार्यलयो व सार्वजनिक स्थानो मे धूम्रपान पर सख्ती से रोकने का निर्देश जारी किया गया लेकिन आदेश पूर्णत निष्प्रभाव ही रहा और कार्यलयो की दीवाले पान व गुटके पीको से आज भी लाल ही देखने को मिल रही है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानो रेलवे व बस स्टेसनो पर तम्बाकू युक्त गुटका व बीडी सिगरेट खुलेआम फूकते देखने को मिलते है। जिसके चलते लोग तमाम जानलेवा बिमारियो के शिकार हो रहे है और मौत के गाल मे समा रहे है।

प्रदेश सरकार के सख्त रुख के बाद भी तम्बाकू उत्पादन उसी तरह से बिक रहे है और इन उत्पादको का सेवन लोग कर रहे है। शहर हो या गॉव जगह-जगह गुमटियो व हाथ ठेलो व पान की दुकाने सजी देखी जा सकती है। इन पान की दुकानो पर चूने के साथ रगड कर खाने वाली तम्बाकू से लेकर पान, गुटका, श्री, बीडी, सिगरेट आदि की बिक्री धडल्ले से हो रही है। वयस्को सहित अवयस्को तथा महिलाओ मे तम्बाकू उत्पादो का सेवन तेजी के साथ फैल रहा है। इन तम्बाकू उत्पादो सहित मादक पदार्थो का सेवन फैसन के रुप मे किया जा रहा है। यहॉ तक कि मेहमान नवाजी भी मादक पदार्थो सहित तम्बाकू उत्पादको से किया जा रहा है। धूम्रपान के बढते चलन से तमाम लोग उम्र के पहले ही धातक बिमारियो के शिकार हो रहे है और अस्पतालो मे जीवन और मौत के बीच सघर्ष करते देखने को मिल रहे है। इसके बाद भी धूम्रपान पर अंकुश नही लग पा रहा है। सार्वजनिक स्थानो पर धूमपान को प्रतिबन्धित किया गया है। जिसके लिए कानून भी बना है लेकिन इस कानून का भी कोई असर नही देखने को मिल रहा है। यही नही नाबालिक सहित महिलाये भी बडी मात्रा मे धूम्रपान व मादक पदार्थो के आदी होती जा रहे है। वही योगी सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी सरकारी कार्यालयो मे भारी मात्रा मे धूम्रपान सहित मादक पदार्थो का सेवक कार्य अवधि मे ही करते देखा जा रहा है।

# परीक्षा केन्द्रों का आखिरी दिन में डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उ0प्र0पुलिस भर्ती परीक्षा को जनपद में सकुशलढंग से संपन्न कराये जाने हेतु जनपद के खानकाह इंटर कालेज एवं फातमा गर्ल्स इंटर कालेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए कन्ट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक को निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण मे बताया गया कि खांनकाह इंटर कालेज में प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं तथा 14 कक्षों में परीक्षा करायी जा रही है, जिलाधिकारी ने परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर कडी निगरानी रखने तथा उनके बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सतर्कता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके उपरान्त फातमा गर्ल्स इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में निगरानी रखने के निर्देश स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।



### दो दिन सेहतमंद व्यायाम प्रेमी रहे परेशान

**बांदा।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दो दिन लगातार सेहतमंदो को पार्क में घूमना मुसीबत बना रहा। शहर के बीचो-बीच बने अवस्थी पार्क मे तमाम लोग सुबह घूमने आते है। 17,18 फरवरी को हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए खाईपार चैकी प्रभारी दानबहादुर पाल ने सुबह आठ बजे पार्क आये सभी घूमने वाले महिला पुरुषों बच्चों को पार्क से खदेडकर बाहर कर दिया और पार्क में ताला लगावा दिया। चैकी प्रभारी के इस रवाइये के चलते व्यायाम के प्रेमियों और सेहतमंदो को काफी दिक्कत का समाना करना पड़ा।

## नवजात शिशु का मिला शव, अधिकारी जांच में जुटे

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बबेरू कस्बे के औगासी रोड स्व0 हरिप्रसाद सिंगरौर इंटर कॉलेज के पास रविवार की सुबह कूड़े में एक अज्ञात नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। जिसको देखते ही आस-पास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस प्रसाशन को दिया। नवजात शिशु को बीती रात्रि किसी अज्ञात द्वारा कूड़े के डस्टबिन में फेंका गया है और शव को कुत्ते नोंच नोंच क्षत विक्षत कर दिए है, जब मोहल्लावासियों ने देखा तो प्रधान प्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार लेखपाल एवं पुलिस मौके पर पहुंचकर नवजात बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वही मोहल्ले के लोगों के द्वारा तरह-तरह के कयास लगाते रहे और निर्दयी हत्यारन नवजात शिशु की मां को कोसते रहे, वही प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि हाईफाई लोगों की यह काली करतूत है, 9 माह के नवजात शिशु को कचरा में फेंका गया है। जो कुत्ते नोंच नोंच कर खा रहे थे। वहीं मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## डा0 अनूप ने पेट से निकाला 45 सेंटीमीटर लम्बा आठ किलो का ट्यूमर

# ट्यूमर से परेशान मरीज का दुर्गावती में हुआ ऑपरेशन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सर्जरी विभाग में कार्यरत डाक्टर अनूप सिंह और उनकी टीम ने एक मरीज के पेट का सफल ऑपरेशन करके 45 सेंटीमीटर लम्बा लगभग आठ किलो वजन का ट्यूमर निकालकर सबको हैरत में डाल दिया है ।

अलिहा गांव का रहने वाला कल्लू सिंह 35 वर्ष पुत्र इंद्रसेन सिंह को पिछले कई वर्षों से अंडकोष और पेट मे सूजन थी पिछले आठ नौ वर्ष पहले कल्लू के पेट मे चोट लग गई थी जिससे कल्लू के पेट मे दर्द शुरू हो गया था। कल्लू को पेट दर्द के इलाज के लिए कई ज़गह दिखाया गया सबने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घर में कोई जुम्मेदार न होने की वजह से कल्लू कहीं बाहर नहीं जा पाया, वक्त गुजरता गया और कल्लू का पेट धीरे धीरे फूलता रहा। पिछले कुछ दिन पहले जब कल्लू को ज्यादा दिक्कत हुई तो वो मेडिकल कालेज के सर्जन डा0 अनूप के पास आया, डाक्टर अनूप सिंह ने जांचे कराईं तो अंडकोष से लेकर पेट तक फैले हुए ट्यूमर की पुष्टि हुई। डाक्टर अनूप सिंह ने कल्लू को आपरेशन कराने की सलाह दी। कल्लू और उसके परिजन आपरेशन के लिए तैयार हो गए। तब 14 फरवरी को डाक्टर अनूप सिंह और उनकी टीम ने लगभग चार घण्टे चले आपरेशन के बाद मरीज के पेट से लगभग आठ किलो का ट्यूमर निकाल दिया, आपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है । डा0 अनूप सिंह ने कल्लू के इस ट्यूमर के बारे में बताया कि कल्लू के ये ट्यूमर अंडकोष से लेकर पेट तक फैला हुआ था, ये बीमारी जन्मजात होती है लाखों में किसी एक को ये होती है शुरू में मरीज को पता नहीं चलता धीरे धीरे वक्त के साथ ये समस्या बढ़ती जाती है। कल्लू को भी ये बीमारी जन्मजात थी कल्लू को जब चोट लगी तब उसी ट्यूमर में दर्द शुरू हुआ।



कल्लू ने डाक्टरों को दिखाया जरूर लेकिन उसने ऑपरेशन नहीं कराया जिससे ये समस्या बढ़ती गई अब इस बढ़े हुए ट्यूमर की वजह से कल्लू की आँतों फेफड़ों, और लीवर गुर्दे आदि में दबाव पड़ने लगा था जिससे उसे काफी दिक्कत हो रही थी अगर कुछ वक्त और ये आपरेशन न होता तो कल्लू के लीवर, फेफड़े, आदि दबाव की वजह से काम करना बंद कर सकते थे जिससे उसकी मौत भी हो सकती थी, डाक्टर अनूप ने बताया कि ये आपरेशन अगर प्राइवेट हॉस्पिटल में होता तो लाखों रुपये खर्च हो जाते जबकि मेडिकल कालेज में सिर सरकारी फीस पर हो गया। कल्लू के परिजन इस सफल आपरेशन के बाद डा0 अनूप सिंह और उनकी टीम को दिल से धन्यवाद दे रहे हैं वहीं इस सफल आपरेशन के लिए मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर एस के कौशल ने भी डाक्टर अनूप और उनकी टीम को बधाई दी है। इस आपरेशन में डा0 अनूप सिंह के साथ डा0 सौरभ सिंह एस आर, डा0 गुंजन एस आर, डा0 शिवकुमार जे आर, एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट से डा0 सुशील पटेल, डा0 प्रिया दीक्षित, डा0 शैलेन्द्र सिंह, डा0 अरुण, डा0 नरेंद्र आदि शामिल रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । सोमवार । 19 फरवरी 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है। लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 21.0 (-1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.4 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

### डीजीपी कार्यालय के आदेश पर भारी पड़ रहा हिस्ट्रीशीटर का रसूख

# दिन दहाड़े पिस्टल की नोक पर रंगदारी मांगने वाले हिस्ट्रीशीटर पप्पू हबड़ा पर कब दर्ज होगा मुकदमा ?

* सपा विधायक इरफान सोलंकी और डी2 गैंग के अपराधियों की सरपरस्ती मे करता है अपराध

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर


कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर नगर के थाना अनवरगंज क्षेत्र में अभी भी माफियाओं का वर्चस्व कायम है। सपा विधायक इरफान सोलंकी को जरूर उसके गैंग के कई सदस्यों के संग उत्तर प्रदेश की जीरो टॉलरेंस नीति वाली योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जेल भेज दिया है फिर भी अभी कई ऐसे माफिया बाहर घूम रहे हैं जो इरफान सोलंकी समेत डी टू गैंग के अपराधियों के साथ कई अपराधों में शामिल रहे हैं। और लगातार अवैध कब्जों रंगदारी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पीड़ित थाने मे शिकायती पत्र भी देते हैं लेकिन पुलिस इन माफियाओं को इतना समय दे देती है कि यह पेशबंदी कर लेते हैं और पीड़ित को डरा धमका कर योगी सरकार मे खुद खुलेआम गुंडई कर रहे हैं जिस कारण सरकार और खाकी दोनों बदनाम हो रहे हैं। शहर के थाना अनवरगंज क्षेत्र मे इस समय सपा विधायक इरफान सोलंकी और डी टू गैंग के शातिर अपराधियों की टीम मे शामिल रहकर दर्जनों संगीन अपराधों को अंजाम देने वाले पप्पू हबड़ा नाम के अपराधी का आतंक चरम पर है, क्षेत्र मे कोई भी निर्माण हो अथवा कोई भी कार्य हो पप्पू हबड़ा को रंगदारी दिए बिना आसानी से कोई भी कार्य संपन्न नहीं हो सकता है। जो कोई भी उसे रंगदारी देने से मन करता है तो उस व्यक्ति को उसके साथ-साथ उसके गैंग के सदस्यों के कोप का भाजन बनना पड़ता है। अभी हाल ही मे एक बुजुर्ग भी इस शातिर अपराधी और उसके साथियों की हैवानियत का शिकार हुआ है, रंगदारी न मिलने पर इस शातिर ने तमंचे के बल पर बुजुर्ग और उसके परिवार को धमकाया और जान से मारने की धमकी भी दी है। थाना अनवरगंज मे शिकायती पत्र दिए लगभग 72 घंटों का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक पप्पू हबड़ा और उसके लोगों के द्वारा किए गए आपराधिकृत कृत्य के मामले मे मुकदमा दर्ज नही हुआ है।

**थाने मे शिकायत करने पर बुजुर्ग को धमकाया**

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार बुजुर्ग अजमत के द्वारा जब अनवरगंज थाने मे पप्पू हबड़ा और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायती पत्र दिया गया तो उसके द्वारा बुजुर्ग को धमकाया गया है।

**जेल से छूटा एक भूमाफिया भी अंदर से कर रहा है मदद**

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार पप्पू हबड़ा को अपने कई आपराधिक मामलों मे इस्तेमाल करने वाला उन्नाव का एक शातिर भूमाफिया जो कानपुर नगर मे ही निवास करता है, अभी हाल ही मे पुलिस ने उसे जेल भेजा था वह भी पप्पू हबड़ा को इस कांड से उसे बचाने मे लगा हुआ है, उसके इशारे पर हिंदू महिलाओं को इस्तेमाल किया जा रहा है।






**5 लाख की मांगी थी रंगदारी न मिलने पर पिस्टल की नोक पर धमकाया**

बीती 16 फरवरी 2024 को थाना अनवरगंज में दिए गए शिकायती पत्र मे इफ्तिखाराबाद निवासी अजमत अली ने पप्पू हबड़ा और उसके बदमाश साथियों पर पांच लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है, बुजुर्ग अजमत की माने तो वह नवनिर्माण के लिए अपना मकान तुड़वा रहे थे इसी दौरान पप्पू हबड़ा और उसके साथियों ने आकर उनसे पांच लाख की रंगदारी मांगी और कहा कि अगर पैसा नहीं दिया तो कार्य नही होने देंगे, बुजुर्ग अजमत के इनकार करने पर दिनदहाड़े पप्पू हबड़ा और उसके बदमाश साथियों ने सीने पर पिस्तौल सटाकर रंगदारी की मांग की और उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी भी दी है।

**हिंदू परिवारों को आगे कर पेशबंदी के लिए हबड़ा देना चाहता है सियासी रंग**

मिली जानकारी के अनुसार सपा विधायक इरफान सोलंकी और डी टू गैंग के कई अपराधियों का साथी पप्पू हबड़ा ने खुद को बचाने वा पेशबंदी करने के लिए अजमत के आसपास रहने वाली कुछ हिंदू महिलाओं को आगे कर दिया है और खुद अपने साथियों को भेज कर पुलिस अधिकारियों को गुमराह करवा रहा है, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पप्पू हबड़ा से हिंदू मुस्लिम मामला बनाकर सियासी रंग देना चाहता है, सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस के द्वारा तहरीर मिलने के बाद भी पप्पू हबड़ा जैसे हिस्ट्रीशीटर अपराधी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नही किया जा रहा है जिस कारण वह आने वाले समय मे यह सख्त पुलिस और शहर के अमन चैन पर भी भारी पड़ सकता है।

**डीजीपी कार्यालय ने लिया है मामले का संज्ञान लेकिन नहीं लिखा गया मुकदमा**

आपको बताते चलें कि पप्पू हबड़ा सरकार और पुलिस पर इतना भारी पड़ रहा है कि सूबे के पुलिस मुखिया डीजीपी कार्यालय के ऑफिशियल एक्स पर संज्ञान लेने के बाद भी इस शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कांग्रेसियों ने तैयार किया मास्टर प्लान




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कांग्रेस के स्टार नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कानपुर आगमन के संदर्भ मे कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल मे शहर कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी की अध्यक्षता मे कानपुर प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल रिछारिया व अंशू तिवारी ने सभी स्तरीय तैयारियों का जायजा लेते हुये पदाधिकारियों, वार्ड अध्यक्षो, पूर्व पार्षदो, फ्रन्टल व विभागो की संयुक्त समीक्षा बैठक मे नगर के प्रत्येक वार्ड से जहां अपने बैनर व झंडो के साथ 100 कार्यकर्ताओं को लाने का आवश्यक रुप से लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसके लिए प्रत्येक वार्ड स्तर पर प्रमुख कांग्रेसजन को पर्वेक्षक बनाने तथा यात्रा मे समान विचारधारा वाले दलो की भागीदारी के लिए उन्हे ससम्मान आमंत्रित करने का भी निश्चय किया गया। बैठक मे इंटक के वरिष्ठ नेता एचएन तिवारी, पीएस बाजपेई, रामसांवर सिंह व असित सिंह को अपने सम्बद्ध संगठन के कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ शामिल होने तथा निजामुद्दीन खां एवं तुफैल अहमद खान को नगर के अल्पसंख्यक क्षेत्रो मे गहन जनसम्पर्क कर उनकी अच्छी तादात मे भागीदारी सुनिश्चित करने का दायित्व भी सौंपा गया। बैठक के बाद प्रभारी प्रदेश पदाधिकारियों ने शहर व जिलाध्यक्षो एवं प्रमुख कांग्रेसजनो के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कानपुर आगमन स्थल झांडी बाबा पड़ाव व मार्ग के सर्वेक्षण के साथ ही कलक्टगंज घण्टाघर मे आयोजित सभा स्थल का भी निरीक्षण करके व्यवस्थासम्बन्धी आवश्यक निर्देश भी दिये।

बैठक मे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी, प्रदेश महासचिव जेपी पाल, ग्रामीण अध्यक्ष अमित पाण्डेय व देहात अध्यक्ष नरेश कटियार, शंकर दत्त मिश्र, विकास अवस्थी, पवन गुप्ता, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल माबूद, डा0 आरके जगत, दिलीप शुक्ला, सिराज अहमद कुरैशी, लल्लन अवस्थी, राजीव द्विवेदी, हीरालाल निषाद, मानेश दीक्षित, शकील मंसूरी, संजीव मिश्रा, वसुंधरा वर्मा, जरीना खातून, जावेद जमील उस्मानी, केजी गुप्ता, मुकेश बाल्मीकी, डा0 संतोष मिश्रा, रोशनी चैधरी, रामदौर सविता, रकी सोनकर, संतोष गुप्ता, रामाश्रय पाल, मो0 इस्लाम सिद्दीकी सहित सभी वार्डो के अध्यक्ष व कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पंडित शिवाकांत जी महाराज की श्री राम कथा में पहुंचे बागेश्वर धाम प्रमुख

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर/छतरपुर



अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित शिवाकांत जी महाराज ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को बालपन से ही संस्कार दें। संस्कारवान बालक कभी भी भटक नहीं सकता। महाराज जी ने कहा कि जल्द ही सनातन सेना का गठन किया जाएगा जो घर-घर जाकर सनातन के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। भागवत कथा में पहुंचे बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने कहा की शिवाकांत जी महाराज का आशीर्वाद लेते हुए उनको सनातन का सच्चा सजग प्रहरी बताते हुए कहा कि हम सभी का प्रमुख उद्देश्य है कि सभी सनातन एकजुट रहें और जागरूक रहे जिसके लिए हम सभी कार्य कर रहे हैं।

छतरपुर के ईसानगर में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित शिवाकान्त जी महाराज के द्वारा चल रही अष्टोत्तर शत साप्ताहिक श्री मद भागवत महापुराण की कथा में व्यास जी ने बताया कि माता पिता को चाहिए कि बच्चों को बाल पन से ही संस्कार वान बनावें महाराज ध्रुव ने अपने संस्कारों की बजह से ही मात्र 5 वर्ष की उम्र में भगवान को प्राप्त कर लिया था। व्यास जी ने कहा कि जो स्त्री न्याय और अन्याय का विचार करके न्याय पूर्ण कार्य करती है उसे सुनीत कहते हैं सुनीत के सदैव ध्रुव रूपी पुत्र पैदा होता हैं जो स्वयं तो बैकुंठ जाता ही है साथ में अपने माता पिता को भी बैकुंठ गामी बना देता है। महाराज जी ने कहा कि बहुत जल्द ही सनातन सेना का होगा गठन।

भक्त प्रहलाद जी का चरित्र सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी परमात्मा का नाम नहीं छोड़ना चाहिए आज की कथा के मध्य में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## पीडीए करेगा बीजेपी का सूपड़ा साफ : फजल महमूद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




समाजवादी पार्टी आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर एक लक्ष्मी पुरवा तलऊवा में तथा गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तपेश्वरी मोंटेसरी स्कूल रावतपुर में पीडीए की पंचायत बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया। पीडीए पंचायत बैठकों को संबोधित करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि पीडीए ही आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए सरकार का पूरे देश व प्रदेश से सुपड़ा साफ कर देगा तथा पीडीए ही एनडीए सरकार को हराएगा बैठक मे प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता डा.नीतेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा बंसल जैन, प्रदेश सचिव नीलम रोमिला सिंह, रेखा यादव, मोहम्मद सारिया, सत्यनारायण गहरवार, आंनद शुक्ला, शेषनाथ यादव, आंनद साहू, आकाश यादव, वरुण यादव, सलाम इदरीसी, दिनेश विश्वकर्मा, आजाद खान, सलमान शेख मंसूरी, ओम यादव, निर्मल यादव, अकील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## पनकी पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर चोर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पनकी पुलिस ने चार शातिर चोरों को दबोचा है, पुलिस ने उनके पास से चोरी के 7 मोबाइल, एक बाइक , एक तमंचा बरामद कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु बीते शनिवार की रात्रि इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र स्थित एलएमएल चौराहे के आगे नौरैयाखेड़ा मोड़ पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर चार व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे वहीं पुलिस ने घेराबंदी कर शातिरों को दबोचा पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम मयंक सिंह उर्फ रिशु, आयुष गौतम, दीपक गौतम, निखिल गौतम निवासी पनकी बताया तलाशी के दौरान उनके पास से सात मोबाइल, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की है।

## इंटरप्रेन्योर ओरियंटेशन कार्यक्रम में सफल युवा उद्यमियों के विषय में दी जानकारी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में यूपी इन्वेस्टर्स ग्राउंड सेरेमनी के लिए रविवार को इंटरप्रेन्योर ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व अपर मुख्य सचिव गन्ना/आबकारी एवं चेयरमैन यूपीरेरा संजय आर भूषण रेड्डी ने छात्र-छात्राओं को कृषि में विभिन्न प्रकार के उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करने के साथ सफल युवा उद्यमियों की सफलता के विषय मे जानकारी दी।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश इंडिया एस ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश के युवाओं का कौशल बनाएगा। उन्होंने बताया कि आज हमारा प्रदेश गन्ना, आलू, दुग्ध आदि में देश में अग्रणी स्थान रखता है। विशेष सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग शेषमणि पांडे ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश देश के अन्य प्रदेशों में आगे निकल गया है। निश्चित तौर पर प्रदेश सरकार का बहुत बड़ा योगदान है। मुख्य विकास अधिकारी कानपुर सुधीर कुमार ने विकास से संबंधित विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ.पीके सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर उद्योग अजय यादव तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ.एस एन सिंह एवं छात्र-छात्राओं सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

## गंगा नदी में गिर रहा नालों का गंदा पानी, कैसे होंगी निर्मल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



नमामि गंगे परियोजना द्वारा गंगा नदी में गिरने वाले नालों के पानी की शुद्धिकरण को लेकर बनाया गया ट्रीटमेंट प्लांट पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक इस ट्रीटमेंट प्लांट को बनाए जाने को लेकर नमामि गंगे परियोजना द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए। इसके बावजूद स्थिति जैसी की तैसी ही बनी हुई है। सुबह और शाम के वक्त ब्रह्मावर्त घाट के ठीक बगल में नाले से निकलने वाला गंदा पानी गंगा नदी को प्रदूषित कर रहा है। इतना ही नहीं नाले से बहने वाले गंदे पानी में हानिकारक कीटाणु और कीड़े भी साथ में जाकर गंगा नदी में मिल रहे हैं। आपको बताते चलें बिठूर ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी होने के साथ-साथ धार्मिक नगरी भी मानी जाती है। बिठूर में वर्ष भर में दो दर्जन से अधिक छोटे और बड़े मिले लगते हैं। इन लगने वाले मेलों में कानपुर ही नहीं दूर दराज के कई जिलों से हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। लेकिन बीते सैकड़ो वर्षो से ब्रह्मावर्त घाट के बाई ओर गंगा नदी में अनवरत नाल गिरता चला रहा है। जो तीर्थ के माथे पर कलंक साबित हो रहा है। न जाने कितनी सरकारी आई और चली गई लेकिन नालें के बहने का क्रम अनवरत जारी है। घाट के किनारे रहने वाले तीर्थ पुरोहित राजीव उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्रीय जनता द्वारा शाम के वक्त ब्रह्मावर्त घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन किया जाता है।

इस दौरान नालें से बहने वाला गंदे पानी की बदबू की वजह से गंगा आरती करना तक मुश्किल हो जाता है। कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। हालत यह है कि अब घाट पर श्रद्धालुओं ने आना भी कम कर दिया है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब ब्रह्मावर्त घाट पर श्रद्धालु आना बंद कर देंगे।

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने अमरजीत सिंह जनसेवक को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने अमरजीत सिंह जनसेवक को श्रद्धांजलि देने के लिए शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने अमरजीत सिंह जनसेवक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने दिव्यांगजनों का गौरव बढ़ाया, विधायक रहते हुए उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की स्थापना में सकारात्मक भूमिका निभाई, दिव्यांगजनों के प्रेरणा श्रोत व मार्गदर्शक रहे। गरीबों, मजबूरों की मदद के लिए सदैव आगे रहे। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक के निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। समाज के लिये किया गया उनका योगदान कभी भूलाया नहीं जा सकता है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि हमने दिव्यांगजनो का मसीहा खो दिया है।

श्रद्धांजलि देने वालो में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित आदि शामिल थे।

## गौ तस्कर को पुलिस से मुठभेड़ पड़ी भारी, टांग हुई पंचर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बीती रात रविवार को पुलिस टीम को एक सूचना प्राप्त हुई कि थाना घाटमपुर से गौवध जैसे गंभीर मामले मे फरार व 25000 रुपए का इनामियां घोषित अपराधी दिलशाद कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र मे मौजूद है। जिसके बाद कानपुर पुलिस की कई टीमों और क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा अपराधी को घेरकर गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया था। अपने आप को घिरता देख और गिरफ्तारी से बचने के लिए दिलशाद ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी खुद को बचाने के लिए जवाबी कार्यवाही मे पुलिस टीम द्वारा भी फायर किए गए थे। जिसमे दिलशाद के बायें पैर मे एक गोली लग गई और मौके से पुलिस द्वारा उसको हिरासत मे ले लिया गया। जिसके उपरांत घायल दिलशाद को उपचार लिए अस्पताल भेजा दिया गया। दिलशाद के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस एवं एक बिना नंबर की काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। दिलशाद थाना घाटमपुर से हिस्ट्रीशीटर है और इसके ऊपर कानपुर, आगरा, हमीरपुर और जालौन मे गौवध, आर्म्स एक्ट, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट जैसे डेढ़ दर्जन से जादा मुकदमें दर्ज हैं।

# हिस्ट्रीशीटर अजय के गुर्गे शिकारी और ठाकुर चढ़े पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस । हिमांशु मिश्र



फरार चल रहे बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर के इनामिया गैंग के दो सदस्य टोबो शिकारी और शिवांश ठाकुर आखिरकार दक्षिण पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए। बीते दिन डीसीपी साउथ ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दोनो को सबके सामने लाकर खड़ा कर दिया। इस दौरान दोनो शातिर पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए नजर आए और उन्होंने यहां तक कहा कि हुजूर अजय ठाकुर हमे कह रहा था कि अगर पुलिस के पास जाओगे तो गोली मार दी जाएगी और अगर हम उसका साथ छोड़ना चाहते हैं तो फर्जी मुकदमे लगवा कर हम लोगों को परेशान करता है।

ज्ञातव्य हो कि बीती 28 जनवरी को थाना बर्रा क्षेत्र के बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गैंग के सदस्यों द्वारा अपना दल एस पार्टी की रैली मे हमला किया गया था। हमला करने वाले हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों के खिलाफ बर्रा पुलिस ने गाली गलौज, मारपीट और जानलेवा हमला करने जैसी कई गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया था। डीसीपी साउथ ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें और एसटीएफ की एक टीम गठित की थी। लेकिन काफी दिनों तक हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों की गिरफ्तारी न हो पाने के कारण डीसीपी और कमिश्नर द्वारा हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर एक लाख रूपए और उसके साथियों पर पच्चीस पच्चीस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। जिसके चलते बीते दिन रविवार को डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार द्वारा प्रेसवार्ता कर बताया गया कि बर्रा पुलिस ने बीती 17 फरवरी को हिस्ट्रीशीटर के दो साथी शिवम सोनकर उर्फ टोबो शिकारी और अंश सिंह सिसोदिया उर्फ शिवांश ठाकुर को पकड़ लिया है। लूट, मारपीट, गाली गलौज, रंगदारी जैसे टोबो शिकारी पर दो मुकदमे थाना हनुमंत बिहार, किदवई नगर, बर्रा और शिवांश ठाकुर पर आठ मुकदमें थाना बर्रा पर पहले से ही दर्ज हैं। दोनो बदमाशों के पास से बर्रा पुलिस ने पांच मोबाईल फोन बरामद किए हैं। दोनो इनामियां बदमाशों को बर्रा पुलिस ने न्यायलय मे पेश कर जेल भेज दिया है अन्य इनामियां अभियुक्तों की गिफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें अभी भी दबिश दे रहीं हैं उन्हे भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज जाएगा।

**साहब पुलिस गोली मार देगी?**

प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी साउथ ने दोनो से कहा कि तुम लोग कहां थे अभी तक पुलिस के पास क्यों नही आ रहे थे, तो बदमाशों ने कहा कि अजय ठाकुर ने मना किया था और कह रहा था कि अगर पुलिस के पास गए तो गोली मार देगें वो लोग तुम्हे इस वजह से हम लोग डरे हुए थे। शिवांश ठाकुर ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर कहता है कि हमारे साथ नही रहोगे तो मारेंगे और मुकदमा लिखवा देगें। हिस्ट्रीशीटर मेरे ऊपर पूर्व मे मुकदमा लिखवा भी चूका है।

# 28 फरवरी को 101 लोग करेंगे रक्तदान महादान

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर



जिले की अग्रणी संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की रक्तदान-महादान को लेकर पूर्व नियोजित एक महत्वपूर्ण बैठक अमहट स्थित राजकीय आलंकारिक उद्यान पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सरदार हरविंदर सिंह ने किया। बैठक में रक्तदान-महादान शिविर के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। 28 फरवरी को शिविर का आयोजन करने पर सहमति बनी। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि 28 फरवरी 2024 दिन बुधवार को प्रातः 9 बजे से चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। सदन के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त किया। सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी गयी। रक्तदान महादान की सफलता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई। रक्तदान करने के इच्छुक रक्तदाता अपना रजिस्ट्रेशन करा सके इसके लिए मोबाइल नम्बर 8318274714 जारी किया गया है उक्त मोबाइल पर कॉल करके अपना नाम रक्तदान करने की सूची में दर्ज करा सकते है। बैठक का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को प्रेरित करके रक्तदान महादान में प्रतिभाग करना है और रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे मरीजो की जीवन बचाना है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने बताया कि वर्तमान समय मे जनपद के ब्लड बैंक में एबी पॉजीटिव व अन्य निगेटिव ग्रुप की क्राइसिस है। उक्त ब्लड ग्रुप के लोगो को इस संकट के समय आगे आना चाहिए। जनपद को 15000 यूनिट ब्लड की जरूरत है जबकि डोनर के रूप में केवल 1800से 2000 तक ही उपलब्ध हो पाता है। खून रिप्लेसमेंट करने के लिए मरीज जूझते है। संघ द्वारा युवाओं नौजवानों और महिलाओं को प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कम से कम 50 रक्त स्वेच्छिक रक्तदान से उपलब्ध हो सके। रक्तदान की उपयोगिता के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक मीटिंग में संघ द्वारा रक्तदान के लाभ हानि महत्व एव उपयोगिता के बारे बताया जा रहा है। रक्तदान 18 से 65 वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से हृदयरोग, किडनी लीवर, डिप्रेशन इत्यादि रोगों से बचा जा सकता है। हृदयरोग, डायबिटीज, थायराइड, हिपेटाइटिस बी और सी, हाई और लो ब्लड प्रेशर जिनकी दवा चल रही वे रक्तदान नही कर सकते है। रक्तदान सम्बंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी बैठक में कार्यकर्ताओं को दी गयी।

# ऊर्जा संक्रमण विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस, अमेठी में सतत विकास के लिए नेट जीरो एवं ऊर्जा संक्रमण विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हो गया। इस संगोष्ठी का आयोजन संयुक्त रूप से भारतीय सामाजिकविज्ञान अनुसंधान परिषद् एवं आरजीआई पीटी द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-विदेश के कुल 147 शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। और अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। इनमें से कुछ प्रतिभागी आस्ट्रेलिया, मस्कट, सउदी अरब एवं मोरक्को से भाग लिया।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कुल पाँच क्षेत्रों जैसे नेट जीरो एवं ऊर्जा संक्रमण, सतत विकास के लिए वित्त व निवेश, ऊर्जा संक्रमण के लिए सामाजिक व लोक सहभागिता, प्रौद्योगिकी व व्यवसाय एवं मानव संसाधन एवं ऊर्जा संक्रमण विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किये गये एवं चर्चा किया।सत्र में अपना विचार व्यक्त करते हुए दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनुभव गर्ग ने हाइड्रोजन भविष्य इंधन की संभावना विषय पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया।और कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो राष्ट्र विकसित करने का जो लक्ष्य रखा गया है उसमें हाइड्रोजन इंधन की बहुत बड़ी भूमिका होगी। इसके लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की स्थापना की है।जिसपर लगभग 19000 करोड़ रुपये खर्च किये जाने की योजना है। इससे एक ओर जहाँ कार्बन डाइऑक्साइड कम करने में सहायता मिलेगी वहीं दूसरी ओर वर्ष 2030 तक छह लाख नये रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की रेनु सिंह ने कृषि अपशिष्ट से जैव इंधन सतत विकास के लिए संभावनाएँ विषय पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। और कहा कि किसानों को अपने कृषि अपशिष्ट को जलाने के बजाय उसका उपयोग जैव इंधन उत्पादन में करना चाहिए।इससे एक ओर जहाँ पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी वहीं दूसरी ओर जैव इंधन का उत्पादन कर हम अपनी ऊर्जा जरूरत की पूर्ति भी कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न शोध चर्चाओं की अध्यक्षता डॉ.रोहित बंसल कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जया श्रीवास्तव प्रबंध अध्ययन विभाग, डॉ. देबाशीष जेना, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. सरोज मिश्रा द्वारा किया गया। इसमें एमबीए के छात्र-छात्राओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# न्यायालय का स्थगन आदेश, विवादित भूमि पर पानी टंकी की बोरिंग शुरु

## जल निगम ने बोरिंग पर रोक लगाई, नही सुन रहा ठेकेदार

जन एक्सप्रेस । अमेठी



किसान अरुण कुमार द्विवेदी की भूमि धारी खाते पर सिविलन्यायालय का स्थगन आदेश दिए है। लेकिन बिबादित भूमि पर उत्तर प्रदेश जल निगम इकाई ने जल जीवन मिशन की पानी की टंकी की बोरिंग शुरु है। ग्राम पंचायत ने पानी की टंकी निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किए है।लेकिन ग्राम सभा की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। खेल अब किसान अरुण कुमार द्विवेदी को तंग कर रहा है।द्विवेदी ने मामले को लेकर सिविल न्यायालय सुल्तानपुर मे बाद दायर किया है।जिसमे न्यायालय ने बाद संख्या 1025 /02 स्टे आर्डर जारी किया है। गाटा संख्या 438, 439,242,243,246,397,244, 250, 253, 252,251, 343 344,410 राजस्व ग्राम नरहरपुर मे स्थगन आदेश जारी कर दिए है। अधिशाषी अभियन्ता उत्तर प्रदेश जल निगम इकाई अमेठी का कहना है कि बिभाग ने बिबादित भूमि पर पानी की टंकी बोरिंग पर रोक लगा दी। इसके लिए ठेकेदार जिम्मेदार है। ग्राम पंचायत नरहरपुर प्रधान ने कहा कि गाटा संख्या-253 ऊसर भूमि मे राजस्व अभिलेखों में अंकित है। बोरिंग होने की जानकारी नही है।

**खण्ड विकास अधिकारी भादर इन्द्रावती वर्मा का कहना है कि** बोरिंग की जानकारी नही है। इसके प्रधान, ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी जिम्मेदार है। मामले की जांच करवानी है। जांच पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। ठेकेदार का कहना है कि ग्राम सभा की अधिग्रहित भूमि पर बोरिंग हो रही है। विवादित भूमि की जानकारी नही है। प्रशासन से कोई रोक नही है। इस नाते कार्य चल रहा है। लेखपाल का कहना है कि गाटा संख्या-253 का प्रस्ताव ग्राम सभा ने किया है। मुझे स्टे आर्डर की खबर नही है। मामले की जांच पड़ताल कर बता सकते हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद के थाना संग्रामपुर क्षेत्र के कटरा कसारा निवासी राम प्रसाद की पत्नी शिवकुमारी उम्र 54 वर्ष अपने रिस्तेदार के यहां पूरे पाण्डेय मजरे गोरखापुर थाना क्षेत्र संग्रामपुर पैदल कटरा कसारा से जा रही थी। पातीपुर पुल के पास पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे शिवकुमारी गंभीर रूप से घायल होकर अंतिम सांसें गिन रही थी।

पीछे घर से उनका लड़का राम संजीवन यादव अपनी मां को पहुंचाने के लिए मोटरसाइकिल से पूरे पाण्डेय मजरे गोरखापुर जा रहा था।तो उसने अपनी घायल मां को पातीपुर पुल के पास पाया और एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया जहां शिवकुमारी पत्नी राम प्रसाद को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र राम संजीवन यादव ने अज्ञात वाहन के खिलाफ थाने में तहरीर दी।थाना संग्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं वाहन की तलाश कर रही है।

राम सजीवन यादव ने बताया कि हमारे रिस्तेदार का घर पूरे पाण्डेय मजरे गोरखापुर में है, जहां आज शादी कार्यक्रम था। जिसमें मेरी मां शिवकुमारी देवी शामिल होने के लिए घर से पैदल चल दी मैं अपने खेतों में काम कर रहा था। जब पता चला कि मां पैदल जा रही है तो मैं मोटर साइकिल लेकर इनके पीछे गया और देखा कि मेरी मां पातीपुर पुल के पास गंभीर रूप से घायल हैं और हमने एम्बुलेंस के फोन करके कहा सहायता मांगी मौके पर एम्बुलेंस पंहुची और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया। जब मैं अस्पताल पहुंचा तो यहां पर तैनात डाक्टरों ने मेरी मां को मृत घोषित कर दिया।

# अरुनाभ फाउंडेशन ने महिलाओं में बांटे नि:शुल्क सेनेटरी पैड



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

शहर से लेकर गाँव गाँव तक महिलाओं में सेनेटरी पैड के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए समाज में सेवा भाव से समर्पित संस्था अरुनाभ फाउंडेशन ने विकास भवन स्थित गांधी सभागार में एक समारोह के माध्यम से महिलाओं में निश्शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण करने के साथ साथ, उसकी आवश्यकता एवं उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। स्वच्छ युनिवर्सल लिमिटेड द्वारा संचालित इस संस्था के मुखिया भूपेन्द्र त्रिलोक नाथ शुक्ल ने कहा कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं में सेनेटरी पैड के उपयोग एवं उपयोगिता के विषय में प्रमुख रूप से जागरुक करना है। समारोह के मुख्य अतिथि डा.अनिल रत्न त्रिपाठी ने कहा कि सेनेटरी पैड के उपयोग के अभाव में महिलायें गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाती है इसलिये सेनेटरी पैड के प्रति महिलाओं को अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। समारोह में सैकड़ों महिलाओं को फाउंडेशन द्वारा निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को भी शिरकत करना था लेकिन ब्यस्तता के कारण वह शामिल नहीं हो सके।

# आजाद सनातन सेना संगठन का जिले में हुआ विस्तार

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर



अखंड भारत की परिकल्पना लिए हुए वैदिक विरासत को संजोए हुए सनातन धर्म का आगाज धीरे-धीरे प्रदेश स्तर से लेकर जनपद स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में आजाद सनातन सेवा संगठन ने नवागंतुक पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपकर संगठन के उद्देश्य को अवगत कराया। पत्रकार वार्ता के दौरान आजाद सनातन सेवा संगठन के संस्थापक संदीप पाण्डेय ÷जोगी÷ ने एक निजी होटल में कार्यकारिणी विस्तार को लेकर हिंदी धर्म को एकजुट होने का गुरु मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि इस संगठन को गांव से लेकर जिला, प्रदेश और फिर राष्ट्र स्तर तक पहुंचाकर हिंदू धर्म के लोगों को एकजुट करने की सख्त जरूरत है। आजाद सनातन सेवा यह एक रजिस्टर्ड संस्था है जिसका केंद्रीय कार्यालय परशुरामपुर धीरजपुर, लगवा जनपद जौनपुर में सनातन सेवा के लिए अपनी पहचान बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय पूर्व प्रमुख बक्सा जनपद जौनपुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव मिश्र, संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी व पूर्व प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव महेश मिश्रा ने पदाधिकारियो के बीच अपने ओज पूर्ण अभिभाषण देते हुए हिन्दू धर्म के प्रति जागृति करते हुए एक नई जिम्मेवारी सौंपी। जनपद स्तर पर संगठन का विस्तार करने के लिए मंच का संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री महेश मिश्रा ने कहा सनातन समागम हिंदू धर्म के पुनरुत्थान एवं हिंदू जागरण को जगाने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। आजाद सनातन सेना संगठन के नए पदाधिकारी के रूप में जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे, संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार मनोरम पांडे, उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे, जिला महासचिव विजय वर्मा और जिला मीडिया प्रभारी सुरेश दूबे को भगवान श्री राम के मनमोहक चित्र व रामचरितमानस की प्रति देकर उनका स्वागत कर सम्मानित किया।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में प्रथम प्रवेश परीक्षा का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में बच्चों के लिए प्रथम प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रवेश परीक्षा में अपने बच्चों को लेकर आने वाले अभिभावकों ने माँ वीणावादिनी का पूजन-पुष्पांजलि अर्पित कर आर्शीवाद प्राप्त किया। आज एनएसजीआई की एनएसपीएस त्रिपुला और एनएसबीवीएम दोनों शाखाओं की सम्मिलित प्रवेश परीक्षा एनएसबीवीएम में ही सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में अपने-अपने पाल्यों को प्रवेश दिलाने के लिए काफी संख्या में आये अभिभावकों का प्रधानाचार्य ने अभिनन्दन करते हुए उनके बैठने और जलपान की यथोचित व्यवस्था कराई। परीक्षा समाप्त होने पर प्रधानाचार्य ने आये हुए सभी अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके पाल्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में 394 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन की परीक्षा जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने संयुक्त रुप से परीक्षा केंद्र आरआरपीजी कालेज तथा महाराजा अग्रसेन बालिका इण्टरमीडिएट कालेज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया।तथा परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# शिक्षा मनुष्य का आभूषण व श्रंगार है: आलिमा महशरजहां

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



शहर की मशहूर मरकज़ी दर्शगाह मरकज़े अहले सुन्नत दारुल उलूम हबीबिया गुलशने रज़ा लिलबनात का नवां वार्षिक समारोह 'जश्ने ख़त्मे बुख़ारी शरीफ व रस्मे रिदाये फज़ीलत व किरात' का बहुत भव्य आयोजन नई बिल्डिंग मरकज़े अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रज़ा लिलबनात अनवर नगर में हुआ। छात्रा फिज़ा रमज़ान ने कुरान के पाठ से आयोजन का शुभारम्भ किया। आलिमा फाज़िला खुशबू व शाज़िया ने संचालन किया। दारूल उलूम की छात्राएं जेबा, सालिाह, खुशमीन, साहिबा अमीन, खुशबू, जैनब, अलमाही ने नात पाक पेश किया। उसके बाद शहनूर व असमा ने उर्दू, अरबी, अंग्रेज़ी भाषा में वकतव्य और मज़हबी प्रोग्राम पेश किया। आलिमा फाज़िला सायमा, उम्मे कुलसूम ने प्रारम्भिक भाषण दिया। उसके बाद मुम्बई से तशरीफ लायी आलिमा फाज़िला ख़तीबा महशर जहां साहिबा ने खिताब किया और कहा कि शिक्षा मनुष्य का आभूषण व श्रंगार है, मज़हबे इस्लाम ने शिक्षा प्राप्त करने में मर्द और औरत में कोई फर्क नहीं किया क्योंकि इस्लाम दोनों को इन्सानी समाज का हिस्सा समझता है।

इसके बाद हज़रत मौलाना मुफ्ती किताबुद्दीन साहब ने हदीस की मशहूर किताब बुखारी शरीफ की आखिरी हदीस दारूल उलूम लिलबनात से फारिग़ होने वाली छात्राओं को पढ़ा कर बुखारी शरीफ पूरी करायी और कहा कि दुनिया व आख़िरत में कामयाबी की असली चाबी एख़्लास व नियत है और सभी इबादात की असली आत्मा भी एख़्लास है। इसके बाद रस्मे रिदाये फज़ीलत व क़िरात का काम हुआ और दारूल उलूम लिलबनात से 31 फारिग़ात को मखदूमा आले रसूल साहिबा, सरवरी बेगम साहिबा और दीगर मुअल्लिमात के हाथों सनद व चादर, गुलपोशी की गयी और परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली छात्राओं को इनाम दिये गये।

# एमजीएस इंटर कालेज में अब होगा बालिकाओं का भी प्रवेश

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने बताया कि आज बैठक का प्रमुख विषय विद्यालय में बालिकाओं का प्रवेश (सहशिक्षा) है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में अग्रणीय रहा है। आज भी समाज के सभी वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। व्यवसायीकरण के इस युग में जिले की गरीब परिवार की बच्चियां शिक्षा से वंचित हो रही हैं या तो शिक्षा के



लिए दूरदराज विद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ रहा है। महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज की विद्यालय प्रबंध समिति ने बालिकाओं की समस्या से अवगत होते हुए निर्णय लिया कि विद्यालय के आगामी सत्र में बालकों के प्रवेश के साथ-साथ बालिकाओं का भी प्रवेश किया जाएगा। वर्तमान सत्र में बालिकाओं का कक्षा 6, 9, 11 में प्रवेश होगा। कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान) एवं वाणिज्य वर्ग में प्रवेश किया जाएगा।

## सूचना

मेरे पति राम नारायण की इलाज के दौरान दिनांक 15 /05/ 2017 को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में मृत्यु हो गई थी। स्वर्गीय राम नारायण पुत्र स्वर्गीय राम सुंदर ग्राम पूरे गंगा मिश्र कोहरा जनपद अमेठी का परिवार काफी समय से पंजाब के डेरा बस्सी में निवास करता था। यह कि मेरे घर के मुखिया स्वर्गीय रामनारायण ही थे। हमारे दो बच्चे हैं, जिनका नाम आनंद कुमार शुक्ला और अमन कुमार शुक्ला है।

**-रीता देवी**
पत्नी स्वर्गीय राम नारायण
निवासी- ग्राम पूरे गंगा मिश्र
कोहरा, जनपद अमेठी।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 20 फरवरी को रायबरेली में

जन एक्सप्रेस । रायबरेली/
इम्जियाज अहमद खान




सांसद सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली के कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर 20 फरवरी को राहुल गांधी लेकर पहुंचेंगे। जिसको लेकर सांसद प्रतिनिधि के एल शर्मा ने रविवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि कितने प्वाइंट बनाए गए हैं और राहुल गांधी की यह न्याय यात्रा कहां कहां से होकर गुजरेगी। अमेठी से होते हुए यह यात्रा अमावां ब्लॉक से रायबरेली में प्रवेश करेगी जो रायबरेली में लगभग 70 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए लखनऊ के लिए रवाना होगी। सुबह लगभग 8 बजे यह यात्रा अमावां ब्लॉक के संदी चौराहा पहुंचेगी जहां पर राहुल गांधी का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। उसके बाद यह यात्रा राही चौराहा, मलिकमऊ चौराहा, मोटल चौराहा, सिविल लाइन चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, जेजे प्लाजा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा हाथी पार्क, यूनियन बैंक चौराहा, चंदापुर कोठी होते हुए सुपर मार्केट पहुंचेगी जहां पर राहुल गांधी का जोरदार स्वागत व सम्मान किया जाएगा और राहुल गांधी जनता को संबोधित करेंगे। उनके बाद यह न्याय यात्रा रामकृपाल चौराहा, घंटाघर चौराहा, कैपरगंज चौराहा, खोयामंडी, शहीद लालचंद स्वर्णकार प्रतिमा, कहारों का अड्डा, जहानाबाद चौकी, गल्लामंडी, रतापुर, त्रिपूला चौराहा से गंगागंज, हरचंदपुर, कुंदनगंज में स्वागत कार्यक्रम होगा। उसके बाद कन्नावां ग्रामसभा के मोड़ पर असंगठित श्रमिकों से संवाद कार्यक्रम के बाद बछरावां होते हुए टोल प्लाजा पर लंच के बाद रायबरेली से यह न्याय यात्रा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में प्रियंका गांधी के भी रहने की संभावना है।

अभी उनका स्वास्थ्य खराब है अगर बेहतर रहा तो वो कल तक रायबरेली में होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि न्याय यात्रा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल हो सकते हैं। उनको आमंत्रित किया गया है लेकिन अभी तक उनकी तरफ से कन्फर्मेशन नहीं आया है। लेकिन जैसे ही कन्फर्मेशन आएगा सबके सामने उसे रखा जायेगा। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश महामंत्री समेत कांग्रेस के अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस प्रेसवार्ता में सांसद प्रतिनिधि के एल शर्मा के साथ यात्रा प्रभारी राजेश यादव, जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, सुशील पासी, वी के शुक्ला, मीडिया इंचार्ज विनय द्विवेदी, धीरज श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाबू कृषि फार्म पर वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन

**✻ किसानों के लिए सरकार तटस्थः विशेष सचिव**

**जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ**

लखनऊ जिले के इटौंजा स्थित बाबू कृषि फार्म पर बृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने की तथा डॉ अंसारी ने वैज्ञानिकों एवं किसानों का स्वागत किया। चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने उर्वरकों व कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग पर चर्चा की तथा प्रमुख रूप से जायद में सूरजमुखी, उड़द एवं मूंग, खीरा,ककड़ी, खरबूजा एवं तरबूज की खेती पर विस्तृत जानकारी दी और आलू की खुदाई तथा भंडारण हेतु प्रभावी बिंदुओं पर चर्चा की। डॉ सिंह आम की फसल पर प्रमुख रूप से किसानों को आगाह करते हुए बताया कि इस समय मौसम में परिवर्तन हो रहा है जिससे आम पर रस चूसने वाले कीटों की संख्या बढ़ेगी उन्होंने बताया कि आम पर हापर कीट बहुत तेजी से बढ़ता है किसानों को बताया कि समय पर इमिडाक्लोप्रिड 0.5 एमएल एवं क्लोरोपायरीफास 1 एम एल मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। प्रमुख रूप से मौसम परिवर्तित होने पर आम की फसल पर खर्रा एवं दहिया बीमारी तेजी से फैलती है इससे बचाव हेतु कार्बेडाजिम 12त्न तथा मैनकोज़ेब 62त्न की 3 ग्राम मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी। और कहा कि अभी पिछले 40 दिन से अधिक ठंड होने के कारण आम पर पुष्पन देर से होगा इसलिए किसी भी जहरीले कीटनाशक का छिड़काव बिल्कुल ना करें। केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ के मुख्य वैज्ञानिक डॉ आर के सिंह ने आलू की उन्नतशील प्रजातियो तथा आलू बीज रखरखाव पर चर्चा की और कहा कि आलू का समय पर भंडारण किसानों को कर देना चाहिए । कृषि महाविद्यालय के निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा ने मिट्टी में जिंक की कमी से उत्पादन के ऊपर पढ़ रहे प्रभाव पर चर्चा की और कहा कि समय पर मिट्टी की जांच अवश्य कराये। आईसीटी कंपनी के प्रबंध निदेशक महावीर सिंह ने कहा कि कंपनी आलू की कई उन्नतशील प्रजातियों का ट्रायल उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कर रही है जिससे आलू का उत्पादन भी बढ़ेगा और उसकी गुणवत्ता भी सुधरेगी शीघ्र यह बीज किसानों के बीच में उपलब्ध होगा। गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मौजूदा विशेष सचिव गृह उत्तर प्रदेश सरकार योगेंश कुमार ने किसानों को बताया कि सरकार किसाने की आय बढ़ाने में तटस्थ है और हर तरह से मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं उनको ऑनलाइन पोर्टल पर अवश्य भेजनी चाहिए जिससे समय पर निदान किया जा सके। किसान गोष्ठी के आयोजक प्रगतिशील किसान हबीब खान ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कृषि फार्म पर यंत्रीकरण और बहु उपयोगी वृक्षों की विजिट करायी। तथा अपने भाई की याद में जैतून के वृक्ष का रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि हमारा कृषि फार्म आलू के बीज पर काम करता है और सस्ते दामों पर किसानों को आलू का बीज कई वर्षों से उपलब्ध कराता आ रहा है।



## यूपी बोर्ड परीक्षाओं के ऑनलाइन मॉनीटरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने रविवार को शिविर कार्यालय, शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ में नवीनीकृत सभागार का लोकार्पण तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा 22 फरवरी से प्रारम्भ हो रही 2024 हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के ऑनलाइन मॉनीटरिंग हेतु स्थापित राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्रीकी मंशा के अनुरूप 2024 की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल 8265 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिनमें 275 परीक्षा केन्द्रों को अति संवेदनशील एवं 466 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर तथा राउटर संस्थापित किये गये हैं, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनीटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी। 2024 की बोर्ड परीक्षाओं में हाईस्कूल 29,47,311 एवं इण्टर 25,77,997 कुल 55,25,308 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। इस हेतु 8265 केन्द्र व्यवस्थापक, 8265 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 8265 स्टैटिक मैजिस्ट्रेट, 1273 सेक्टर मैजिस्ट्रेट, 424 जोनल मैजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं तथा 405 सचल दलों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त शासन स्तर से प्रत्येक जनपद के लिए 75 राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गयी है। प्रत्येक जनपद में ऑनलाइन मॉनीटरिंग हेतु जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की निगरानी हेतु एसटीएफ एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई एलआईयू को सम्पूर्ण परीक्षा अवधि तक सक्रिय रखा गया है। 22 फरवरी से 09 मार्च तक आयोजित वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग नकल की प्रवृत्ति सम्भावनाओं पर अंकुश लगाने, परीक्षा की शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता, विश्वसनीयता तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शिविर कार्यालय, शिक्षा निदेशक मा 18 पार्क रोड, लखनऊ में स्थापित राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सम्पूर्ण बोर्ड परीक्षा अवधि में सुचारू व समयबद्ध एवं नियमित रूप से ऑनलाइन मानीटरिंग की जायेगी।

## भारत की सर्वांगीण उन्नति के लिए संविधान की आवश्यकता होगी : इं. भीमराज



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय संविधान सम्मान समिति का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन किशुन खेड़ा पुरैना, मोहान रोड, लखनऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंजीनियर भीमराज ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संविधान भारत राष्ट्र का धर्म ग्रंथ है। अधिवेशन में जिस विषय पर चर्चा होनी है वह विषय आज भारत का संविधान विषय एक गंभीर विषय है। डॉक्टर अंबेडकर ने जो इस देश का संविधान बनाया संविधान में भी समता बंधुत्व मैत्री भाव का समावेश किया।

बौद्ध धर्म में ना तो ईश्वर है, न ही आत्मा, न पुनर्जन्म, न भाग्यवाद न स्वर्ग है न नरक है। इसलिए अंधविश्वास का जन्म ही इससे नहीं हो सकता है। तथागत बुद्ध की सीख मनुष्य की विवेक बुद्धि को खुली छूट देती है, और डॉक्टर अंबेडकर के अनुसार विवेक बुद्धि ही मनुष्य की सारी तरक्की का कारण है, इसलिए जिस धर्म से मनुष्य की विवेक बुद्धि कुंठित ना हो ऐसा धर्म मनुष्य के लिए हितकर होगा, यही सोच उनके दिमाग में रही जिस कारण उन्होंने बौद्ध धर्म को ग्रहण किया। पूरी दुनिया जो शान्ति अहिंसा के सिद्धांत को मानते हैं और शान्ति प्रिय ढंग से अपने परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं, वह लोग सदैव युद्ध नहीं चाहते हैं और बुद्ध को ही मानते हैं। परिवार, समाज और देश तभी तरक्की कर सकते हैं,जब युद्ध को त्याग दें, बुद्ध को आदर्श मानकर करूणा और मैत्री भाव से समाज, देश को आगे बढ़ायें। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विश्वनाथ, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति वित्त निगम, भन्ते आर्य वंश, भन्ते बोधी रत्न शिव कुमार रावत, कार्यक्रम में मुख्य रूप विमला देवी, महामंत्री, डाक्टर देवेन्द्र सिंह यादव, आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता भन्ते अमरबोधि ने किया।

## टाइमर बम बनाने की मास्टरमाइंड महिला दबोची गई

**यूपी एसटीएफ पहले इसके साथी जावेद को कर चुकी गिरफ्तार**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के मुजफ्फर नगर में दर्ज टाइमर बम बनाने के मामले में एसटीएफ ने आज टाईमर बम तैयार कराने वाली महिला को मुजफ्फर नगर के थाना कोतवाली नगर 198/30 काली नदी पुलिस चौकी के पास प्रेमपुरी से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई महिला इमराना टाईमर बम तैयार की मास्टर माइण्ड बताई गई है। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि पकड़ी गई महिला गांव निरमाना की रहने वाली है। इसके पिता शकूर थे, जिनकी मौत हो चुकी है। इसकी शादी करीब तीस वर्ष पहले आजाद से हुई थी।इसके तीन बच्चे पैदा हुए। बडी लड़की रूकसार देहरादून में रहती है। एक लड़का मोनू 24 वर्ष का था जिसकी 6 माह पहले अटैक से मृत्यु हो चुकी है तथा उससे छोटा लडका सोनू 21 वर्ष का है।जो कपडेघ् का काम करता है। मेरे पति पहले लकड़ी का काम करते थे, अब पशु पालते हैं। लगभग 20-22 वर्ष से मैं अपने पति के साथ मकान लेकर मौहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फर नगर में रह रही है तथा ससुराल बन्ती खेडा में आती जाती रहती है।एडीजी एसटीएफ ने बताया कि यह मंगलवार व शुक्रवार को गांव बन्तीखेडा जाती है तथा वहा झाड़ फूक व दवाई देने का काम करती है।इसके पास सभी तरह के लोग आते रहते हैं। करीब 20 वर्ष पहले से जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे।जिनसे वह अपनी व अपने पति की दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद भी इसे वहीं पर मिल जाता था। जावेद की मॉ नेपाल की रहने वाली है। जावेद के चाचा अर्शी लाईसैंस पर पटाखे बनाने का काम करते थे।जावेद भी उनके पास पटाखे बनाने का काम करता था। करीब 12-13 वर्ष पहले इसने जावेद से दो बम लिये थे जो इसने अपने घर पर रख लिये थे। एक बम की बत्ती निकल गयी थी कोई बडी घटना न हो जाये इस डर के कारण उसे काली नदी में फेक दिया था। वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में हिन्दू मुस्लिम झगड़ा हो गया था तो हिंदुओ ने इसका घर जला दिया था, जिसमें इसका काफी नुकसान हो गया था, जिसे लेकर वह काफी गुस्सा थी। इसके बाद उसने जावेद से मुलाकात कर कुछ बम बनवाये थे ताकि आगे कोई झगड़ा हो तो उसमें काम आयेंगे। वह बम इसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिये थे ,जिनको इसने दिये थे। उनके नाम पता वह अब नही जानती है। इस बार करीब 15 दिन पहले जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आयेंगे। जावेद मीरापुर से अपने जानने वाले के पास से बारूद लाकर बम बनाता है। इस बार बारूद कम मिलने के कारण जावेद पांच ही बम बना पाया था। जावेद ने यह भी बताया था कि एक बम गर्म होकर खराब हो गया था।जिसे काली नदी में फेंक दिया था। जावेद उसके पास चार बम लेकर आ रहा था ।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मेहमानों का मंनोरंजन करेगें 350 कलाकार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 शामिल होने आए अतिथि सोमवार को लखनऊ हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) की यात्रा करेंगे। रास्ते में 14 सांस्कृतिक मंचों पर 350 कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर उनका मनोरंजन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्ध्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। हवाई अड्डे से आईजीपी तक कुल 14 मंच बनाए जा रहे हैं। जिन पर 22 सांस्कृतिक मंडलों के 350 कलाकार प्रदर्शन करेंगे और यहां आने वालों को यूपी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाएंगे। जानकारी के अनुसार आईजीपी में 19-20 फरवरी को बॉलीवुड कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। बिरजू महाराज कथक संस्थान द्वारा राम स्तुति पर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की जायेगी। लोकप्रिय पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर भी अपने मधुर गीतों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।

## मरीजों को मिलेगी एयर एंबुलेंस की सुविधा

**✻ स्वास्थ्य विभाग करेगा एयर एंबुलेंस कंपनियों से करार**

**✻ एसजीपीजीआई व केजीएमयू में हवाई पट्टी**




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मरीजों को एयर एंबुलेंस की सुविधा देने की तैयारी है, इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे मरीजों को तत्काल एक शहर से दूसरे शहर पहुंचाया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एयर एंबुलेंस कंपनियों से करार किया जाएगा। इससे एयर एंबुलेंस का खर्चा तय कर दिया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग की रणनीति है कि एयर एंबुलेंस कंपनियों से करार करके दूरी और समय के हिसाब से दर तय कर दी जाए जिससे भर्ती गंभीर मरीज को दूसरे शहर में शिफ्ट करने में सुविधा रहे। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर के मुताबिक एयर एंबुलेंस सुविधा शुरू होने से प्रदेश के मरीजों के साथ आसपास के प्रदेश के मरीजों को भी यहां ले आने में सहूलियत मिलेगी। प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।एसजीपीजीआई में करीब तीन साल पहले इमरजेंसी ब्लॉक के बगल में एयर एंबुलेंस के लिए रनवे बनाने की जगह चिह्नित की गई है। अभी तक यह परियोजना शुरू नहीं हो पाई है। इसी तरह केजीएमयू के ट्रामा फेज-2 की परियोजना में एयर एंबुलेंस उतारने की सुविधा दी जाएगी। लखनऊ के चिकित्सा संस्थानों के बाद झांसी, गोरखपुर, वाराणसी, आगरा, मेरठ सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी हवाई पट्टी बनाई जाएगी। इससे यहां भर्ती होने वाले मरीजों को दूसरी जगह भेजने और मरीजों को अन्य स्थानों से यहां लाने में आसानी होगी। दो साल पहले उन्नाव रेप पीड़िता के सड़क हादसे में घायल होने के बाद सरकारी खर्चे पर एयर एंबुलेंस ली गई थी। ऐसे में केजीएमयू से लेकर एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। लोहिया संस्थान की डॉक्टर को चेन्नई भेजने के लिए भी किराये पर एयर एंबुलेंस ली गई थी। सुविधा शुरू होने के बाद ग्रीन कॉरिडोर नहीं बनाना पड़ेगा।

## 18 फरवरी 1911 को प्रयागराज में आरम्भ हुई थी दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

डाक सेवाओं ने पूरी दुनिया में एक लम्बा सफर तय किया है। प्रयागराज को यह सौभाग्य प्राप्त है कि दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा यहीं से आरम्भ हुई। पीएमजी वाराणसी एवं प्रयागराज कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ऐतिहासिक घटना 113 वर्ष पूर्व 18 फरवरी 1911 को प्रयागराज में हुई थी। संयोग से उस साल कुंभ का मेला था। फ्रेंच पायलट मोनसियर हेनरी पिक्केटने नया इतिहास रचा था। वे अपने विमान में प्रयागराज से नैनी के लिए 6500 पत्रों को साथ लेकर उड़े। विमान था हैवीलैंड एयरक्राफ्ट और इसने दुनिया की पहली सरकारी डाक ढोने का एक नया दौर शुरू किया। प्रयागराज में उस दिन डाक की उड़ान देखने के लिए लगभग एक लाख लोग इकट्ठे हुए थे जब एक विशेष विमान ने शाम को साढ़े पांच बजे यमुना नदी के किनारों से उड़ान भरी और वह नदी को पार करता हुआ 15 किलोमीटर का सफर तय कर नैनी जंक्शन के नजदीक उतरा जो प्रयागराज के बाहरी इलाके में सेंट्रल जेल के नजदीक था। आयोजन स्थल एक कृषि एवं व्यापार मेला था जो नदी के किनारे लगा था और उसका नाम 'यूपी एक्जीबिशन' था। इस प्रदर्शनी में दो उड़ान मशीनों का प्रदर्शन किया गया था। विमान का आयात कुछ ब्रिटिश अधिकारियों ने किया था। इसके कलपुर्जे अलग अलग थे जिन्हें आम लोगों की मौजूदगी में प्रदर्शनी स्थल पर जोड़ा गया। प्रयागराज से नैनी जंक्शन तक का हवाई सफ़र आज से 113 साल पहले मात्र 13 मिनट में पूरा हुआ था। यह उड़ान महज छह मील की थी, पर इस घटना को लेकर प्रयागराज में ऐतिहासिक उत्सव सा वातावरण था। ब्रिटिश एवं कालोनियल एयरोप्लेन कंपनी ने जनवरी 1911 में प्रदर्शन के लिए अपना एक विमान भारत भेजा थाए जो संयोग से तब प्रयागराज आया जब कुम्भ का मेला भी चल रहा था। वह ऐसा दौर था जब जहाज देखना तो दूर लोगों ने उसके बारे में ठीक से सुना भी बहुत कम था। ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर अपार भीड होना स्वाभाविक ही था। इस यात्रा में हेनरी ने इतिहास तो रचा ही पहली बार आसमान से कुंभ का दर्शन किया। कर्नल वाई विंधाम ने पहली बार हवाई मार्ग से कुछ मेल बैग भेजने के लिए डाक अधिकारियों से संपर्क किया जिस पर उस समय के डाक प्रमुख ने अपनी सहर्ष स्वीकृति दे दी। मेल बैग पर 'पहली हवाई डाक' और 'उत्तर प्रदेश प्रदर्शनी, इलाहाबाद' लिखा था। इस पर एक विमान का भी चित्र प्रकाशित किया गया था। इस पर पारंपरिक काली स्याही की जगह मैजेंटा स्याही का उपयोग किया गया था। आयोजक इसके वजन को लेकर बहुत चिंतित थे।

## डबल इंजन की सरकार न किसानों की हितैषी है न कर्मचारियों की : अंगारा

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** डबल इंजन की सरकार न किसानों की हितैषी है और न ही कर्मचारियों की, दोनों अनवरत अपनी समस्याओं से सरकार को अवगत करा रहे हैं लेकिन सरकार है कि सुनती ही नही। यह विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि राज्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन का मामला हो या किसानों की मांगो का मामला हो,दोनों संगठनों की मांग जायज है। सरकार का जोर जबरदस्ती करना, लम्बा खींचना और आंदोलनों को सफल न होने देना लोकतंत्र विरोधी कृत्य है। श्री अंगारा ने कहा, प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप कर दोनों संगठनों की मांग मान लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों संगठनों को अपनी जायज मांगों को अलग अलग न कर मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करना चाहिए। इस बहरी, गूंगी सरकार को 2024 के चुनावों में उखाड़ फेंकें। इस डबल इंजन की सरकार से कोई उम्मीद नजर नहीं आती है, केवल अब इसे हटाना ही असली समाधान की राह खोलेगा।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लोकदल का समर्थन

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ सुनील सिंह के निर्देश पर लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता और प्रभारी यूपी जयराम पान्डेय ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को समर्थन का ऐलान किया है। लोक दल की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह ने 1980 मे की थी। इस लोकदल में स्व मुलायम सिंह यादव,स्व देवीलाल, जीबी पटनायक, कर्पूरी ठाकुर, राम बिलास पासवान, नितीश कुमार आदि रहे है। पूरे देश के किसान लोक दल का चुनाव चिन्ह खेत जोतता हुआ किसान अपने झंडे के रुप मे इस्तेमाल करते है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार से उत्तर प्रदेश मे प्रवेश पर कॉग्रेस को लोकदल ने भी न्याय यात्रा को समर्थन दिया है।

## राहुल की न्याय यात्रा में रायबरेली में शामिल होंगे अखिलेश

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को यूपी में प्रवेश कर चुकी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 20 फरवरी को रायबरेली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। संभावना है कि इसके पहले सीट बंटवारे पर पूरी बात हो जाएगी। दोनों पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा 27 जनवरी से अटका हुआ है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की घोषणा की थी जिससे पार्टी के शीर्ष और उत्तर प्रदेश नेतृत्व को आपत्ति हुई थी। इसके बाद से सीट-बंटवारे में और प्रगति नहीं हुई है। 11 सीटों को लेकर कांग्रेस की ओर से कोई स्वीकारोक्ति नहीं की गई। दोनों पार्टियां लगातार कहती रही की बातचीत जारी है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के न्याय यात्रा में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया।कल सपा के राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश, राहुल के साथ कुछ दूरी के लिए न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह बछरावां रायबरेली में यात्रा में शामिल होंगे। बछरावां विधानसभा सीट एसपी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में जीती थी। रायबरेली और अमेठी दो लोकसभा क्षेत्र हैं जहां एसपी ने कई लोकसभा चुनावों में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। पहले प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद दोनों पार्टियां गांधी और यादव परिवार के सदस्यों के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतार रहे थे।अखिलेश ने पहले कहा था कि न्याय यात्रा के यूपी में प्रवेश करने से पहले सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## बेख़ौफ़ होकर चारागाह की जमीन पर किया जा रहा है अवैध निर्माण

**✻ पूर्व लेखपाल ने रुकवाया था चारागाह की जमीन पर हो रहें अवैध निर्माण कार्य को**

**✻ लेखपाल का ट्रांसफर होते ही पुनः शुरू हुआ चारागाह की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य**

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**

लखनऊ। अवैध कब्जेदार बेखौफ होकर ग्राम डिघिया में स्थित खसरा संख्या 92 रखवा करीब 20 बीघा जो राजस्व अभिलेखों में चरागाह के नाम दर्ज है, जिस पर अवैध कब्जेदार मुन्नू खेड़ा निवासी रामप्रताप यादव व सुमित यादव व अन्य लोगों द्वारा जबरन अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि पूर्व में हो रहें अवैध निर्माण कार्य को पूर्व लेखपाल विजय प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर रुकवाया था और हिदायत देकर लिखा पड़ी कर दोबारा काम ना शुरू करने को कहा था, उनके रहते चारागाह की जमीन पर निर्माण नहीं शुरू हुआ पर उनके ट्रांसफर होते ही पुनः अवैध रूप से खसरा संख्या 92 पर शुरू हुआ निर्माण कार्य जो तैयार होने की कगार पर, वहीं चारागाह की भूमि को सुरक्षित कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है, अब देखना यह होगा कि पूर्व लेखपाल द्वारा अवैध कबजेदारों के खिलाफ जो लिखा पड़ी कर संबंधित न्यायालय को भेजा था उस पर क्या कार्रवाई होगी।



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सुनील दत्त त्रिपाठी पुत्र श्री गणेश त्रिपाठी है। मेरा यूपी सैनिक स्कूल लखनऊ का हाई स्कूल उत्तीर्ण वर्ष – मार्च, 1985 का अंक पत्र जिसका इंडेक्स नंबर टी/412/042 तथा इंटरमीडिएट उत्तीर्ण वर्ष मार्च 1987 का अंक पत्र जिसका इंडेक्स नंबर बी /861/031 है, वास्तव में कहीं खो गया है, जिस किसी भी व्यक्ति को मिले निम्न पते पर सूचना देने का कष्ट करें।

–सुनील दत्त त्रिपाठी
पुत्र श्री गणेश त्रिपाठी
निवासीः टाइप –5
क्वार्टर संख्या – 10,
सीआरपीएफ समूह केंद्र,
बिजनौर, लखनऊ, यूपी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# हिन्दुत्व से सभी का विकास

**यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 26 करोड़ जनता का विश्वास लेकर प्रदेश को बीमारू राज्य से निकाल कर यहां रामराज्य का वातावरण गढ़ दिया है।**

*अभी केवल सात वर्ष ही हुए हैं। बीमार उत्तर प्रदेश अब विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय ब्रॉन्ड बन कर उभर रहा है। ब्रॉन्ड योगी जैसे सात्विक और सतत क्रियाशील नेतृत्व ने इस अति पिछड़े और माफियाओं की जकड़ में घुट रहे प्रदेश को आज ब्रॉन्ड यूपी बनाकर दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व की औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक संस्थाएं उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और लाखों करोड़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव पड़ रही है। 2017 के बाद 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और श्रम की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था उत्तम हो। सामान्य जन सुरक्षित महसूस करें। कोई भी औद्योगिक इकाई या व्यापारिक गतिविधि तभी सफल होकर परिणाम दे सकती है। 2017 से पूर्व इस प्रदेश में ऐसी सोच की कल्पना भी संभव नहीं थी। बड़े उद्योग अथवा व्यापार के लिए तो परिवेश ही नहीं था। सत्ता माफिया के साथ रहती थी। अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग किस्म के माफिया के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सत्ता में इनका दबदबा था। कानून व्यवस्था सम्हालने वालों को इनके इशारे पर काम करना पड़ता था। प्रदेश भारी कर्ज की बोझ में दबा था। इस प्रदेश के प्राण तत्व स्वरूप जो स्थल थे वहां की हालत जर्जर थी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग, नैमिशरण्य और विंध्य क्षेत्र जैसे स्थल तो सरकार की दृष्टि में ही नहीं थे। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जब इस प्रदेश की कमान अपने हाथ में ली तो कथित राजनीति के रणनीतिकार कुछ समझ ही नहीं पाए। उन्हें लगा कि एक संन्यासी भला 26 करोड़ रुपये की आबादी वाले इस प्रदेश को कहां लेकर चल पाएगा। यहीं उन राजनीतिक पंडितों से चूक हो गई। योगी आदित्यनाथ की शक्ति और उनके ध्येय वाक्य से वे परिचित नहीं थे। योगी हमेशा कहा करते थे कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 26 करोड़ जनता का विश्वास लेकर प्रदेश को बीमारू राज्य से निकाल कर यहां रामराज्य का वातावरण गढ़ दिया है। इस बार तो उन्होंने उत्तर प्रदेश का बजट भी श्रीराम के चरणों में ही समर्पित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में चौथी बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी होने जा रही है। लाखों करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक उत्तर प्रदेश चमक रहा है। वैश्विक परिवेश के वैश्विक आयोजन हो रहे हैं। अभी केवल सात वर्ष पहले जो प्रदेश हिंसा, नफरत और साम्प्रदायिकता की आग में जल रहा था, आज तस्वीर बदल चुकी है। योगी का वह विश्वास हर ओर स्थापित होता दिख रहा है कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**विश्व पुस्तक मेले के आयोजन में इस बार बच्चों को विशेष रूप से केन्द्र में रखा गया है ताकि उनका जुड़ाव अच्छी पुस्तकों से ज्यादा से ज्यादा हो और वे अपने जीवन में मित्र के रूप में पुस्तक पढ़ने को स्वीकारें। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुस्तकें हर समय साथ निभाती हैं और वास्तविक संतुष्टि पुस्तकें पढ़ने से ही मिलती है। अच्छी पुस्तकें बच्चों और युवा पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारित और चरित्रवान बनाने में तो बहुत बड़ी भूमिका निभाती हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जिन लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों में होती है, वे पुस्तक पढ़े बिना संतुष्ट नहीं होते, फिर भले ही उस पुस्तक में वर्णित बातें विभिन्न संचार माध्यमों से वे पहले ही जान चुके हों।**


# दिल्ली में सजा एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक मेला



योगेश कुमार गोयल

**पुस्तक खरीदने के माहौल में बड़े हों और पुस्तक-पठन संस्कृति को फैलाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 1957 को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना की गई थी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास समाज के सभी आयु वर्ग के लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में पुस्तकों के प्रचार और प्रकाशन में सक्रिय रहा है।**

नई दिल्ली में प्रतिवर्ष नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) द्वारा एक विशेष थीम के साथ एशिया के सबसे बड़े विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 10 से 18 फरवरी के बीच 'बहुभाषी भारत- एक जीवंत परम्परा' थीम के साथ पुस्तक प्रेमियों के लिए दिल्ली के प्रगति मैदान में कुल 9 दिनों तक 51वें विश्व पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है, जिसके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और भाषाई विविधता को परिलक्षित किया जा रहा है। पुस्तक मेले में बच्चों की भाषा सीखने के कौशल को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न भाषाओं में कई तरह की पुस्तकें शामिल की गई हैं। विश्व पुस्तक मेले का अतिथि देश इस बार सऊदी अरब है। इसके अलावा यूके, फ्रांस, स्पेन, तुर्किये, इटली, रूस, ताइवान, ईरान, यूएई, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल सहित कई अन्य देश भी पुस्तक मेले में हिस्सा ले रहे हैं। पुस्तक मेले में हिन्दी, अंग्रेजी सहित कुल 22 भारतीय भाषाओं के अलावा कई विदेशी भाषाओं के साहित्य का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में सऊदी अरब सहित अन्य विदेशी साहित्य को अलग से स्थान दिया गया है। एनबीटी के मुताबिक 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला' एनडीडब्ल्यूबीएफ प्रकाशन जगत का एक प्रमुख कैलेंडर कार्यक्रम है, जो पिछले 50 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष एनडीडब्ल्यूबीएफ के 51 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। पिछले साल नई दिल्ली में भव्य विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली में 25 फरवरी से 5 मार्च तक कुल 9 दिन तक आयोजित किया गया था। विश्व पुस्तक मेला पुस्तकों और साहित्य का सबसे बड़ा उत्सव है, जिसका इंतजार केवल राजधानी दिल्ली के ही नहीं बल्कि देशभर के साहित्यकार और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग करते हैं। इसमें न केवल भारत के बल्कि दुनियाभर के प्रकाशक, लेखक और पाठक हिस्सा लेते हैं। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा पहली बार 1972 में 18 मार्च से 4 अप्रैल तक 'विश्व पुस्तक मेला' दिल्ली के जनपथ रोड पर विंडसर प्लेस में आयोजित किया गया था, जिसमें दो सौ प्रकाशकों ने भाग लिया था और उसका उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। शुरुआत में पुस्तक मेले में 4-5 देश ही शामिल होते थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 30 से भी ज्यादा हो गई है। 1972 से 2012 तक पुस्तक मेले का



**विश्व पुस्तक मेला पुस्तकों और साहित्य का सबसे बड़ा उत्सव है, जिसका इंतजार केवल राजधानी दिल्ली के ही नहीं बल्कि देशभर के साहित्यकार और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग करते हैं। इसमें न केवल भारत के बल्कि दुनियाभर के प्रकाशक, लेखक और पाठक हिस्सा लेते हैं।**

आयोजन बाइनियल ईयर सम संख्या का वर्ष में किया जाता था, उसके बाद से इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। विश्व पुस्तक मेले का इस साल 51 वर्षों का सफर पूरा हो रहा है। देश में बच्चों के ऐसे भविष्य की परिकल्पना करते हुए, जहां बच्चे पुस्तकें पढ़ने तथा पुस्तक खरीदने के माहौल में बड़े हों और पुस्तक-पठन संस्कृति को फैलाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 1957 को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना की गई थी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास समाज के सभी आयु वर्ग के लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में पुस्तकों के प्रचार और प्रकाशन में सक्रिय रहा है। हालांकि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हो गया है किन्तु बुद्धिजीवियों का स्पष्ट मानना है कि हर समय यह संभव नहीं कि पुस्तकों के स्थान पर मोबाइल या लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए। पुस्तकों की महत्ता और इनसे अर्जित ज्ञान के संबंध में सदैव कहा जाता रहा है कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता और पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, पहचानों और भाषाओं के माध्यम से अपनी विशिष्टताओं को प्रकट करते हुए एक कहानी और एक सामान्य विरासत के आसपास लोगों को एक साथ लाती हैं। साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकन उपन्यासकार तथा कहानीकार अर्नेष्ट हेमिंग्वे ने कहा था कि एक पुस्तक से ईमानदार मित्र कोई नहीं होता। आज के युग में समयाभाव का रोना रोते हुए हम भले ही त्वरित जानकारियों के लिए सोशल मीडिया या अन्य संचार स्रोतों पर आश्रित हो जाएं लेकिन सत्य यही है कि ज्ञान, मनोरंजन और अनुभव की बातें कहती पुस्तकों की महत्ता कभी कम नहीं हो सकती और न ही कभी पुस्तकों का अस्तित्व मिट सकता है। बहरहाल, पुस्तक मेले के माध्यम से बच्चों के अलावा मेले में मौजूद अन्य लोगों को भी पुस्तकों के सकारात्मक प्रभाव से जोड़ने की पहल सराहनीय है। विश्व पुस्तक मेले के आयोजन में इस बार बच्चों को विशेष रूप से केन्द्र में रखा गया है ताकि उनका जुड़ाव अच्छी पुस्तकों से ज्यादा से ज्यादा हो और वे अपने जीवन में मित्र के रूप में पुस्तक पढ़ने को स्वीकारें। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुस्तकें हर समय साथ निभाती हैं और वास्तविक संतुष्टि पुस्तकें पढ़ने से ही मिलती है। अच्छी पुस्तकें बच्चों और युवा पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारित और चरित्रवान बनाने में तो बहुत बड़ी भूमिका निभाती हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जिन लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों में होती है, वे पुस्तक पढ़े बिना संतुष्ट नहीं होते, फिर भले ही उस पुस्तक में वर्णित बातें विभिन्न संचार माध्यमों से वे पहले ही जान चुके हों।

## एक्सप्रेस कविता

*महान राष्ट्र की पहचान, परिश्रम और बलिदान। महान राष्ट्र की पहचान, युवा उठो जागो अपने स्वयं को पहचानो, श्रम शक्ति और लगन, देश के विकास के लिए तुम्हें पैदा करनी है अगन। भारत है युवाओं का देश अनेक है यहां परिवेश, हमें आत्मनिर्भर है होना विकास के योगदानों को हमें नहीं है किसी तरह है खोना, सुई से लेकर जहाज तक, आलू से लेकर चावल दाल तक हमें उत्पादन है बहुत बढ़ाना, उठो वीर देश के नौजवानों सीमा पर अपना सीना तानों, युवा कंधों पर है तुम्हारे भार समृद्धि और विकास की वृद्धि करनी है आर-पार, देश में हुए राणा प्रताप,शिवाजी सुभाष, नेहरू और महात्मा गांधी, तुम्हें ही अपने कामों से बनना है देश के लिए विकास की बड़ी आंधी, नव जवानों उठो बढ़ो आगे तुम्हें देश को ले जाना है।*

\- संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सफल मनुष्य वही है जो सभी के हितों का ध्यान रखता है. स्वार्थी व्यक्ति सिर्फ स्वंय के हितों का ध्यान रखते हैं*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 08:49 तक |
| नक्षत्र: | मृगशिरा 10:33 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | विष्कम्भ, 12:01 तक |
| सूर्योदय: | 06:40 |
| सूर्यास्त: | 18:01 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 08:05-09:30 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:58-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### अटकलें हैं तेज़ !

*छोड़ देंगे पार्टी ।*
*हो गए नाराज़ ।।*
*अटकलें हैं तेज़ ।*
*ना रहा कुछ राज ।।*
*सपरिवार जाना है ।*
*लिया उन्होंने ठान ।।*
*हो चुके मज़बूत ।*
*ना भटकाना ध्यान ।।*
*लगे भले ही वक्त ।*
*ख़बर आने वाली ।।*
*घटनाक्रम दिलचस्प ।*
*आ सकती हरियाली ।।*
*हो चुका है मोहभंग ।*
*दौर अलग है आया ।।*
*लग रहा है इधर से ।*
*है पूरा सफ़ाया ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गठिया रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं हरसिंगार के पत्ते



**हरसिंगार** के पेड़ के फायदों का जिक्र आयुर्वेद में मिलता है। इस पेड़ की छाल, पत्तियां और फूलों का उपयोग सदियों से सेहत के लिए किया जा रहा है। इस रात की चमेली या पारिजात के नाम से भी जाना जाता है। इसके फूल सफेद और निचला हिस्सा नारंगी रंग का होता है। इसके फूलों से महक आती है। यह फूल सुबह पेड़ से गिर जाते हैं। हरसिंगार के फूलों को तेल में मिलाकर लगाने से जोड़ों और अर्थराइटिस के दर्द में आराम मिलता है।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण:** हरसिंगार में सूजनरोधी गुण होते हैं। गठिया जैसी स्थितियों में, जहां सूजन जोड़ों के दर्द में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, हरसिंगार सूजन को कम करके राहत प्रदान कर सकता है। इसके सक्रिय कंपाउंड सूजन को काम करते हैं, जिससे गठिया से जुड़े दर्द में राहत मिलती है।

**एनाल्जेसिक प्रभाव:** हरसिंगार में प्राकृतिक एनाल्जेसिक या दर्द कम करने वाले गुण होते हैं, जो इसे जोड़ों के दर्द कम करने में मददगार बनाते हैं। नर्वस सिस्टम पर कार्य करके और दर्द संकेतों को रोककर, यह गठिया व जोड़ों में दर्द को कम कर सकता है। हरसिंगार के नियमित सेवन से दर्द में कमी आ सकती है, जिससे गठिया रोगियों के जीवन की क्वालिटी में सुधार हो सकता है।

**एंटीऑक्सीडेंट्स:** हरसिंगार में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गठिया में, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस टिश्यू को डैमेज कर सकते हैं और जोड़ों की सूजन को बढ़ा दते हैं। हरसिंगार के एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इससे जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है।

**जोड़ों के दर्द को कम करें:** गठिया और जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए आप हरसिंगार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें कैल्शियम और फास्फोरस पाया जाता है। यह मिनरस्ल हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। हरसिंगार के नियमित सेवन से बोन डेंसिटी बेहतर होती है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# कॉर्पोरेट घराने धरना प्रदर्शन क्यों नहीं करते?



डॉ० ओ०पी० मिश्र

**सही भी है अपने देश के अन्नदाताओं को दूतकारों और विदेश से खाद्यान्न मांगाओ और बाटो। केंद्र सरकार सोच रही होगी कि जो सबसे अधिक गरीब है वे तो चुप है। किंतु जिनकी हालत बेहतर है वह आंदोलन कर रहे हैं, सड़क जाम कर रहे हैं, दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं।**

**हमें पूछने का अधिकार है कि आप चुनाव में जो पैसा पानी की तरह बहाते हैं वह लाते कहां से हो? यह हमें जानने का अधिकार है क्योंकि कॉरपोरेट घराने जब आपको पैसा देंगे चुनाव जितवाएंगे तो बदले में वह सब कुछ चाहेंगे जो आप न भी देना चाहो। कहा जाता है कि कृतज्ञता हमसे वह सब कुछ करा लेती है जो नियम की दृष्टि से गलत है। इसलिए ऐसा किया जाना और ऐसा करना स्वाभाविक है।**

**अगर** देश की आजादी के समय की बात को छोड़ दिया जाए जिसमें बड़े-बड़े लोगों ने भी, धनवानो और पूंजीपतियों ने भी जेल किया यात्रा की थी। भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन किया था। लेकिन आजादी के बाद आज तक एक भी मौका ऐसा नहीं आया है जिसमें कॉर्पोरेट घराने के लोगों को अपना कर्ज माफ कराने के लिए जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करना पड़ा होगा। इसके इतर किसानों को अपनी उपज का सही मूल पाने के लिए एमएसपी लागू करवाने के लिए समय-समय पर सड़कों पर उतरना पड़ा है। और न केवल लाठी डंडे खाने पड़े बल्कि किसानों को काल के गाल में भी सामना पड़ा है। इतना ही नहीं किसानों को अपना तमाम अपमान भी बर्दाश्त करना पड़ा है। उन्हें देशभक्ति का प्रमाण पत्र भी देना पड़ा है क्योंकि सरकार के लोगों ने उन्हें आतंकवादी षड्यंत्रकारी तथा खालिस्तानी तक कहा है? क्या वास्तव में देश का किसान आतंकवादी है? क्या पंजाब का किसान राष्ट्रद्रोही है? क्या किसानों को अपनी मांग के समर्थन में सड़कों पर उतरना राष्ट्रद्रोह किस श्रेणी में आता है? आज सरकार के नुमाइंदे तथा व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के संचालकों को यह समझ लेना चाहिए की सड़कों पर कोई भी व्यक्ति या संगठन मजबूरी में उतरता है।वह तब उतरता है जब उसकी आशा और उम्मीद धूमिल पड़ने लगती है। वह तब सीमाओं को लॉघता है जब उसे लगता है कि सरकार बहरी और गूंगी हो चली है। किसान तब सड़क पर उतरता है जब उसे लगता है कि उसका अस्तित्व खतरे में है। आज व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी यह बता रही है कि अगर एमएसपी लागू हो गया तो देश पर बड़ा संकट आ जाएगा? अरे 80 करोड लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देने पर जब आर्थिक संकट नहीं आया तो किसानों के समर्थन मूल्य से क्या फर्क पड़ जाएगा? अरे इतना ही नहीं जब 10 साल में कॉर्पोरेट घराने के लोगों का 13 लाख करोड़ रूपये माफ कर देने से देश पर संकट के बादल नहीं आए तो किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल जाने से क्या फर्क पड़ जाएगा? मैने अपने लेख के प्रारंभ में कॉर्पोरेट घरानों के धरना प्रदर्शन की बात की थी और कहा था कि उन्हें अपनी मांगे मनवाने के लिए हड़ताल नहीं करनी पड़ती। तो उसका जवाब यह है कि भारत की मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में कॉर्पोरेट घराने का 13 लाख करोड रुपये बगैर धरना प्रदर्शन माफ कर दिया। जबकि किसान अपने कर्ज माफी के लिए सड़क पर हैं। वे सड़क पर कब तक रहेंगे कहां नहीं जा सकता। उनकी मांगे पूरी होगी या नहीं होगी कहां नहीं जा सकता। अगर अन्नदाता इसी तरह सड़क पर रहा तो कहां से आएगा खाद्यान्न जो 80 करोड लोगों के बीच बटना है। वैसे केंद्र सरकार ने विदेशों से उड़द दाल तो मांगना शुरू कर दिया है अभी कुछ दिनों में ही अरहर की दाल भी मंगाई जाएगी। सही भी है अपने देश के अन्नदाताओं को दूतकारों और विदेश से खाद्यान्न मांगाओ और बाटो । केंद्र सरकार सोच रही होगी कि जो सबसे अधिक गरीब है वे तो चुप है। किंतु जिनकी हालत बेहतर है वह आंदोलन कर रहे हैं, सड़क जाम कर रहे हैं, दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं। ठीक ही तो है जो बिल्कुल गरीब है वे मूक है, बिखरे हुए हैं। शताब्दियों से कुचले हुए हैं वह लड़ नहीं सकते। वे सड़क पर ठिठुर कर मर सकते हैं पर लूट-पाट नहीं कर सकते। वे भूख से जान दे सकते हैं पर अन्न के गोदाम नहीं लूट सकते। क्योंकि अन्न उसकी कमजोरी है और उसकी कमजोरी का फायदा उठाकर सरकार उनको मुफ्त में अन्न दे रही है। इसके विपरीत जिनकी दशा अपेक्षाकृत अच्छी है, वे जागृत हैं, वे संगठित हैं, वे व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के फॉलोअर हैं और उसी को सच मान रहे हैं जो सुबह-सुबह उन्हें परोसा जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के शब्दों में- आकर्षक नारे लगाकर, पानी की तरह पैसा बहाकर, शासन तंत्र का खुला दुरुपयोग करके सत्ता पर कब्जा करना असंभव नहीं है लेकिन सत्ता किसके लिए? क्या सत्ता , सत्ता के लिए या समाज परिवर्तन के लिए? क्या सत्ता केवल उपभोग के लिए? क्या सत्ता कालपात्र में दबाए गए इतिहास में अपना नाम लिखवाने भर के लिए या दूसरों के नाम कटवाने भर के लिए? क्या सत्ता मात्र अहम की संतुष्टि के लिए? सत्ता का प्रयोजन क्या है आखिर? लेकिन आज यह सारी बातें बेमानी है। क्योंकि सत्तारूढ दल यह कहते नहीं थकता कि हमने 10 साल में वह कर दिखाया जो 70 साल में भी नहीं हुआ था। लेकिन शायद देश की जनता यह पूरी तरह से स्वीकार करने को तैयार नहीं कि देश ने 70 सालों में कुछ किया ही नहीं। हर किसी को भी अपनी उपलब्धियां पर गर्व हो सकता है।

# परीक्षा केन्द्रों का डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर लिया जायजा, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



रविवार को यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे और अंतिम दिन 35 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। दोनों पालियों में 28805 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4891 गैरहाजिर रहे।
केंद्रों पर सुबह से ही कतार लगाकर परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर, बायोमीट्रिक व फोटोस्कैन के बाद प्रवेश कराया गया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा से लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। पुलिस की खुफिया सेल सोशल मीडिया से लेकर तमाम गतिविधियों की निगरानी करती रही।
डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने साई विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लीलाकुआ समेत अन्य कॉलेजों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि शासन के मंशानुसार सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये। एडीएम संजय कुमार सिंह ने सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, कुंवर खुशवक्तराय विद्यालय, ला मार्टिना समेत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।
हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट व इंस्पेक्टर की अगुवाई में भारी पुलिस बल व महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर, बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश कराया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी ओएमआर शीट जमा कराने के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई। शाम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ओएमआर सील लिफाफों में कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित रखवाई गई। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

बताते चले कि जनपद के 35 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 16848 के सापेक्ष पहली पाली में 14587 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 2261 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 14218 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 2630 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

## गरीबों को जांच में मिलेगी रियायत



✱ उद्घाटन के मौके पर डायग्नोस्टिक सेंटर में जुटी भीड़

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर की लखीमपुर रोड पर एक डायग्नोस्टिक सेंटर के उद्धघाटन में भारी भीड़ जुटी। उद्धघाटन मोहम्मद अजीम, डॉ.तसबबर हुसैन, अशोक कनौजिया, डॉ,मनोज वर्मा, धर्मवीर मौर्य, डॉ.हसन, डॉ.के.के. वर्मा ने फीता काट कर किया। मौके पर डायग्नोस्टिक एमडी नाजिल फराज खान ने बताया कि इस डायग्नोस्टिक में गरीब तबके के मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मरीजों को सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, एक्स रे सहित सभी प्रकार की सेवाएं मरीजों को यहां न्यूनतम दर में 24 घंटे मुहैया कराई जाएगी। इस मौके पर रियाजुल्ला खान, आमिर खान सईदी, हसन रजा बरकाती, राम कुमार मौर्य, महेश चंद कनौजिया समेत तमाम अन्य लोग मौजूद थे।

## राम मोहन गुप्त को हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्डस लंदन से मिला सहभागिता प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बुलंदी संस्था द्वारा आयोजित एवं हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्डस लंदन द्वारा विश्व रिकार्ड में दर्ज किए गए विश्व के प्रथम सबसे लम्बे वर्चुअल कवि सम्मेलन हिंदी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिन्दी में सहभागिता के लिए नगर के समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
दस से उन्नीस जनवरी के मध्य आयोजित किए गए उक्त कवि सम्मेलन हिन्दी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिन्दी में 55 देशों के 1206 साहित्यकारों द्वारा सहभागिता करके सबसे पहले सबसे लम्बे वर्चुअल कवि सम्मेलन का विश्व कीर्तिमान बनाया गया। वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किए इस आयोजन में सहभागिता के लिए हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्डस लंदन के एशिया हेड रिकाड्र्स द्वारा राम मोहन गुप्त को बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति के सहभागी के रूप में सहभागिता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।
श्रीगुप्त को वर्ल्ड रिकॉर्डस में सहभागिता का यह प्रमाण पत्र बुलंदी संस्था के संस्थापक एवं कवि विवेक बादल बाजपुरी के माध्यम से प्राप्त हुआ है। राम मोहन गुप्त इससे पूर्व भी बुलंदी संस्था द्वारा स्थापित किए गए दूसरे वर्ल्ड रिकॉर्ड का सफलतम हिस्सा रह चुके हैं और वर्तमान रिकार्ड में सहभागिता के लिए बुलंदी संस्था द्वारा भी सम्मानित किए जा चुके हैं। श्रीगुप्त द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड में सहभागिता के इस दूसरे सफलतम कदम एवं सम्मान के लिए इष्ट मित्रों एवं परिजनों द्वारा निरंतर शुभेच्छाएं प्राप्त हो रही हैं।

## डॉक्टर कौशल का मलेशिया में हुआ सम्मान

✱ देश 15 लोगों में शामिल थे डॉ.कौशल

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

चिकित्सा के क्षेत्र में तमाम उल्लेखनीय कार्यों के बल पर आगे बढ़ते हुए डॉ कौशल वर्मा को विदेशी धरती पर सम्मानित किया गया। छोटी काशी में सनसाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर डॉ कौशल वर्मा को चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनको उनको मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित एक समारोह में दिया गया। मलेशिया टूरिज्म एंड प्रमोशन बोर्ड डायरेक्टर मनोहरन पेरियासैमी मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म के हाथों बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से नवाजा गया है।देश के अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले 15 लोगों को यह सम्मान मलेशिया में प्रदान किया गया है। डा.कौशल अपने हॉस्पिटल ग्रुप के साथ साथ चिकित्सीय एवं सामाजिक कार्यों को बढ़ चढकर करते रहते हैं। जिसकी अपडेट उनके सोशल मीडिया एकाउंट पर दिखती रहती है। डॉ.कौशल अब तक लाखो लोगों का कैंप लगाकर निःशुल्क इलाज कर चुके हैं और 5000 से अधिक लोगों तक राशन, कंबल और राहत सामग्री का वितरण कर चुके हैं। वह निराश्रित, बेसहारा, असहाय लोगों की सेवा करने में ततपर रहते हैं।
**बधाइयां दी:** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में डॉ को बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड मिलने पर उनके शुभचिंतकों में बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। सनसाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर परिवार में खुशी का माहौल है।

## राम कथा सुनने से नष्ट होते हैं पाप : सुरेश अवस्थी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



राम कथा के श्रवण पान से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं यह बात कल्लुआ मोती में चल रहे 45 वे गायत्री महायज्ञ के पांचवें दिन सुप्रसिद्ध कथावाचक सुरेश चंद्र अवस्थी ने कहीं। तहसील मितौली के अंतर्गत ग्राम कल्लुआ मोती में मां गायत्री सेवा संस्थान के तत्वतधाम धाम में आयोजित की गई पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम की श्रृंखला में आज चतुर्थ दिवस पर सुप्रसिद्ध कथावाचक सुरेश चंद्र अवस्थी ने राजा हरिश्चंद्र की कथा का श्रोताओं को श्रवण पान कराया हरिश्चंद्र ने धर्म का पालन करने और वचनों को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर पत्नी और बच्चे के साथ काशी जाकर डोम के घर पानी भरा खुद को बेचकर भी उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी धर्म का पालन किया। ऋषि विश्वामित्र द्वारा राजा हरिशचंद्र के धर्म की परीक्षा लेने के लिए उनसे दान में उनका संपूर्ण राज्य मांग लिया गया था। कथावाचक सुरेश अवस्थी ने कहा मानव का सबसे बड़ा धर्म गरीब, निर्धन, असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान गायत्री महायज्ञ की कमेटी के सद्स्य आयोजक सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। यह गायत्री महायज्ञ 14 फरवरी से चल रहा है और 19 तक चलेगा। बता दें गायत्री महायज्ञ का 45 वां आयोजन हो रहा है।

## यात्रा के दौरान चोटिल बालिका परीक्षार्थी को पहुंचाया अस्पताल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सूचना पर ओयल चौकी व डायल 112 की मदद से चौकी इंचार्ज ओयल लल्ला गोस्वामी ने बालिका का इलाज करवाने के बाद पहुंचाया परीक्षा केंद्र, दिलवाया प्रवेश रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की द्वितीय पाली की परीक्षा देने ई-रिक्शा से अपने परिजनों के साथ जा रही परीक्षार्थी शालू यादव पुत्री विनोद यादव निवासी पसगंवा लखीमपुर का ई-रिक्शा ऑयल बस अड्डे पर पलट गया। जिससे परीक्षार्थी घायल हो गई। जिसे तत्काल एक स्थानीय प्रकार बंधु द्वारा अपनी मोटर साइकिल से जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल पहुंचाया गया तथा पुलिस को सूचना दी गई। चौकी ओयल पुलिस द्वारा तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर प्राथमिकता के आधार पर परीक्षार्थी का इलाज कराया गया। परीक्षार्थी शालू यादव उपरोत की परीक्षा न छूटे इसलिए तत्काल 112 बुलाकर उसके परीक्षा केंद्र जनता इंटर कॉलेज, लगुचा खीरी उसके परिजनों के साथ पहुंचाकर प्राथमिकता के आधार पर कॉलेज में एंट्री कराई गई।

## खेत जा रहे किसान की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**इमलिया सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र में 18 फरवरी की बीती रात्रि समर देखने निकले किसान की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। हत्या की खबर सुनते ही पुलिस में खलबली मच गयी। आनन फानन सीओ महोली के नेतृत्व में दो थानो की पुलिस गाँव पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर रात में ही पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।वहीं मृतक के पुत्र की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कैमहरा गांव निवासी मृतक सत्यपाल शुक्ला पुत्र मनोहर खेत में लगे समर को देखने रात्रि लगभग 11 बजे गया था। जो काफी समय बीतने के बाद घर नहीं लौटा। पिता का पता लगाने निकला उसका पुत्र रितेश समर की तरफ निकला। तो समर से पहले विसम्भर के खेत में खून से लतपत पड़ा पिता का शव मिला। रितेश के अनुसार पिता के सर में गोली लगी थी। घटना देख पुत्र के होश उड़ गये। वह भागकर गांव पहुंचा जहां पड़ोसियों को जगाकर घटना की जानकारी दी।वहीं थाना पुलिस को भी घटना से अवगत कराया। मर्डर की सूचना पाते ही थाना पुलिस में खलबली मच गयी। पुलिस ने सीओ महोली को घटना की जानकारी देते हुये घटना स्थल पहुंची। वहीं महोली पुलिस फोर्स के साथ सीओ अरूण कुमार सिंह भी घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर रातो रात शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

## रात के अंधेरे मे बाघ ने किसान पर किया हमला किसान गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महोली।** सीतापुर जिले में महोली स्थित कठिना नदी की तलहटी को अपना ठिकाना बना चुके बाघ ने शनिवार की रात एक किसान पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बाघ किसान को काफी दूर तक खींच कर ले गया। किसान के शोर मचाने पर ग्रामीण लाठी डंडों से लैस होकर शोर मचाने लगे शोर सुनकर बाघ किसान को छोड़कर भाग गया। घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
मिली जानकारी के अनुसार जलालपुर निवासी राम नरेश पासी पुत्र रामदयाल शनिवार को देर रात बाबा कारेदेव मन्दिर के करीब श्यामजीरा स्थित विजयवर्मा के खेत जहां किसान ने बटाई पर आलू बो रखे हैं उन्हें देखकर अपने घर वापस आ रहा था। इसी बीच रामनरेश खेत में शौच करने चला गया बताते हैं कि जब किसान शौच कर रहा था तभी पास ही गन्ने के खेत से एक बाघ निकालकर किसान के ऊपर हमला कर दिया। हमले के साथ बाघ किसान को काफी दूर तक खींच कर ले गया। बाघ के चंगुल में फंसे किसान ने काफी संघर्ष करते हुए शोर मचाया जिसे सुनकर ग्रामीण लाठी डंडा लेकर खेतों की तरफ शोर मचाते हुए भागे तो बाघ किसान को छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल किसान को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने घायल किसान को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। इस घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम गांव पहुंची जहां ग्रामीण घटना को लेकर आक्रोशित हो गए स्थानीय पुलिस के समझाने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने तो वन विभाग की टीम वापस चली गई। फिलहाल क्षेत्र में बाघ से दहशत का माहौल व्याप्त है।

## किसान यूनियन के ग्रुप ने दिया चौदह सूत्रीय ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बिजुआ खीरी

बलकार सिंह जिला अध्यक्ष राना सिंह, मनदीप सिंह गुरजंट सिंह मनजीत सिंह अमनदीप सिंह लाला शाह मोहम्मद आरिफ, पाल सिंह, उत्तम यादव हरप्रीत सिंह प्रमोद कुमार गेंद लाल लाल बिहारी मुजीबउल खान, रमेश कुमार धर्मेंद्र सिंह राजा भैया जरनैल सिंह गुरविंदर सिंह काका, रेशम सिंह गुरजीत सिंह बापू गुरदीप सिंह कुलवंत सिंह जर्मन सिंह जवाहर सिंह रोहित यादव धीरज यादव रामदयाल पंकज कुमार रामसेवक मनदीप सिंह सुरेंद्र कुमार हर्षदीप सिंह गुरदित सिंह सुखविंदर सिंह हरदयाल सिंह जितेंद्र पटेल बांके बिहारी और भी आज किसान मौजूद रहे ट्रैक्टर यात्रा गोला मंडी से तहसील तक गई जिसमें मुख्य 14 मांगे रखी गई है जो एसडीएम साहब को ज्ञापन दिया रैली निकाली गई पंजाब हरियाणा के किसानों के समर्थन में यह ट्रैक्टर यात्रा रैली निकाली गई।

## 71 वर्षो से हो रही रामलीला को सक्रिय बनाये हुए हैं समिति के सदस्य

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** नगर के सुंदौली वार्ड में प्राचीन रामलीला अभिनय समिति सुंदौली के अध्यक्ष उमाशंकर मौर्य, महामंत्री प्रदीप मौर्य, उपाध्यक्ष अरूण वर्मा व प्रबंधक शिवकुमार कश्यप व मंत्री राजकुमार राठौर सहित तमाम अन्य ग्रामीण पूर्वजों द्वारा 71 वर्ष पूर्व स्थापित रामलीला समिति को सक्रिय बनाए हुए हैं। प्रतिवर्ष कार्यक्रमों में सजीवता व नवीनता लाने के लिए नई-नई खोजें किया करते हैं। यहां आज भी वार्डवासी अभिनय, सजावट आदि का कार्य स्वयं करते हैं। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए नये-नये प्रयोग वार्डवासियों द्वारा प्रतिवर्ष किये जाते हैं। सुंदौली में 71वां श्री रामलीला अभिनय समिति प्राचीन का कार्यक्रम बसंत पंचमी 14 फरवरी से हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ। रामलीला का कार्यक्रम 18 फरवरी तक चलेगा। समिति के अध्यक्ष उमाशंकर मौर्य, महामंत्री प्रदीप मौर्य ने बताया कि चल रही रामलीला के दौरान 17 फरवरी को जनक बाजार व गौरी पूजन की लीलर का मंचन किया। रात्रिकालीन कार्यकम्रों के दौरान बुधवार को नागिन का श्राप नाटक का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी अतुल वर्मा ने कहा कि नाटक-नौटंकी भारतीय समाज की प्राचीन पद्धति है जिसके माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया जाता रहा है। कार्यक्रम को संपन्न कराने में समिति ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस मोके पर बड़ी संख्या में दर्शकों ने रामलीला का आनंद लिया।

## सपा नेता आनंद भदौरिया महोली विधानसभा में करेंगे तीन दिवसीय पदयात्रा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महोली।** लोकसभा धौरहरा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आनंद भदौरिया (पूर्व एम एल सी) तीन दिवसीय पदयात्रा करेंगे जो विधानसभा क्षेत्र महोली की सीमा ग्राम हैदरपुर/तिहार से होकर विधानसभा क्षेत्र महोली के अमिरता गांव तक होगी। पद यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने बताया कि धौरहरा क्षेत्र से सामाजवादी पार्टी प्रत्याशी आनंद भदौरिया की प्रथम दिवस यात्रा 20फरवरी को महोली विधानसभा क्षेत्र की सीमा के गांव हैदरपुर/तिहार से प्रारंभ होकर जे पी पेट्रोल पंप नियाजपुर तक होगी। जहां पंखुड़ी किसान सेवा केंद्र (जे पी पेट्रोल पंप) पर रात्रि विश्राम के बाद द्वितीय दिवस 21 फरवरी को जेपी पेट्रोल पंप से बम्हौरा होते हुए मस्जिदबाजार तक, जहां रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन तृतीय दिवस 22 फरवरी को मस्जिद बाजार से बड़ागांव चमारबाग होते हुए अमिरता पहुंचेगी। जहां रात विश्राम के बाद अगले दिन कस्ता विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी।
सपा नेता ने विधानसभा क्षेत्र महोली के समस्त जोनल इंचार्ज, सेक्टर पर्यवेक्षक, सेक्टर प्रभारी एवं सह प्रभारी तथा सभी बूथ के अध्यक्षगणों, सभी फण्टलो के विधानसभा अध्यक्षों व पार्टी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पदयात्रा कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाने का आवाहन किया है।

## सडक दुर्घटना में चार घायल



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

क्षेत्र में अलग-अलग सडक दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये।जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर गांव निवासी खुशीराम पुत्र त्रिलोकी, परशुराम पुत्र पंचमलाल, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम देऊवापुर निवासी रूपराम पुत्र लालाराम, वैदाखेडा निवासी रमाकांत पुत्र राजाराम सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने रूपराम और रमाकांत की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के छात्रों ने जिले का नाम किया रोशन



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम बीते दिनों आए जिसमें सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के दो छात्रों ने जनपद स्तर तथा दो छात्रों ने तहसील स्तर पर स्थान प्राप्त कर कालेज के रोशन किया। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के प्रबंधक आरके वाजपेयी ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कालेज की वैशाली सिंह व अंजली मौर्या ने तहसील स्तर पर तथा आयुष जैन व इरम ने जनपद स्तर पर मेरिट में स्थान लाकर संस्था का नाम रोशन किया। जिला व तहसील स्तर पर नाम रोशन करने वाली छात्र-छात्राओं को डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, अनंत रत्नम वाजपेयी, अवनीश अवस्थी, एसआर वर्मा, यशपाल वर्मा, नीरज वर्मा, ओपी विश्वकर्मा, अखिलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने बधाई दी है।

## आठ माह पहले हुआ था निकाह, युवक ने की खुदकुशी



जन एक्सप्रेस । हरदोई। यूपी के हरदोई जिले में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। हरदोई जिले के सांडी में पत्नी से विवाद के बाद फेरी लगाने वाले एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक का आठ माह पहले निकाह हुआ था। सांडी थाना क्षेत्र के बंजारन पुरवा निवासी लईक (22) फेरी लगाकर कंगन और चूड़ी बेचता था। उसका निकाह आठ माह पहले लखीमपुर निवासी सजीना के साथ हुआ था। लईक की मां सूफिया के मुताबिक पिछले कुछ समय से लईक और सजीना के बीच विवाद चल रहा था। इसके कारण सजीना गांव में ही रहने वाली अपनी नानी की बहन के घर चली गई थी। शनिवार शाम सजीना के मामा जो कि लईक के चाचा भी हैं, ने विवाद के चलते लईक के साथ मारपीट की थी। इसके बाद लईक का कुछ पता नहीं चला। देर रात 11 बजे उसका शव घर के अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से लटकता मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष छोटेलाल ने बताया कि पत्नी से विवाद में युवक ने खुदकुशी की है। अगर मृतक के परिजनों की तरफ से तहरीर मिलेगी तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा देकर बाइक से घर जा रहा था युवक, कार की टक्कर से मौत

✱ घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

✱ हादसे में पूर्व प्रधान के बेटे की मौत हो गई

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई जिले के हरपालपुर में पुलिस भर्ती की परीक्षा देकर बाइक से घर जा रहे हरपालपुर की पूर्व प्रधान के पुत्र को बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक कार ने टक्कर मार दी। घटना में युवक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार समेत मौके से भाग निकला। हरपालपुर कस्बा निवासी हितेश मिश्रा (22) की मां शालिनी मिश्रा हरपालपुर की पूर्व ग्राम प्रधान हैं। शनिवार को हितेश पुलिस भर्ती की परीक्षा देने लखनऊ गया था। देर रात बाइक से वापस गांव जा रहा था। बिल्हौर कटरा मार्ग पर बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार हितेश को टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक की मां शालिनी और भाई अंकित बिलख पड़े। घटनास्थल से हितेश की बाइक, परीक्षा का प्रश्नपत्र, हेलमेट आदि सामान मिला है। बिलग्राम कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। हितेश की शादी एक साल पहले प्रीती के साथ हुई थी। परीक्षा देकर हितेश ने प्रीती को फोन किया था। उसने प्रीती से कहा था कि खाना बनाकर रखो। आकर साथ में खाएंगे। प्रीती ने हितेश से रात हो जाने के कारण लखनऊ में ही रुक जाने को कहा और सुबह गांव आने की बात भी कही। इस पर हितेश ने बताया कि वह निकल चुका है।

# आन्तर्प्रांत से पुलिस परीक्षा देने आये अयर्थी परीक्षा केन्द्रों पर भटके

**जनपदीय पुलिस बनी मददगार, सरकारी गाड़ी से सही परीक्षा केन्द्रो पर भिजवाया**

जन एक्सप्रेस। महोबा

मॉ चन्द्रिका महाविद्यालय महोबा में दिखा अनोखा दृश्य, प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचा दूल्हा, दूल्हे की ड्रेस पहनकर अभ्यर्थी ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा, दूल्हे के परिजनों ने परीक्षा केंद्र के बाहर किया इंतजार तो वहीं महोबा पुलिस ने दूल्हे को विशेष वरीयता के आधार पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिला कर दूल्हे का रखा विशेष ध्यान।






एक अभ्यर्थी जिसका नाम विशाल था जो मोतिहारी बिहार से जनपद महोबा पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये आया हुआ था। सुबह 09.15 बजे रेलवे स्टेशन महोबा पहुंचा, अभ्यर्थी का केन्द्र संत जेम्स इं0का0 चरखारी था, अभ्यर्थी के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये समय से परीक्षा केन्द्र पहुंच पाना बहुत मुश्किल था। इस बात की जानकारी प्रभारी यातायात सुनील कुमार को हुई तो त्वरित एक्शन लेते हुए उक्त परीक्षार्थी को तत्काल अपनी गाड़ी में बैठाकर परीक्षा सेंटर चरखारी समय से पहुंचा दिया गया। जिससे उक्त परीक्षार्थी समय से परीक्षा में सम्मिलित हुआ। अभ्यर्थी ने महोबा पुलिस को किया शुक्रिया। एक अभ्यर्थी गोविंद दास पुत्र राज सिंह निवासी ग्राम झज्जर हरियाणा जिसका परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज महोबा था गलती से राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर पहुंच गया था। जानकारी होने पर विनोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर द्वारा बिना देरी किए पुलिस की गाड़ी से अभ्यर्थी को उसके वास्तविक परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज महोबा भेजा गया। अभ्यर्थी को समय से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने में तत्परता ना की गई होती तो उसकी परीक्षा छूट जाती। अभ्यर्थी ने महोबा पुलिस द्वारा की गई त्वरित सहायता की प्रशंसा की है। एक अभ्यर्थी कुंदन कुमार जो बिहार राज्य के जिला औरंगाबाद के रहने वाले थे, जिसका परीक्षा केंद्र जिसका पेपर चरखारी सरस्वती विद्या मंदिर इं0 का0 में था जो सेंटर के मिलते जुलते नाम की वजह से थाना कोतवाली क्षेत्र में सरस्वती विद्या मन्दिर कालेज में भूलवश आ गया था। इसकी जानकारी दुर्ग विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा को हुई तो अविलंब अभ्यर्थी को चरखारी उसके सेंटर पर अपनी गाड़ी से भेजते हुए समय से सेंटर पहुंचाया गया। समय से परीक्षा केन्द्र पहुंचने पर अभ्यर्थी के खुशी से आंसू छलक पड़े, अभ्यर्थी ने जनपदीय पुलिस द्वारा की गई त्वरित सहायता के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है। एक महिला अभ्यर्थी जिसका नाम सीलू पुत्री मुन्नीलाल निवासी सुरहा थाना कबरई जिसका परीक्षा सेंटर थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में था, वह सुबह 09.15 बजे महोबा पहुंची थी। समय अधिक हो जाने के कारण अभ्यर्थी के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये समय से परीक्षा केन्द्र कुलपहाड़ पहुंच पाना बहुत मुश्किल था। परीक्षा के लिये गेट बन्द होने का समय 09.30 था, वह हताश परेशान थी इस बात की जानकारी होने पर महिला आरक्षी को तत्काल गाड़ी में बैठाकर परीक्षा सेंटर कुलपहाड़ समय से पहुंचाया गया। जिससे उक्त परीक्षार्थी समय से परीक्षा में सम्मिलित हो सकी। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद महिला अभ्यर्थी ने कहा कि अगर महोबा पुलिस हेल्प नहीं करती तो उसकी परीक्षा छूट जाती। अभ्यर्थी ने कहा **थैंक्यू सो मच महोबा पुलिस।**

## ऑटो चालक ने की महिला से बदसलूकी, पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र की पूनम यादव सुपुत्री कैलाश सिंह निवासी निपानिया कानपुर के जीएसबीएम में स्टाफ नर्स के रुप में कार्यरत हैं। रविवार को सुबह पूनम यादव ड्यूटी करने के लिए कानपुर जा रही थी। तभी उसके भाई पुष्पेंद्र यादव ने निपनिया स्टैंड से एक ऑटो पर बैठा दिया।

थोड़ी दूर चलने के बाद महेवा तिराहे पर ऑटो वाला बोला कि तुम यही उतर जाओ मुझे समय लगेगा। पूनम ने ऑटो चालक से निवेदन किया कि मुझे जल्द ड्यूटी पर पहुंचना है। जिससे ऑटो चालक झल्ला कर गाली गलौज करने लगा। इस बात की सूचना पीड़िता ने अपने भाई को फोन पर दी। थोड़ी देर में उसका भाई भी वहीं आ गया।ऑटो चालक ने अपने आधा दर्जन लोगों को बुला लिया और पीड़िता के भाई को गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। पीड़िता ने इस बात की लिखित तहरीर कोतवाली में दी। उप निरीक्षक वसीम खान ने शिकायत पत्र के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम कोटा मुस्तकिल निवासी शिवप्रसाद पुत्र छेद लाल निषाद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि लालू राम पुत्र पूरन लाल निषाद समेत दो लोगों सभी निवासी कोटा मुस्तकिल ने मिलकर उसके पुत्र शिवानंद के साथ मारपीट की और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसके पैर की हड्डी टूट गई। इसको देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विज्ञान प्रदर्शनी में इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए चयनित हुई श्रेया सिंह

**जन एक्सप्रेस/बरहज,देवरिया।** क्षेत्र के करजहां के बनकटवां निवासी और आठवीं की छात्रा श्रेया सिंह को इंस्पायर्ड अवार्ड योजना के लिए चयनित किया गया है। श्रेया सिंह मिशन जूनियर हाईस्कूल में कक्षा आठवीं की छात्रा हैं। इंस्पायर्ड अवार्ड योजना के लिए इनका नाम चयनित होने पर पिता रणविजय सिंह, मां लालमुनि देवी, प्रधानाचार्य जयगोविंद कुशवाहा, संतोष गुप्त, उदय सिंह, मुकेश तिवारी, शिवम यादव, दीपक शर्मा, रेनू कुशवाहा, शिवादास, विनय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** रविवार को हो रही पुलिस आरक्षी पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जनपद देवरिया पुलिस-प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिस क्रम में रविवार को जनपद देवरिया के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा- 2023 की लिखित परीक्षा को सकुशल व निर्बाध रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी देवरिया श्री अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद देवरिया के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का का भ्रमण व निरीक्षण किया गया एवं स्कूल प्रबंधन/संबंधित अधिकारियों व ड्यूटीरत कर्मियों से पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप जनपद के समस्त केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई है। परीक्षा सम्पन्न हो जाने के बाद परीक्षार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए चौराहों/बाजारों आदि में समुचित पुलिस प्रबंध व निर्बाध रूप से यातायात संचालन हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है जिससे परीक्षार्थियों व आम जनता को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो।


### ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 का आयोजन आज

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** उपायुक्त उद्योग नें जनपद महोबा के समस्त उद्यमियों, निवेशकों, उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनें के प्रतिनिधियों को सूचित करते हुए बताया कि उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2023 के सफल आयोजन के उपरान्त उ0प्र0 शासन द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा प्रस्तावित है। जनपद महोबा हेतु अब तक निवेशकों द्वारा 127 एम0ओ0यू0 हुये है। जिसके सापेक्ष निवेश धनराशि रु0-13345.00 करोड़ है। इनमें से कुल 68 निवेश के प्रस्ताव जी0बी0सी0 हेतु तैयार है। 67 में से 22 प्रस्ताव 10.00 करोड़ या इससे अधिक धनराशि में है तथा 46 प्रस्ताव 10.00 करोड़ से कम धनराशि के है। 10 करोड़ से अधिक धनराशि वाले निवशकों को कार्यकम हेतु लखनऊ आमंत्रित किया गया है। जबकि 10 करोड़ से कम धनराशि वाले निवेशकों हेतु जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण कार्यकम कराया जाना है। जनपद के उद्यमियों, निवेशकों, संगठनों द्वारा प्राप्त एम0ओ0यू0 के कार्यकम का संजीव प्रसारण महोबा विधान सभा अर्न्तगत राजकीय वीरभूमि महाविद्यालय, महोबा तथा चरखारी विधान सभा अर्न्तगत तहसील सभागार चरखारी में किया जाना है। एम0ओ0यू0 से जुड़े सभी सदस्य गणों से अनुरोध है कि आज उर्पयुक्त स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त कार्यकम को सफल बनाये जाने में सहयोग करने का कष्ट करें।

### शव की हुई शिनाख्त

**चरखारी/महोबा।** कस्बा के कोठी तालाब में गोला घाट तालाब के मध्य नाला के पास एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति शव तालाब के किनारे उतारते मिला था, थाना प्रभारी गनेश कुमार गुप्ता व चैकी प्रभारी सुभाष चन्द्र तिवारी, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव ने तालाब पहुंच कर शव को निकालवाकर शिनाख्त हेतु के मोचरी में रखा गया। था जहां सोशल मीडिया पर शिनाख्त हेतु शव फोटो वायरल होने पर मृतक के पुत्र शंकर ने अपने पिता बाबूलाल उर्फ बेनी प्रसाद पुत्र सुखलाल रैकवार उम्र 62 वर्ष सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी गैंगमैन निवासी नयापुरा चरखारी महोबा के रूप में पहचान हुई।

### विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने लोगों की सुनी समस्याएं



**जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा।** भाजपा से चरखारी विधायक डॉ बृजभूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजपूत ने पुराने ओल्ड पेलेस आवास पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए देवतुल्य क्षेत्रवासियों से जनसुनवाई में भेंट की और उनकी शिकायतें व समस्याएं सुनी एवं सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया।

# बारात से पहले दूल्हा देने पहुँचा पुलिस भर्ती परीक्षा

जन एक्सप्रेस। महोबा



जिले मे अनोखा नजारा देखने को मिला जब पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान एक दूल्हा परीक्षा देने सेंटर पहुँचा गया। जिसे देखकर सभी लोगो ने उसका हौसला बढ़ाया। दूल्हा बना प्रशांत शादी से ज्यादा करियर बनाने को महत्व देता है। शायद यही बजह है कि बारात ले जाने से पहले वह एग्जाम देने पहुँचा। घर पर शादी की रस्म अदा करके पेपर देने आए दूल्हे को देख लोग उसके इस फैसले की प्रशंसा कर रहे है। बारात से पहले पुलिस भर्ती की परीक्षा देने कालेज पहुँचे दूल्हे को देख सभी लोग हैरान रह गए पुलिस भर्ती परीक्षा के आज सेकेंड पाली मे प्रशांत नामदेव का पेपर है और आज ही उसकी बारात बांदा जानी है। इसलिए प्रशांत ने शादी की रस्म अदायगी करके समय से परीक्षा देने सेंटर पहुँच गया। दरअसल प्रशांत नामदेव मुढारी गांव का रहने वाला है और उसकी बारात बांदा जा रही है। प्रशांत का परीक्षा सेंटर मॉ चंद्रिका महिला महाविद्यालय महोबा मे है दूल्हा बना प्रशांत शादी से ज्यादा अपने करियर बनाने को महत्व देत है, इसलिए शादी से पहले पुलिस भर्ती परीक्षा देने अपने परीक्षा सेंटर पहुँच गया। प्रशांत ने बताया कि वह देश की सेवा करना चाहता है। इसलिए पुलिस भर्ती की परीक्षा देने आया है। लोगो को संदेश दिया कि जब ऐसी पस्थितियां पड़ जाए तो पेपर कभी नही छोड़ना चाहिए। पहले परीक्षा और बाद मे शादी। दूल्हा प्रशांत अपने भविष्य को बनाने पर जोर दे रहा है, ताकि उसका दांपत्य जीवन सुखमय हो सके।

## हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 27 फरवरी से, 10 टीमें करेंगी प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पांच दिवसीय राज्यस्तरीय ओपेन महिला आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जिले में 27 फरवरी से होगा। इसमें प्रदेश भर से 10 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इसकी तैयारी में खेल विभाग जुट गया है हाल ही में सम्पन्न राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के बाद जिले को एक और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मिल गई है। इस बार राज्यस्तरीय महिला आमंत्रण प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिला है। यह प्रतियोगिता 27 फरवरी से शुरू होगी। दो मार्च को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी टीम का हिस्सा हो सकेगी। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेश भर की दस टीमों को आमंत्रित किया गया है। इसमें भारतीय खेल प्राधिकरण के लखनऊ हास्टल, पीलीभीत, मेरठ, वाराणसी, सहारनपुर, प्रयागराज, झांसी, गोरखपुर, शाहजहांपुर और देवरिया की टीमें शामिल हैं। इन टीमों में 16 खिलाड़ी और एक कोच/टीम मैनेजर शामिल रहेंगे। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था स्टेडियम परिसर में निर्माणाधीन वालीबाल व क्रिकेट के हास्टल में की जाएगी।

## जोधपुर और राठ के बीच खेला गया आखिरी क्वार्टर फाइनल मुकाबला



जन एक्सप्रेस। महोबा

स्व0 पंडित रामेश्वर दयाल क्रिकेट स्टेडियम पनवाड़ी में जोधपुर और राठ के बीच आखिरी क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें राठ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में जोधपुर को जीतने के लिए 116 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में जोधपुर ने 9 ओवर में चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया आज के मुख्य अतिथि रविदास मंदिर के अध्यक्ष जयप्रकाश बौद्ध रामस्वरूप दादा तेजपाल चैधरी उर्फ पप्पू भैया पत्रकार हरि सिंह वर्मा पत्रकार रमेश वर्मा रहे। पनवाड़ी प्रीमियर लीग के अध्यक्ष समाजसेवी राजू मिश्रा, उपाध्यक्ष अमन शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सभी क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे सभी क्रिकेट प्रेमियों का पनवाड़ी प्रीमियर लीग के अध्यक्ष राजू मिश्रा ने सभी क्रिकेट प्रेमियों को धन्यवाद किया।

## गृह कलह में पति ने उतारा पत्नी को मौत के घाट,गेहूं के खेत में मिला शव

जन एक्सप्रेस। बनकटा देवरिया

बनकटा थाना क्षेत्र के रुस्तम बहियारी खड़वा टोला में रविवार की सुबह गेहूं की खेत में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई। शव का पहचान बनकटा थाना क्षेत्र के रुस्तम बहियारी गांव निवासी सत्येंद्र यादव की पत्नी मनसा देवी (30) के रूप में हुई है। घटना के बाद से महिला के पति समेत अन्य परिजन घर छोड़कर फरार है। बताया जाता है कि शनिवार की रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था। उसी दौरान पति ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। मौत के बाद ससुरालियों ने शव को गांव के बाहर गेंहू की खेत में फेंक कर फरार हो गए। मायके वालों को पता चलने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस शव की तलाश में जुट गई। रविवार की सुबह करीब 10 बजे के आसपास गांव के बाहर गेहूं की खेत में महिला का शव पुलिस ने बरामद कर पीएम को भेज दी है। ससुरालियों की तलाश में जुटी हुई है लेकिन वे लोग घर छोड़ कर फरार है। महिला का मायका लार थाना क्षेत्र के ठाकुर गौरी में पड़ता है। उसके मायके वाले पहुच चुके है। महिला के छोटे छोटे तीन बच्चे घर पर है।

## पुलिस ने दो चोरी की रिपोर्ट दर्ज की

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधोगढ़ कस्बा के मोहल्ला मालवीय नगर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र परमलाल ने कोतवाली में पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में बड़ी के घर में घुसकर 5000 रुपये नगद व चांदी की चूड़ियां बिछिया व सोने की ओम को चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की और चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली वही दूसरा मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम रिठौरा में अमित कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय सुरेश चंद्र अवर अभियंता 210 केवीए झांसी नवाबाद हाल तैनाती अवर अभियंता 22 बाते 11 केवी विद्युत उपकेंद्र सिद्धपुरा के निवासी हैं। उन्होंने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी टंकी में लगे परिवर्तक के जॉब चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# खाकी का सपना लेकर निकले छात्रों की डंपर से टकराई कार, एक की मौत 9 गंभीर

## झांसी से पुलिस परीक्षा देकर कन्नौज जा रहे थे सभी अभ्यर्थी

जन एक्सप्रेस। कुठौंद

खाकी का सपना लेकर निकले छात्रो की कार जालौन औरैया हाईवे पर ग्राम हरसिंहपुर के पास डंपर से टकरा गई। जिससे कार पर सवार अभ्यर्थियों में एक की मौत हो गई। जबकि 9 घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

कन्नौज जिले के ग्राम सरसई के रहने वाले मनोज 22 वर्ष पुत्र रामविलास अपने 9 अन्य साथी अभिषेक, पंकज, मयंक निवासीगण तिर्वा कन्नौज, प्रवीण निवासी ग्राम हीरापुरा थाना तिर्वा, कन्नौज, ध्रुव निवासी कन्नौज, अभिषेक तिवारी, जितेंद्र, विनय, उदय निवासीगण तिर्वा जिला कन्नौज के साथ पुलिस आरक्षी परीक्षा देने के लिये अर्टिका कार से झांसी जनपद गये थे। शाम की शिफ्ट में परीक्षा देने के बाद जब सभी अभ्यर्थी देर रात वापस कन्नौज के लिये जालौन औरैया स्टेट हाईवे से जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही उनकी कर कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर के पास पहुंचे।

तभी सामने से आ रहे डंपर से कार की टक्कर हो गई। जिस कारण कार में सवार सभी अभ्यर्थियों सहित 10 लोग घायल हो गए, और चीख पुकार मच गई। रात 3 बजे के दौरान इस घटना की जानकारी जैसे ही कुठौंद थाना पुलिस को हुई, तो थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में भर्ती कराया।

जिसमें चिकित्सकों ने जांच पड़ताल करने के बाद मनोज को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रवीण, जितेंद्र व उदय की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज शुरू कर दिया गया और पुलिस द्वारा इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई।

# भूमाफियाओं की गिद्ध निगाहें लगी कल्याण सागर पर, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह




**महोबा।** चंदेल कालीन कल्याण सागर के जल भराव वाले क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा किया जा रहा आलीशान भवनो का निर्माण,चंदेल शासको से मिले कल्याण सागर के रखरखाव को लेकर केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा तीन विभागों को मिली जिम्मेदारी बेमतलब साबित, पुरातत्व विभाग सिंचाई विभागों व राजस्व विभाग द्वारा तीनो विभागो के अधिकारी व कर्मचारी हो रहे। अवैध निर्माण के प्रति अनभिग्यता जाहिर कर रहे हैं। वही जिले के मुख्यालय के पांचों तालाबो में पुरातत्व विभाग में सनरक्षत्त है। सम्बन्धित विभागीय के खाऊ कमाऊ नियतो के चलते चन्देल शासको से विरासतों में मिले कल्याण सागर, मदन सागर, कीरत सागर, विजय सागर और रणवॉकरे आल्हा ऊदल के पिता के नाम से दक्षराज के नाम से पड़ा दिसरापुर तालाब भी अतिक्रमण से अछूता नही है जिला प्रसाशन द्वारा कल्याण सागर के जल भराव वाले भूतल में हो रहे अवैध निर्माण व कर्ताओं के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही नहीं कि गयी तो। कल्याण सागर का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। चूंकि अतिक्रमण कार्यो ने पूर्व में राजस्व अधिकारियों और कर्मचरियों के साठ गांठ कर कल्याण सागर के जल भराव वाले क्षेत्र में सैकड़ों मकानों का निर्माण किया जा चुका है। वही पुरातत्व व सिचाई विभाग में संरक्षित उपरोक्त सरोवरों व उसके भूतल में निरंतर हो रहे अवैध निर्माण के रोकटोक करने के स्थान पर धृष्टराज की तरह अधिकारी अपनी अपनी कुर्सियों पर पट्टी बांध कर बैठे हैं।

## छात्राओं को ढूढ़ने में नाकाम रही पुलिस

**जन एक्सप्रेस/खुखुंदू,देवरिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक साथ गायब हुईं तीन छात्राओं को ढूंढने में पुलिस नाकाम है, जबकि छात्राओं के गायब होने के बाद गांव में दहशत का माहौल है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज कर छात्राओं को तलाशने की बात कही है, लेकिन केस दर्ज करने के 24 घंटे बाद भी पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है, उधर छात्राओं के गायब होने के बाद घर वाले चिंतित हैं।छात्राओं के परिजनों का कहना है कि तीनों एक साथ खेत की तरफ जाने की बात कहकर घर से निकलीं। इसके बाद परिजन गांव सहित आसपास के गांवों और रिश्तेदारी में खोजबीन शुरू की। परिजनों को लग रहा था कि कहीं भटक कर गई होंगी, तो एक-दो दिन में लौट आएंगी।

# भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को खत्म कर रही है: कश्यप

जन एक्सप्रेस। महोबा



भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है। पूर्व में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव व विधानसभा चुनाव में तानाशाही रवैया अपनाकर चुनाव जीतने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी उद्योग पतियों के साथियों से मिलकर देश बेंचने का काम कर रही है।उक्त बात रविवार के रोज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तथा लखनऊ यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी डॉक्टर राजपाल कश्यप ने आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। आपने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महगाई चरम सीमा पर है। किसान पूरी तरह तबाह हो चुका है। केंद्र की मोदी सरकार अभी तक किसानों को एमएससी नही दे पाई जबकि किसान हमारा अन्नयदाता है साथ ही किसान सबसे कमजोर श्रेणी का माना जाता है जिस बात को श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव ने संसद में कहा था। आपने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने देश का कोई विकास धरातल में नही किया है। केवल विकास के नाम पर अफवाह फैलाई है।प्रदेश में जितने भी विकास हुए हैं उनको पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार ने किए हैं। चाहे वह बुंदेलखंड में तालाबो के गहरीकरण का हो या पर्यटन की दृष्टि से पक्षी विहार हो या फिर महोबा में जिला महिला अस्पताल हो या फिर 108 एम्बुलेंस हो। ये सब अखिलेश यादव की सरकार ने किए हैं। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर श्री कश्यप ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पीडीए पखवाड़ा एवं जनचैपालो के माध्यम से अपनी नीतियों एवं विचारों को जन जन तक पहुचाने का काम कर रही है और वर्ष 2024 में समाजवादी पार्टी तथा एनडीए गठबंधन की देश मे सरकार बनेगी।आपने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि यदि भाजपा ने देश और प्रदेश का धरातल में विकास किया होता तो वो सौदेबाजी नही करती। श्री कश्यप ने कहा कि जिस तरह भाजपा आनदोलित किसानों पर आंसू गैस छोड़ रही है,कांटे गोंच रही है मानो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे मुल्क पर कब्जा हो रहा हो।इतना अन्याय और दुराचार तो अंग्रेजों ने नही किया जितना भाजपा कर रही है। आपने कहा कि अब केंद्र की मोदी सरकार का झूठ अब जनता के सामने आ गया है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मोदी से लड़ने के लिए पत्थर की चट्टान जैसे सामने अड़े खड़े हुए हैं।पत्रकार वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्राण सिंह यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद राजपूत, श्रवण कुमार उर्फ लल्लू साहू, समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू, नगर अध्यक्ष रोशन अली, ताहिर, मौजूद रहे।

# दूसरे दिन की पुलिस परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद में 30 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों ने अपनी परीक्षा दी । परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए डीएम अरविंद सिंह एवं एसपी केशव कुमार द्वार निरंतर भ्रमण करते हुए दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

डीएम एवं एसपी द्वारा तहसील बलरामपुर सदर में परीक्षा केंद्र शक्ति स्मारक कॉलेज,एमएलके पीजी कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल, डीएवी इंटर कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल, तहसील तुलसीपुर में विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा, दीप नारायण डिग्री कॉलेज, तहसील उतरौला में एस वाई उस्मानी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम श्री सिंह ने परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी कंट्रोल रोम, ओएमआर स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्ष का जायजा लिया।

उन्होंने प्रवेश के समय अभ्यर्थियों के डाटा मिलान एवं बायोमैट्रिक की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

ओएमआर शीट की खोलने एवं सीलिंग में विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने परीक्षा में लगे स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को सतर्क निगरानी रखते हुए परीक्षा संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की अच्छी तरह से चेकिंग किया जाए। किसी के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाइल न हो यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी सभी निर्देशो का केंद्र पर लगे केंद्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षक पालन करते हुए परीक्षा कराएंगे।

परीक्षा केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, प्रकाश की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्रो का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में पुलिस भार्ती के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रो पर रविवार को दो पारियों में परीक्षा आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती - 2023 के पदों पर लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक केशव कुमार व अन्य अधिकारीयो द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया गया।

उ0प्र0 नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को जनपद में सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने लिया । उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में लगे कैमरों, सुरक्षा उपकरण आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है।

एग्जाम के दौरान एग्जामिनेशन रूम और कैम्पस में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न होने के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने फील्ड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मी को निर्देश दिए कि यदि किसी भी परीक्षार्थी को यदि परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो फील्ड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मी पता चलते ही ऐसे अभ्यर्थी की हर संभव मदद कर समय से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचने में सहायता करेंगे।

अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या ना होने पाये इसलिए परीक्षा केंद्र वाले प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है जो जाम से निपटने का काम करेगी।

# 562 वाहन स्वामियों के खिलाफ आरसी जारी

जन एक्सप्रेस | बस्ती




16 करोड़ टैक्स बकाया की रिकवरी के लिए परिवहन विभाग ने नई योजना तैयार की है। बकाएदारों को बकाया टैक्स जमा करने पर 15 फरवरी तक पेनाल्टी में छूट देने की सहूलियत दी गई थी। मगर वाहन स्वामियों ने इसमें बहुत रूचि नहीं दिखाई। विभाग ने अब यह तिथि 29 फरवरी तक कर दी है। इसके बाद भी यदि बकाया जमा नहीं हुआ तो विभाग वाहन स्वामियों पर सख्ती बरतेगा।

जनपद में छोटे- बड़े मिलाकर कुल 23 हजार कामर्शियल वाहन पंजीकृत है। इसमें 7241 वाहनों के लंबे समय से टैक्स बकाया हैं। यह धनराशि 16 करोड़ तक पहुंच गई है। विभाग की ओर से इन वाहन स्वामियों को नोटिस जारी भेजी गई है। प्रारंभिक स्तर पर विभाग ने वाहन स्वामियों से सहूलियत के साथ बकाया टैक्स के रिकवरी की योजना बनाई है। इसीलिए नोटिस में 15 फरवरी तक बकाया टैक्स जमा करने पर पेनाल्टी में छूट का ऑफर दिया गया था। वाहन स्वामियों ने जब बकाया टैक्स जमा करने की रूचि नहीं दिखाई तो विभाग ने एक बार फिर 29 फरवरी तक ऑफर की तिथि बढ़ा दी है। इसके बाद इन वाहन स्वामियों से विभाग सख्ती पेश आएगा। वहीं बड़े टैक्स बकाएदारों से वसूली के लिए 562 वाहन स्वामियों के खिलाफ आरसी जारी करा दी गई है। अब प्रशासन इन बकाएदारों से टैक्स की वसूली करवाएगा। फरवरी के बाद टैक्स न जमा करने पर अन्य बकाएदारों पर भी आरसी के कार्रवाई की योजना बनाई गई है।

> वाहन स्वामियों को बार नोटिस के जरिये बकाया टैक्स जमा करने की चेतावनी दी जा रही है। पेनाल्टी में छूट भी प्रदान किया जा रहा है। बावजूद इसके अपेक्षित रिकवरी नहीं हो पा रही है। फरवरी के अंत तक बकाया टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी।
>
> -पंकज सिंह, एआरटीओ, प्रवर्तन।

# राम झरोखा मंदिर में नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में रामघाट स्थित राम झरोखा मंदिर के वर्तमान महंत राजकुमार दास की अध्यक्षता में नारी शक्ति सेना के बैनर तले नारी शक्ति वंदन व सम्मान समारोह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नारी शक्ति सेना की सैकड़ो जुझारु महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें नारी के अधिकारों व सम्मान एवं सुरक्षा की आत्मनिर्भर बनने पर संस्थापक राजा अशोक सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के राजा अशोक सिंह ने कहाकि नारी शक्ति देश की सर्वोच्च शक्ति है। नारी शक्ति ही प्रदेश के गांव-गांव व घर-घर जाकर जागृत कर नारी बंदन व सम्मान करते हुए आत्मनिर्भर बनाएंगे।

पूर्व मंत्री अशोक सिंह ने आगे बताया 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 21 महिलाओं को नारी रत्न से सम्मानित किया जाएगा।नारी शक्ति सेना के संयोजक गुड़िया त्रिपाठी ने कहा की कोई सताए हमें बताएं तुरंत निदान पायें आगे आएं महिलाओं के मान सम्मान हेतु कुर्बानी देनी पड़ेगी तो पीछे नहीं हटेंगे।

दर्जनों महिलाओं का सम्मान किया गया। सैकड़ो का बंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुड़िया त्रिपाठी पल्लवी सुनीता सुमन मिताली प्रिया रेनू सरिता कलावती करुणा वर्मा काजल पाठक गीता कालिंदी आभा शुक्ला पुष्पा लक्ष्मी मिनाक्षी आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रहीं।

# आ गये मेरे प्रभु राम की मधुर गायन से गूंजा तुलसी उद्यान

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



रामोत्सव तुलसी उद्यान मंच पर वाराणसी के ऋषभ लोकगायन के शास्त्रीय गायन आज रे बधावा बाजे अवध नगर मे, बाजे रे मुरलिया बाजे रे से शुरूआत आत हुई इसके बाद आजमगढ़ के पंडित मोहन मिश्रा के लोकगायन अवध में होली आई रे, राम सिया की अद्भुत होली खेले अवध में होली रे, सच्चे मन से जो अर्जी लगाएगा अपनी सारी खुशियां मर्जी के पाएगा को खूब गया जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया । इसके बाद जम्मू-कश्मीर के बिशन दास जागरना नृत्य जिसे जब दूल्हे की बारात घर से जाती है तब घर के महिलाओं द्वारा आंगन में किया जाने वाला लोक नृत्य जिसे जम्मू के कलाकारो ने किया इसके बाद गोवा के दामोदर सावंत घोड़े मोड़नी नृत्य होली पूर्णिमा के बीतने के पांच दिन बाद किया जाने वाला खुशी के अवसर पर किया जाता है जिसे देख दर्शक झूम उठे । इसके बाद उमेश चंद्र कनौजिया लोकगायन प्रयागराज की रही इसके बाद जितेंद्र परासर मयूर नृत्य उदयपुर की प्रस्तुति रही फिर संगीता शर्मा नृत्य नाटिका नई दिल्ली प्रकाश भट्ट राम की शक्ति पूजा की प्रस्तुति मंच पर हुई इन्होने कहा नारी शक्ति है इसके बाद उत्तराखंड के अल्मोड़ा लोक नृत्य छलिया नृत्य जिसे शुभ कार्यों मांगलिक अवसर कार्यों पर किया जाता है।

## करुणा सिंधु महाराज की पुण्य तिथि पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जानकी घाट बड़ा स्थान पर भव्य विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। महंत रसिक पीठाधीश्वर श्री महंत जनमेजय शरण जी महाराज जानकी घाट बड़ा स्थान, करुणा सिंधु जी महाराज की पुण्यतिथि लगभग 400 वर्षों से पुण्यतिथि प्रतिवर्ष मनाई जा रही है।

बिंदुगद्याचार्य दशरथ महल के बड़े महाराज जी जगतगुरु स्वामी स्वरूपाचार्य जी महाराज कामदगिरि क्षेत्र, महंत कौशल किशोर दास महाराज, बड़े भक्तमाल नागा राम लखन दास, छविराम दास बड़े हनुमान मंदिर, राजेश महाराज जी तीर्थ पुरोहित अध्यक्ष, संतोष मिश्रा मुंबई, अवधेश रतन,अर्जुन दास, सैकड़ो साधु संत और गृहस्थ मौजूद थे विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।कोठारी नंदलाल दास, मुख्य पुजारी गगन देवशरण शरण, पुनीत मुखेजा मुंबई, बिल्डर विनीता किशोरी मैनेजर, चंदन सिंह, बाबा तिवारी, बब्बू मिश्रा, प्रमोद तिवारी, कृपा शंकर मिश्रा, आदि लोग मौजूद थे।

# सरयू नदी के पुराने पुल से युवती ने लगाई छलांग

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



प्रभु श्रीराम की पावन नगरी में ममता पुत्री विनोद कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी पता ग्राम साड़ बस्ती थाना बड़कागांव जिला हजारी बाग झारखंड राज्य की रहनी वाली है जिसने परिवारिक कलह व मानसिक संतुलन खराब होने की वजह से जीवन को समाप्त करने के लिए सरयू पुराने पुल से कूदकर आत्महत्या करने का किया प्रयास जिसको ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने बड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बचा कर बाहर निकाला ड्यूटी पे तैनात जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानन्द यादव, व पुलिस मित्र के विजय कुमार जो रेस्क्यू में शामिल रहे और नया घाट पुलिस चौकी व उनके परिवार को सुपुर्द किया गया।

# घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क साधेंगे भाजपाई: अनुराग त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुआ । इस कार्यशाला में करिअप्पा मंडल के पदाधिकारियों को लाभार्थी संपर्क अभियान के संबंध में जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला को सम्बोधित मंडल अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों तक देश की जनता के लिए अपना पल पल समर्पित किया है। गरीब, किसान, मजदूर, महिला, सहित सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। शायद ही कोई घर परिवार होगा जो मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नही हुआ होगा। उन्होंने अभियान को लेकर पार्टी की योजना रचना पर चर्चा करते हुए कहा कि 25 फरवरी से 05 मार्च के मध्य लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान में लाभार्थी और उनके परिवारजनों से व्यापक स्तर पर सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जाने वाले जन जन का समर्थन जुटाने के लिए लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से जुटने का आह्वान किया। अरविन्द सिंह, तिलक राम मौर्या, दिव्य प्रकाश तिवारी, रमेश पाण्डेय, वीरेंद्र वर्मा, दिनेश कनौजिया, हुकूम केश पाण्डेय, आशा गोंड, रीना द्विवेदी, जयप्रकाश श्रीवास्तव, सचिन शरीन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मोटी रकम लेकर सुल्तानपुर वन प्रभाग में हरे पेड़ों पर चल रहे आरे, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



सुल्तानपुर वन प्रभाग में हरे पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी और आरे चल रहे है और विभाग के जिम्मेदार मूक दर्शक बने देख रहे है। सुल्तानपुर वन प्रभाग के अन्तर्गत कादीपुर रेंज सरकारी पेड़ कटवाने में रेंजर और वन दरोगा की मिली भगत से लगातार मोटी रकम लेकर पेड़ को कटवाया जा रहा है। दिनांक 16 फरवरी को करौली ब्लॉक में ग्राम कटघर पूरे चौहान में मुस्लिम बस्ती के बगल बंजर भूमि में दो भारी महुआ का हरा पेड़ काट लिया गया। बताते चलें कि करौली ब्लॉक में ग्राम कटघर पूरे चौहान में मुस्लिम बस्ती के बगल बंजर भूमि में दो भारी महुआ का हरा पेड़ गुड्डू पासी ठेकेदार द्वारा काट कर ट्रैक्टर ट्राली पर हाइड्रा लगाकर लोड किया जा रहा है। मौके पर हमारे संवाददता पहुँचे तो लकड़ी के संबंध पूछा तो ठेकेदार द्वारा बताया कि वन विभाग के वन दरोगा को रू.6000 देकर काटा है। दारोगा जी कहते है कि पैसा दीजिए परमीशन की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारे सामने ही रेंज अधिकारी कादीपुर से फोन पर बात की उनकी तरफ से परमिशन मिला तभी मैंने कटान किया है। मैं बिना पैसा दिए कटान नहीं करता हूं अधिकारियो की सहमति के बाद ही कार्य करता हूँ मेरा कोई दोष नही है। पूर्व में भी कहीं ये सरकारी पेड़ काटा है। बताते चलें कि 17 जनवरी 2024 को करौदी ब्लॉक में शीशम के दो सरकारी पेड़ काटे गये थे। लकड़ी भी बरामद हुई कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति।

दूसरी घटना 25 जनवरी 2024 को कादीपुर रेंज में ही करौदी कला कटघर के ग्राम सभा बांगर खुर्द में दो पेड़ नीम के एक पेड़ कटहल का काट लिया गया था। उस पर भी कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की गयी। वन प्रभाग की इस कार्यशैली और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समुचित कार्यवाही न करना पूर्णतया प्रकृति को नष्ट करने में संलिप्तता प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रकृति को हरा भरा रखने के लिए प्रति वर्ष करोड़ो पौधें और करोड़ो रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ सरकार की मंशा पर वन प्रभाग के आलाधिकारियों द्वारा पानी फेर जा रहा है एक तरफ तो सरकार पेड़ लगवाती हैं वही दूसरी तरफ इनको कर्मचारी पैसा लेकर हरे पेड़ कटवाते हैं। जब प्रभाग में लगातार हो रहे अवैध कटान के सम्बंध में प्रभागीय वनाधिकारी से बात करने के लिए दूरभाष पर सम्पर्क किया गया तो उनका फोन नही उठा।

# भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सपन्न हुआ शाहगंज महोत्सव

* शाहगंज महोत्सव का शुभारंभ गंगा आरती से हुआ
* सुपर स्टार पवन सिंह, अनुपमा यादव पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह के गानों पर लोग झूमने को हुए मजबूर।





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

धर्म संस्कृति, परंपरा व विलुस हो चुकी गायन व नृत्य को जीवंत करने वाले दो दिवसीय शाहगंज महोत्सव का शुभारंभ पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह, बेदीराम विधायक जखनियां वाराणसी पूर्व चेयरमैन ओम प्रकाश जायसवाल जिला पंचायत सदस्य नीलम सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। ततपश्चात गांग आरती मौजूद लोगों को भक्ति मय कर दिया वैसे तो सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर बाद से ही शुरू हुआ सुर संगीत के लोक नृत्य का समां समय के अनुसार बढ़ते चला। सायंकाल में पूरा कार्यक्रम अपने चरम पर दिखा। हजारों की संख्या में जुटे ग्रामीणों का समर्थन पाकर कलाकार भी जोश में दिखे। दूसरी बार शाहगंज स्थित रामलीला मैदान पर हो रहे शाहगंज महोत्सव के दौरान जब कलाकारों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिला तो महोत्सव अपने चरम पर पहुंच गया। सुर संग्राम के विजेता आलोक कुमार व भोजपुरी सुपर स्टार पवन कुमार सिंह नामचीन गायिका अनुपमा यादव स्वाती सिंह शालीन सिंह के एक से बढ़कर एक गाने पर लोग झूमने को मजबूर हो उठे।

# खेतासराय में हुआ आरएसएस का पथ संचलन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* पूर्ण गणवेश में मौजूद रहे सैकड़ो स्वयंसेवक
* सुरक्षा के मद्देनजर कस्बे में अलर्ट रही पुलिस

**खेतासराय।** नगर पंचायत खेतासराय में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न हुआ। संघ के बैंड के साथ भव्य रूप में सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल रहे। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल कस्बे के सभी प्रमुख चौराहा पर अलर्ट रही। इसके पहले सह विभाग संघ संचालक प्रोफेसर डॉ.अविनाश पाथर्डीकर विभाग अध्यक्ष प्रबंधन अध्ययन शंकाय पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में आदर्श भारतीय महाविद्यालय खेतासराय के प्रांगण में कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी ने 1925 में किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा राष्ट्रीय का मतलब यहां के जो रहने वाले लोग हैं।

उनकी अपनी संस्कृति, उनका अपना विचार और उनके अपने पूर्वज तथा उनके अपने धरोहर उसके प्रति वह बहुत ही भक्ति भाव रखते हैं। केवल भीड़ को अधिक से अधिक व्यक्तियों के समूह को देश या राष्ट्रीय कहना यह कम है। स्वयं सेवक का अर्थ अपने स्वयं की प्रेरणा से देश के लिए कार्यकर्ता हो। वह स्वयंसेवक और इन सबके समूह को संघ कहा जाता है।

**कार्यक्रम में मुख्य**

शिक्षक देवेन्द्र पाण्डेय व प्रार्थना प्रज्वल जी ने कराया। विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख विरेन्द्र, ज्ञानदत्त, सह जिला प्रचारक सुरज, जिला सामाजिक समरसता संयोजक अवधेश पाण्डेय, जिला सामाजिक सद्भाव संयोजक हरिओम, मुकेश, सर्वेश खण्ड संचालक सोंधी, अखिलेश खंड कार्यवाह, काशीनाथ जी, हनुमान जी, खुटहन संघ चालक सुरेन्द्र, रामसिंह सुईथाकला, खण्ड कार्यवाह रामसागर, वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, संजय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष धर्म रक्षक, सुनील यादव( मम्मन) विजय गुप्ता, प्रदुमन तिवारी, प्रद्युम्न, शांति सागर, मनोज समेत भारी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर खेतासराय थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ चक्रमण करते रहे।

## वॉइस ऑफ मीडिया यूनियन की मासिक बैठक संपन्न हुई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रविवार को वॉइस ऑफ मीडिया की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष प्रेम पाठक की अध्यक्षता में जिला कार्यालय नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में हुई। मासिक बैठक में संगठन को लेकर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम पाठक ने सभी पदाधिकारीयो को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने एवं जनपद में एकता हेतु कार्य करने का आग्रह किया। साथी जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने तहसील स्तर की कमेटी बनाने की सहमति जताई और कहा हमारा संगठन अपने पत्रकार साथियों के लिए हर समय तैयार हैं। साथी मौजूद सभी लोगों ने अपने-अपने संगठन के प्रति विचार व्यक्त किया और संगठन को मजबूती करने को कहा। इस अवसर पर सुनील कुमार शर्मा, अनूप त्रिवेदी तारीख खान, ईशान अवस्थी, डॉक्टर इसरार अहमद, राहुल शर्मा, रिशिपाल मौर्य, सर्वेश कुमार, राजेंद्र कौर, मीटिंग में उपस्थित रहे।

# परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसे की वसूली

* सरपतहा थाना क्षेत्र के आधार दर्जन गांवों में भी पुलिस की छापामारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में प्रदेश में 17 व 18 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को नकल विहिन कराने के संबंध में तथा परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता बनाये रखने को लेकर प्रदेश सरकार के शख्त निर्देश पर जौनपुर जनपद के सर्विलांस, एसओजी, साइबर सेल, अभिसूचना इकाई द्वारा लगातार सूचना संकलित करते हुये सोशल मीडिया सेल द्वारा सतर्क दृष्टि बनाए रखने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा हैं जिसके क्रम में 17 फरवरी 2024 को जनपदीय पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है।

उल्लेखनीय हैं कि 17 फरवरी 2024 को जनपद पुलिस कथनानुसार मुखबिर खास ने सूचना दिया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में कुछ लोग सक्रिय है जो उ0प्र0 पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने का झाँसा देकर रुपये की वसूली करने एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धनार्जन कर रहे है तथा निर्धारित एडवांस वसूलने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि आलोक यादव निवासी सिंगरामऊ गिरोह का सरगना है, जो अनुराग सिंह व मनीष सिंह लड़को को परीक्षा पास कराने के लिये उपलब्ध कराते है तथा पैसे का लेनदेन पेटीएम, चेक व अन्य माध्यम से तथा प्रवेश पत्र, मार्कशीट अन्य कागजात को लड़को से लेकर इकठ्ठा करते है तथा आलोक यादव को उपलब्ध कराते है। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

**बरामदगी का विवरण**

- 04 प्रवेश पत्र
- 06 मोबाइल
- 02 चेक बुक
- 01 क्रास चेक
- 01 स्कार्पियो गाड़ी

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण**

- अनुराग सिंह पुत्र अंश कुमार सिंह निवासी थलोई थाना मछलीशहर
- मनीष सिंह पुत्र ज्ञान कुमार सिंह निवासी उपरोक्त
- मयंक सिंह पुत्र श्याम सुन्दर सिंह निवासी खागोपुर थाना मछलीशहर अभ्यर्थी
- अभिषेक सिंह पुत्र अंश कुमार सिंह निवासी थलोई थाना मछलीशहर जौनपुर अभ्यर्थी
- सुरज कुमार पुत्र भवरनाथ निवासी नोरपुर थाना मछलीशहर जौनपुर।
- ड्राइवर फरार अभियुक्त आलोक यादव पुत्र अज्ञात निवासी सिंगरामऊ जौनपुर।
- सरगना फरार अभियुक्त आलोक यादव की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है।

## 10 किलो की गोभी बनी कौतूहल का विषय

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में एक किसान के खेत मे उगी 10 किलोग्राम की एक गोभी का वजन कौतूहल का विषय बना है।इस बड़ी उपलब्धि पर लोग किसान की खूब प्रशंसा कर रहे है।

उक्त गॉव निवासी रामदेव मौर्य एक छोटी जोत के किसान है। वह खेती में हाड़तोड़ मेहनत कर किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करते है। हर वर्ष की भांति इस बार भी वह अपने खेत मे गोभी की फसल लगाए थे। उन्होंने बताया कि वह सब्जी की खेती के लिए अपने खेत में शुद्ध देसी खाद का प्रयोग करते है। इसके अलावा समय समय पर निराई गुड़ाई, सिंचाई व उचित मात्रा में कीटनाशक का छिड़काव करते है। जिससे फसल की पैदावार अच्छी होती है।किसान यदि देशी खाद का प्रयोग खेती में करे तो कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकता है। उनके पास 6 बिस्वा जमीन है। उसी में हर सीजन में खेती करते हैं। कभी खेत खाली नहीं छोड़ते है। 6 विस्वा खेत में 8 हजार रूपये की लागत लगाकर उन्होंने इस बार तीस हजार रुपये से ज्यादा कमाया है। सामान्य से अधिक वजनी गोभी की कीमत सब्जी मंडी में 80 से लेकर 100 रुपये तक है।

## हजरत दादा मियां उर्स का कुरान खानी के साथ हुआ आगाज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में हर साल की तरह इस साल भी हुजूर दादा मियां रहमतुल्ला अलेह का उर्स का आगाज कुरान खानी के साथ हो चुका है जिसमें 19 फरवरी को बहुत ही बड़े पैमाने पर जलसे का आयोजन बाद नमाजे इशा किया जा रहा है जिसमें दूर-दूर से उलमा इकराम और सोहरा इकराम तशरीफ ला रहे हैं सज्जादा नशीन नाजिम मियां ने जन एक्सप्रेस के सह प्रभारी डॉक्टर इसरार अहमद को बताया 20 फरवरी बरोज मंगल को कब्बाली का प्रोग्राम होगा जिसमे मेराज साबरी बदायूं, 21 फरवरी को ताहिर चिस्ती मशहूर टीवी सिंगर, 22 फरवरी दिन जुमेरात जमील शकील फैजान अजमेरी का प्रोग्राम होगा 23 फरवरी को कुल शरीफ होगा 11:00 बजे, कुरान खानी में काफी तादाद में लोग शामिल हुए जिसमे हुजूर शाहजी मोहम्मद और तमाम लोगों ने शिरकत की।

## घर-घर शिक्षा दीप जलाएं, अपनी बेटी अवश्य पढ़ाएं का गूंजा नारा

* बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत गन्ना कालेज के छात्रों ने निकाली रैली

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गांव रंपुरा ताल्लुक महाराजपुर में चल रहा है। शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली। घर-घर दस्तक देकर ग्रामीणों को बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए जागरूक किया। रैली के दौरान गांव में जागरूकता संबंधी नारे गूंजते रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर का संचालन उत्तर प्रदेश शासन तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। रविवार को शिविर का शुभारंभ डा. पिंदर सिंह जी ने किया। प्रार्थना के बाद स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना गीत एवं लक्ष्य गीत गाया। शाहिद खान कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस कार्य योजना से स्वयंसेवियों को अवगत कराया। इसके बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

रैली में शामिल स्वयंसेवी पढ़ी-लिखी बेटी, रोशनी घर की, पढ़े बेटियां बढ़ें बेटियां, घर-घर शिक्षा दीप जलाएं, अपनी बेटी अवश्य पढ़ाएं, शिक्षा जीवन का आधार है, इसके बिना सब बेकार है आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवियों ने टोलियां बनाकर पूरे गांव में घर-घर जाकर लोगों को बेटियों को शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया।

## डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर की जांच

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने जनपद में सम्पन्न कराई जा रही उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के दौरान प्रथम पाली में राजकीय बालिका इण्टर कालेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज एवं सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कालेज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट को कड़े निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये।

# महोत्सव में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे





* क्षेत्रीय विधायक का जताया आभार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले की विधानसभा शाहगंज में चल रहे दो दिवसीय शाहगंज महोत्सव का पहला दिन सैकड़ों बेटी बेटियों की शादी का रहा तो दूसरा दिन दिव्यांगजनो के नाम क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनो के सशक्तिकरण के लिए विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल समेत अन्य उपकरण एवं दिव्यांग छात्राओं को किट देकर उनका हौसला बढ़ाया तो वही शाहगंज की इतिहास में पहले किसी क्षेत्रीय विधायक ने अपने निधि से 28 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कर लोगों के हौसले में पंख लगाया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की तो अपने क्षेत्रीय विधायक के हाथों से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे और दिल से आभार व्यक्त किया विधायक रमेश सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर रही। और जो निरंतर चलता रहेगा उन्होंने कहा कि शाहगंज को प्रदेश में एक आदर्श विधानसभा बनाने के साथ विधानसभा के अंतिम पंक्ति में विकास की बांट जोह रहे लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा कर उनके हौसलों को बढ़ाने का कार्य निरंतर चलता रहेगा।

इस दौरान अमरावती ग्रुप के अध्यक्ष रजनीकांत मिश्रा बबलू मिश्रा पूर्व विधायक बांकेलाल सोनकर बेचन सिंह शिक्षक नेता प्रशांत मिश्र सतीश सिंह सुधाकर सिंह पंकज सिंह रणंजय सिंह दुष्यंत मिश्र समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फावड़े से पत्नी की हत्या

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र में गांव ढेरम मड़रिया निवासी युवक ने अपनी पत्नी की फावड़ा से प्रहार कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर रविवार सुबह मृतका के मायके वाले पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है। पीलीभीत के गांव ढेरम मड़रिया निवासी युवक ने अपनी पत्नी की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है। घटना को अंजाम देने के बाद पति फावड़ा व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले पहुंचे। सूचना पर थाना पुलिस पहुंची। एएसपी व सीओ सिटी भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्व मंत्री ने संभ्रांत लोगों के साथ आगामी लोक सभा चुनाव की रणनीति बनाई

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा



कस्बे में नगर के संभ्रांत लोगों की एक बैठक समपन्न हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने भी शिरकत की बैठक में मौजूद बरखेड़ा नगर के प्रमुख लोगों ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की एक स्वर में अपनी आवाज़ उठाते हुए पुरज़ोर अपील की।

बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि आपके चुनावीं मैदान में उतरने पर पूरी ताकत और जोश ओ ख़रोश से लोकसभा चुनाव लड़कर कामयाबी हासिल की जायेगी

बैठक में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने देश और प्रदेश के मौजूदा हालात चुनावीं मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं पर बात की बैठक में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, सभासद नफ़ीस अहमद अन्सारी, सभासद मो. इलियास कुरैशी, सभासद क़मरुल अन्सारी, मो.असलम अंसारी, हाफ़िज़ इन्तिज़ार अहमद सिद्दीकी, मो. अनीस अंसारी, अलाउद्दीन मंसूरी, बशीर अहमद सिद्दीकी, मो. रज़ा अंसारी, हाजी नफ़ीस अहमद अंसारी, कमालुद्दीन मंसूरी, शम्सुल हसन अंसारी, रफ़ीक अहमद सिद्दीकी, मंजूर अहमद अन्सारी, बशीर अहमद इदरीसी, लियाकत मंसूरी, आसिम रज़ा अंसारी, मो. यासीन कुरैशी, इमरान रज़ा अंसारी, अनीस खां दियूरियां वाले, शहनशाह वली मंसूरी व अनीस अहमद अन्सारी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

### कैमरों में कैद नहीं हुई मादा भालू और तेंदुआ की तस्वीर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर। हरीपुर रेंज के जगल में मादा भालू और वायरलेस रूम के पास तेंदुआ और उसके शावकों की लोकेशन जानने के लिए वन विभाग द्वारा सात कैमरे लगाए गए हैं। वन विभाग की टीम ने कैमरों को चेक किया। कैमरों में न तो भालू और न ही तेंदुआ व शावकों की तस्वीर कैद हुई है। हालांकि वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट 84 में नौ फरवरी को वन विभाग की टीम को गश्त के दौरान भालू के एक माह के बच्चे का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत निमोनिया की बजह से होना पाई गई थी। वन्यजीव की मौत से वन अफसरों द्वारा निगरानी टीम को और अलर्ट कर जंगल में गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए।मादा भालू के स्वास्थ्य की जानकारी और उसकी लोकेशन जानने के लिए जिस स्थान पर भालू के बच्चे का शव मिला था उसके इर्द गिर्द कंपार्टमेंट नंबर 84,85 में पांच कैमरे लगाए गए। वहीं इसी रेंज में वायरलेस रूम से महज तीन सौ मीटर दूर गांव नजीरगंज के गन्ने के खेत में तेंदुआ और शावक देखे गए थे। उनकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए भी वन विभाग द्वारा दो कैमरे लगाए गए। हरीपुर रेंजर वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गन्ने के आस-पास भी तेंदुआ और शावकों की चहल कदमी नहीं देखी गई। उनके पगचिन्ह जंगल में जाते हुए मिले हैं। हालांकि उसकी तस्वीर कैमरे में कैद नहीं हुई है। वहीं मादा भालू भी कैमरे में कैद नहीं हुआ है। वन विभाग की टीम दोनों जगहों पर निगरानी कर रही है।

# धनारा घाट पर महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

* एक सप्ताह तक आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों के साथ दी कराई जाएगी आहुतियां

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



शारदा नदी के धनारा घाट पर रामनगरिया मेला चल रहा है। रविवार को श्री रूद्र महायज्ञ की शुरुआत को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंच कर भाग लिया है।

माघ माह में शारदा नदी के धनारा घाट पर श्री लाल बाबा रामनगरिया मेला में सैकड़ो साधु महात्मा कल्पवास में हैं। रविवार से श्री रूद्र महायज्ञ की शुरुआत को लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा शारदा नदी से जलाभिषेक कर कलश यात्रा निकाली गई है। इस दौरान सभी श्रद्धालू गाजे बाजे की धुन से लीन हो गए हैं। कार्यक्रम के आयोजन श्री राम जानकी मंदिर पूरनपुर के महंत बाबा राघवदास ने बताया है। श्री रूद्र महायज्ञ बेदी पूजन के साथ शुभारंभ कर दिया गया है। जिसका 24 फरवरी तक लगातार यज्ञ आचार्य पंडित चंद्रभूषण मिश्रा द्वारा वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दिलाए जाएंगी। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर आचार्य नवनीत शुक्ला, पंडित मनुराम, यजमान अखिलेश दीक्षित, दिलीप बाजपेई, सेवाराम मौर्य, महेंद्र वर्मा, सुरेंद्र दास, चेतन दास, कृष्ण दास, मनमोहन दास, दीनदयाल दास समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# डीजी कारागार ने जेल का निरीक्षण कर परखी हकीकत

* गंदगी पर जताई नाराजगी, दिए साफ सफाई के निर्देश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



शनिवार देर शाम जिला जेल में डीजी कारागार औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। उन्होंने अधिकारी व कर्मियों को बंदियों की समस्याओं को ध्यान में रखकर निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने जेल में बन्द कुख्यात अपराधियों की बैरक खंगालने के साथ ही अन्य बैरिकों की भी गहनता से जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी। करीब एक घंटे तक निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया।

बताते चले कि डीजी कारागार सत्य नारायण साबत शनिवार की देर शाम अचानक जिला जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ियां रुकते ही जेल गेट पर लगे सुरक्षा कर्मी हरकत में आ गये। जेल अधीक्षक अलावा अन्य स्टॉफ के लोगों ने अधिकारियों को जेल का भ्रमण कराया। इस दौरान साफ-सफाई के साथ ही सभी बैरकों का निरीक्षण करने के बाद भोजनालय में बंदियों और कैदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी। इस दौरान जेल में मेरठ के बन्द कुख्यात अपराधियों की बैरक खंगाली लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नही हुयी। अफसरों ने जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिये। अधिकारियों को जेल में बंद बंदियों को अच्छे भोजन के साथ ही मेस में साफ-सफाई रखने के लिये भी निर्देशित किया।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर: महिला की मौत, दो घायल

* पिता और ससुर के साथ मायके जा रही थी मृतका
* सदर कोतवाली के गदनखेडा चौराहे पर दोपहर हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सदर कोतवाली क्षेत्र में गदनखेड़ा चौराहे पर रविवार दोपहर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसके साथ रहे पिता व ससुर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के कन्हईखेड़ा गांव निवासी पूजा (26) पत्नी उमेश पाल अपने मायके बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव स्थित अपने मायके आई थी। उसका ससुर बुद्धिलाल पुत्र स्व. सरयू प्रसाद उसे लेने आया था। रविवार पूजा का पिता राम प्रकाश पुत्र स्व. राम जीवन अपने समधी और बेटी को बाइक पर बैठा का शहर के हरदोई पुल पर बांगरमऊ जाने वाली बस पर बैठने आ रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के गदनखेड़ा चौराहे पर उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों नीचे जा गिरे। ट्रक के पहिए तले आने पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिता और ससुर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी दो परिवारों में कोहराम मच गया।

**पुलिस को सोशल मीडिया पर देनी पड़ी सफाई**

हादसे को लेकर सोशल मीडिया यह चलने लगा कि मृतका सिपाही भर्ती का पेपर देकर लौट रही थी। यह देख पुलिस चौकन्ना हो गई। आनन फानन पूरा ब्योरा निकालने के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए यह स्पष्ट किया कि मृतका पेपर देकर नहीं बल्कि अपने पिता और ससुर के साथ मायके से ससुराल जा रही थी।

# जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 शिप्रा झा ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 79 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी महिला ने बच्चों को जन्मा



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

रविवार को प्रथम पाली में पुलिस भर्ती की परीक्षा देने आई बीघापुर पाटन निवासी महिला अभ्यर्थी सुनीता शुक्लागंज के कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में आई थी। वह 9 माह के गर्भ से थी परीक्षा देने के दौरान उसे अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। जिसकी जानकारी उसने कक्ष निरीक्षक को दी।

जिसके बाद केंद्र व्यवस्थापक ने आलाधिकारियों को अवगत कराया। आनन-फानन महिला को प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां अस्पताल में कोई भी महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं रही। जिस पर काफी देर तक महिला अस्पताल में कराहती रही। किसी तरह पुरुष स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे स्ट्रेचर से प्रसव रूम में लेकर गए। जहां अस्पताल में मौजूद ट्रेनी महिला स्वास्थ्य कर्मी ने उसे संभाला। इस दौरान उसने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद महिला के परिजनों को जानकारी दी गई सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे।

# सिद्ध पीठ काली मठिया का 53वां स्थापना दिवस मनाया



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में रविवार को शास्त्री नगर स्थित श्री मां काली भवानी जी के सिद्ध पीठ काली मठिया के 53वें स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में तमाम क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों के आशीर्वाद और समन्वय से 53 गरीब कन्याओं का पूजन-अर्चन कर मां काली भवानी प्रांगण में बस्ता कापी किताब वितरण किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक मुन्ना चौहान भोजपुरी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी भाजपा नेता शैलेंद्र दीक्षित अरुण मिश्रा अजीत श्रीवास्तव फैजुद्दीनअजीत सिंह बाऊ विनोद पुरी डॉक्टर मनप्रीत सिंह मनोज लाला सीताराम पासवान इंद्रजीत आहूजा आदि भक्त लोग शामिल थे।

# 11 वर्षों बाद शहीद नित्यानंद की मूर्ति लगाये जाने को लेकर हुआ भूमि पूजन


जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे/कोमल सिंह



**चौबेपुर।** 11 वर्षों के बाद आखिरकार आईटीबीपी के जवान शहीद नित्यानंद की मूर्ति लगाई जाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से भूमि आवंटित कर दी गई है। अब जल्दी ही तमसाहा गांव के बाहर हाईवे के किनारे पार्क बनाकर शहीद नित्यानंद की मूर्ति स्थापित की जाएगी। आपको बताते चलें 16 जून 2013 यानी ठीक 11 वर्ष पहले उत्तराखंड में बादल फटने से विनाशकारी बाढ़ ने कई शहरों और गांव को तबाह कर दिया था। इस बाढ़ में हजारों की संख्या में लोग बह गए थे। जिसमें से कई लोगों के शव आज तक नहीं मिल सकें हैं। इसके बाद विनाशकारी बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए उत्तराखंड में आईटीबीपी के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा लोगों की तलाश किए जाने को लेकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान हेलीकॉप्टर में सवार आईटीबीपी के जवान नित्यानंद हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने की वजह से शहीद हो गए थे। जिसके बाद उनके शव को उनके गांव ले जाया गया था। तब से उनके परिवार वालों और ग्रामीणों को शहीद नित्यानंद की प्रतिमा लगाए जाने का इंतजार था। बीते 11 सालों के बाद चौबेपुर के तमसाहा गांव के पास हाईवे किनारे शहीद नित्यानंद की मूर्ति लगाई जाने के लिए भूमि पूजन किया गया है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। भूमि पूजन के दौरान ग्राम प्रधान अरविंद यादव सोनू गुप्ता के अलावा आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद रहे।

# ससुराल से लौटे युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



असोहा थाना क्षेत्र में ससुराल से लौटे युवक ने संदिग्ध हालातों में घर के बाहर नीम के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटक कर जान दे दी। बेटे का शव लटका देख मां की चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

असोहा थाना क्षेत्र के इमिलहाखेड़ा निवासी चौकीदार शिवशंकर का 28 वर्षीय बेटा पंकज शनिवार को पुरवा क्षेत्र के गांव मनिकापुर ससुराल मे साली की शादी मे गया था। जहां से देर रात घर वापस आया था। पंकज के कुछ परेशान दिखने पर मां कुसमा ने बेटे से पूछा तो उसने कुछ बताया नहीं। जिस पर मां अंदर चली गई। पंकज के अंदर ना आने पर थोड़ी देर बाद कुसमा बाहर आई तो घर के बाहर स्थित नीम के पेड़ मे रस्सी के सहारे बेटे पंकज को लटका दंग रह गई। कुसमा ने खेत मे फसल की रखवाली कर रहे पति शिवशंकर को सूचना दी। शिवशंकर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। मृतक के पिता शिवशंकर ने बताया कि पंकज कुछ दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था।जिसके चलते यह कदम उठा लिया। पंकज की मौत से मां कुसमा, पत्नी नीतू, भाई मनोज रो रोकर बेहाल थे। एसओ राजबहादुर ने बताया कि पिता ने आत्महत्या की तहरीर दी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कड़ी निगरानी में संपन्न हुई परीक्षा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सुबह दस बजे से बारह बजे के बीच पहली सिपाही भर्ती की परीक्षा संपन्न कराई गई। उन्नाव आस पास व दूर दराज से अपने अभिभावकों के साथ अभ्यार्थी परीक्षा केन्द्रों पर सुबह से ही पहुंचने लगे थे। जहां कक्ष में प्रवेश करने से पहले सभी अभ्यार्थियों की मेटल डिडेक्टर से चेकिंग की गई। परीक्षा में कहीं साल्वर गैंग सक्रिय न हो, इसके लिये परीक्षा केन्द्रों में जैमर लगाये गये थे। वहीं सभी परीक्षा केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी देखी गई। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुये थे। इसके अलावा कक्ष में पहुंचने से पहले सभी अभ्यार्थियों की मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की गई। इसके साथ ही कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस काम न करे, इसके लिये केन्द्रों में जैमर लगाकर मोबाइल नेटवर्क बंद किए गये। वहीं कक्ष में कोई सॉल्वर या मुन्ना भाई न पहुंचे, इसके लिये दोनों पालियों में अभ्यार्थियों की बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस हुई। जहां परीक्षा शुरू होने से पहले एक बार बॉयामैट्रिक हुआ। जिसके बाद परीक्षा के समापन से पहले कराई गई।

### ट्रैक्टर से गिरा श्रमिक पहिए तले आया, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में चलते ट्रैक्टर से गिरा श्रमिक ट्राली के पहिये के नीचे आकर गंभीर घायल हो गया। साथ रहा चालक उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के कस्बा ऊगू के मोहल्ला नेवादा निवासी विनोद (35) रविवार को माथर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक सोनू के साथ सरसों की मड़ाई मशीन पर काम करने के लिए गांव सहरिया बंगला जा रहा था। सुबह करीब 10:30 बजे खैरी गुरुदासपुर मोड़ के पास चालक ने ट्रैक्टर में अचानक ब्रेक लगाई। इस पर साथ बैठा विनोद उछलकर ट्रैक्टर ट्राली के पहियों के नीचे आकर गंभीर घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विनोद मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। विनोद की मौत से मां बृजरानी, पत्नी अनीता, बेटी सायरा और पूजा बेहाल हैं। थानाध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

### दबंगों ने डंडा मारकर किया घायल, शिकायत

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। गांधीनगर निवासी संजय वर्मा की कानपुर चौक में सोने चांदी की दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद कर दी। जिसके बाद पुल पर जाम लगा होने पर बेटे करन को स्कूटी दे दी और पैदल नवीन पुल के फुटपाथ से घर जा रहे थे। इस दौरान रात लगभग साढ़े दस बजे उनके साथ गांधीनगर निवासी राजू सोनी भी पैदल आने लगे। उन्होंने बताया कि पुल पर पैदल जाने के दौरान बाइक सवार एक युवक से कहा सुनी हो गई। जिस पर शुक्लागंज नवीन पुल जीने के पास युवक ने अपने एक अन्य साथी को बुला लिया और संजय के सिर पर डंडा मार दिया जिससे वह गिर गए। आरोप है कि उन्हें जीने से खींचते हुए नीचे ले गए जहां उनके साथ लाठी डंडे और बेल्ट से मारपीट की। इस दौरान उनकी उंगलियों में सोने की तीन अंगूठी, गले में पड़ी चैन और जेब में रखी नगदी छीन ली। घायल अवस्था में वह कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा। इस बाबत कोतवाली प्रभारी रामफ़ल प्रजापति ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। लूट के आरोप की जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल जा रहे हैं। इसके साथ ही पूछताछ के लिए पांच युवकों को गंगा घाट कोतवाली लाया गया है।

### संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला युवक, चिकित्सक ने किया मृत घोषित

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर विक्रमखेड़ा मार्ग पर एक बाग के समीप संदिग्ध हालात में पड़े युवक को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रामगंज के समीप नरेन्द्र कुमार पुत्र सर्वजीत उम्र 40 वर्ष करीब निवासी कोड़वा अटेसूआ थाना दही को एक बाग के पास रविवार शाम संदिग्ध अवस्था में पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को एम्बुलेंस से नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाईल से पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी पर सीएचसी पंहुचे बड़े भाई संजय ने बताया कि मृतक उसका छोटा भाई है। वह तीन भाई हैं और मृतक उससे छोटा था। उसकी पत्नी सोनाली बीते 15 दिन से अपने मायके बाराबंकी में थी। उसकी शादी करीब 17 साल पहले हुई थी। मौत की जानकारी पर पत्नी समेत बेटी मोहनी और बेटे आदर्श का रो-रो कर बुरा हाल था। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है। मौत का कारण वही से पता चल सकेगा।

# राजेपुर गांव मे न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने पर भी जबरन जमीन पर कब्जे का आरोप

* नायब तहसीलदार ने यथा स्थिति बनाए रखना के लिए पहुंचकर हिदायत दी थी।

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी लाल मोहम्मद ने गांव के ही जंटर व उनके सहयोगियों द्वारा किया जा रहा जबरन जमीन पर कब्जा की शिकायत स्थानीय पुलिस एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है और न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाबजूद गांव के जंटर एवं उसके सहयोगियों द्वारा जबरन जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था । जिसकी सूचना पीड़ित लाल मोहम्मद ने डायल हंड्रेड पुलिस से की मौके पर पहुंची पुलिस ने जबरन जमीन पर निर्माण कर रहे लोगों को रोका और कहा जब तक न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है तब तक कोई निर्माण कार्य नहीं करेगा वहीं पीड़ित द्वारा विरोध करने पर पीड़ित व उसके परिजनों को उपरोक्त लोगों से जान माल का खतरा जताया है। पीड़ित लाल मोहम्मद ने पुलिस प्रशासन व तहसील दिवस में कई बार शिकायत की लेकिन निस्तारण आज तक नहीं हुआ। आए दिन महिलाएं व बच्चे आगे आकर फावडा आदि लेकर पिलर खड़ा करने की फिराक में है जबकि सरिया का जाल का पिलर बना हुआ हमेशा उनके यहां मौजूद रहता है मौका पाकर वह पिलर खड़े कर सकते हैं सूचना पर हंड्रेड डायल ने पहुंचकर हिदायत देकर वहां से सभी को भगा दिया था लेकिन वह लोग रात-विरात कोई भी काम कर सकते हैं। बिल्हौर नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश राजपूत ने बताया कि मौके पर जाकर दोनों पक्षों को हिदायत दी थी कोई भी दरमियां मुकदमा कब्जा नहीं करेगा इसके बाद भी अगर वह लोग नहीं मान रहे हैं मौके पर लेखपाल को भेज दिया गया है अगर नहीं मानते हैं तो सोमवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर हिदायत देंगे और अगर नहीं मानते हैं तो मुकदमा भी पंजीकृत करा देंगे।

# मकनपुर मेला: जमीन का पिछले वर्ष से 2 गुना किराया वसूला, दुकानदार परेशान





जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के नहीं उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला मकनपुर बसंत पंचमी को सबसे अधिक भीड़ होती इसमें देश-विदेश के भक्त आते हैं कुछ लोग मेला देखने और कुछ अपनी मुराद पूरी होने पर माथा टेकने आते हैं बसंत मेला भी बहुत बड़ा लगता है। पिछले वर्ष मेले में दुकानदारों से जमीन का लगभग रू 5000/- किराया वसूला गया था। वह इस वर्ष रू10000/- लिया जा रहा है । उसकी कोई भी रसीद नहीं दी जा रही है। निशानेबाजी की दुकान लगाने वाले कन्नौज जिले के गुरसहायगंज से आए मोहम्मद नुसरत पुत्र साजिद ने बताया कि पिछले वर्ष जमीन का किराया लिया था इस वर्ष दो गुना कर दिया गया है अब 5 फुट चौडाई और 4फुट लम्बाई की जगह में एक बल्ब जलाने के लिए भी रू1000/- लिया जाता है उसकी रसीद दी गई है लेकिन जो किराया रू10000/- लिया गया है उसकी कहीं पर कोई रसीद नहीं दी गई है। जब दुकानदारी है नहीं तो कहां से पैसा आएगा जो पैसा हमने मेले में दिया है वह पैसा ही नहीं वसूल पाएगा तो एक माह तक हमारे द्वारा की गई मेहनत और खाना खर्च कहां से निकालेंगे अगले वर्ष मेला की तरफ तो देखना भी नहीं पसंद करेंगे लेकिन मदार साहब के दर्शन करने जरूर आऊंगा। बाराबंकी, देवा शरीफ से आए रईस ने बताया कि मदर पराठा शाही हलवा ईद आइटम बनाने के लिए दुकान लगाई थी पिछली बार से इस वर्ष दोनों किराया देना पड़ा है और एक बल्ब का रू1000/- लिया गया है क्या देंगे हम अपने कारीगरों को क्या हम बचाएंगे जब दुकानदारी होती है तब तो देना भी अच्छा लगता है। अब अपने घर से कारीगरों को पैसा दिया जाएगा बहुत महंगे हैं हम ही नहीं पूरा मेले में दुकानदार हाय तौबा मचाए हुए हैं सुविधाओं के नाम पर शून्य है। हरदोई जिले के बिलग्राम राघवपुर से आए चांद मियां ने दम मदार बेड़ा पार के नारे लगाते हुए मदार शरीफ के समीप कार्यालय के निकट एक चबूतरे पर शाही तलवार रखी हुई है जिसको उठाने के लिए नौजवान अपनी ताकत का जोर



आजमाइश करते हैं जिसको चांद मियां ने उठकर काफी देर हाथों पर ताने रहे जिसको देखकर वहां पर मौजूद और उनके साथियों ने तालियां बजाई और उनके ऊपर से पैसे उतार कर वहां बैठे बच्चों को दिए मेला में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है और सफाई कहीं पर भी नहीं है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए।

# थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह का गर्मजोशी के साथ संपन्न हुआ विदाई समारोह



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली प्रभारी का बीते दिनों उच्च अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह का महाराजपुर क्षेत्र के लिए तबादला कर दिया गया था उनकी जगह पर केशव तिवारी ने संभाला थाना प्रभारी बिल्हौर का कार्यभार। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह के विदाई समारोह में पुलिस हमराहियों के साथ-साथ नगरवासी, अधिवक्ता, प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, पत्रकार आदि उपस्थित रहे। सभी ने फूलमाला पहनाकर बड़े भाव के साथ शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए विदाई दी। थाना प्रभारी ने चौकीदारों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और सभी से गले मिले। जाते जाते सभी गीले सिकवे दूर कर प्यार मोहब्बत का दिग्दर्शन हुआ। सभी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। बैंड बाजा और फूलमालाओं के साथ में टोपी पहनकर सभी से पुलिसकर्मियों ने विदाई दी आर्य उक्त अवसर पर नानामऊ जिला पंचायत कुअर गगन सिंह, पूरा प्रधान अभिजीत सिंह चौहान, पूर्व प्रधान भंवर सिंह चौहान, गुड्डू सिंह, सदस्य रविनेश यादव, शिवशरण तिवारी, रामसिंह भदौरिया, अमित श्रीवास्तव, मेराज अहमद, ग्राम प्रधान बीरेंद्र कटियार, शीलू अग्निहोत्री, रामजी यादव, जनार्दन यादव, कमल सिंह, संदीप मिश्र, इंदु शुक्ला, गिरीश चंद्र वर्मा, दीपेंद्र सिंह, अजय कटियार, वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष उर्फ इंदू शुक्ला और सुरेंद्र सिंह गले लगा कर अपने आंसू ना रोक सके आदि दर्जनों संभ्रांत अधिवक्ता, पत्रकार संजय त्रिपाठी, मोहम्मद रिजवान आदि एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# कानपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा एक और साल्वर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन 18 तारीख को परीक्षा केंद्र ठाकुर बिशंबर सिंह इंटर कालेज गुजैनी में उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल की प्रथम पाली की परीक्षा संपादित कराई जा रही थी। परीक्षा के दौरान ही कॉलेज प्रशासन ने गुजैनी थाना पुलिस को सूचना दी। एक अभ्यर्थी जिसका नाम सतीश सिंह है जिसका रोल नंबर 5620478 है और वह कक्ष संख्या 8 मे परीक्षा दे रहा है। उसका कक्ष मे दूसरा बायोमेट्रिक मिलान नही हो रहा है एवं संदिग्ध लग रहा है। हमे शक है कि यह अभ्यर्थी किसी अन्य अभ्यर्थी की परीक्षा दे रहा है। सूचना पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने अभ्यर्थी से परीक्षा उपरांत कक्ष संख्या 8 मे पहुंचकर संदिग्ध से पूछताछ करी, तो अभ्यर्थी ने बताया कि मेरा नाम सौरभ सिंह पुत्र दिनेश है। मै ग्राम पचोली पोस्ट रामखेड़ा थाना रामखेडा जिला भरतपुर का निवासी हूं। मै सतीश सिंह के स्थान पर परीक्षा देने आया हूं। पूछताछ के बाद गुजैनी पुलिस द्वारा उसे हिरासत मे लेकर मुकदमा दर्ज किया लिया गया है और आरोपी को जेल भेजने की तैयारी करी जा रही है।

# मकनपुर मेला: शौचालय की जमीन पर दुकान लगवा वसूला जा रहा किराया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक मेला मकनपुर का हाल बेहाल है शासन प्रशासन से लेकर उच्च अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन जिला योजना के अंतर्गत निर्मित शौचालय व स्नानागार को मेला के दौरान तिपाल से ढक दिया गया और आसपास की जगह और चबूतरा दुकानदारों को किराए पर उठा दिया गया।

आखिरकार सरकार का पैसा जो किसानों की गाढ़ी कमाई का पैसा होता है उसको सरकार विकास कार्य में लगाती है लेकिन विकास कार्य के नाम पर मकनपुर मदार साहब की मजार के समीप में कुछ वर्षों पहले आने वाले यात्रियों के लिए सुविधा के लिए शौचालय व स्नानागार बनाया गया था वहां पर मकनपुर मेला सचिव और कमेटी की देखरेख में शौचालय बिल्डिंग को तिरपाल से ढक दिया गया और उसके पास की दुकान/जगह किराए पर उठा दी गई जब दुकानदारों से पूछा तो उन्होंने बताया इस संबंध में हमसे बात ना पूछो वरना हमारी बुराई हो जाएगी जब वहां पर संवाददाता ने नजदीक से जाकर देखा तो तिरपाल के पीछे विशाल काय बिल्डिंग स्नानागार और शौचालय बना हुआ है जिसमें ताला बंद है बाहर से तिरपाल से ढक दिया गया है।

इस संबंध में जानकारी के लिए इसी तहसील मेला प्रांगण में बनी हुई है वहां पर जाकर देखा तो कोई भी कर्मचारी बिल्डिंग में मौजूद नहीं था।

INVEST UP



# निवेश का महाकुंभ

₹ 10 लाख करोड़+ की निवेश परियोजनाएं

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —

34 लाख+ नौकरी के अवसर

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति



इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब



एयरपोर्ट प्रदेश

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री, भारत सरकार

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



एम.एस.एम.ई. हब



मेट्रो प्रदेश

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'**
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन
एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

**जसवंत सिंह सैनी**
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा
औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश



डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर



एक्सप्रेस प्रदेश

*एवं अन्य गणमान्य महानुभाव*

**दिनांक : 19 फरवरी, 2024 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे**

**स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ**

लाइव प्रसारण

DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh

एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश